e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 242

मंगलवार

03.09.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

दुनिया उन्हीं पर भरोसा करती है, जिन्हें खुद पर भरोसा होता है!


झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND










## नई दिल्ली में नवनिर्मित

# न्यू झारखण्ड भवन का उद्घाटन

**श्री हेमन्त सोरेन**

**माननीय मुख्यमंत्री**

झारखण्ड के कर कमलों द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**डॉ. रामेश्वर उराँव**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग

दिनांक: 03 सितम्बर 2024
समय: अपराह्न 3:00 बजे
स्थान: बंगला साहिब रोड, नई दिल्ली

**भवन की खासियत**

- **G+7 भवन**
- भवन का क्षेत्रफल **9515.95 Sq.Mtr**
- भवन का कुल साइट क्षेत्रफल **2808 Sq.Mtr**
- **45** गेस्ट रूम, **18** सुइट रूम और **2 VVIP** सुइट
- **100** से अधिक डबल कार पार्किंग की व्यवस्था
- **वर्षा जल संचयन** की व्यवस्था
- **पर्यावरण अनुकूल** सुविधाएं
- **अपशिष्ट प्रबंधन** की व्यवस्था




**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

PR NO-334484 (IPRD) 24-25

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पलामू में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया मैराथन बैठक

## पलामू के पांचों सीट पर लहराना है जीत का परचम : मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भाजपा पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पलामू में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा की हमारा ध्यान बूथ पर केंद्रित रहना चाहिए। जहां हम कमजोर हैं वहां हम सभी को मिलकर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। लोकसभा में हुई जीत कार्यकर्ताओं की जीत है। इस बार विधानसभा में पलामू की पांचों सीट पर हम जीत का परचम लहराने वाले हैं। क्योंकि आज से हर जिला मंडल और बूथ स्तर तक के प्रवासी पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जो विधानसभा चुनाव होने तक वहां पूर्णकालिक बनकर प्रवास पर रहेंगे। उनके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हर घर और हर कार्यकर्ता से उनका संपर्क स्थापित होगा। उत्तर प्रदेश के सड़क एवं परिवहन मंत्री एवं पलामू एवं गढ़वा के सभी विधिनसभा के प्रभारी दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के प्राण हैं। मैं प्रभारी होने के नाते उनके सम्मान की रक्षा करूंगा। कार्यकर्ताओं का सम्मान और वरिष्ठों के आदर के साथ हम आगे बढ़ेंगे। झारखंड की जनता को जागरुक करते हुए यहां के गूंगी बहरी सरकार को उखाड़ फेंकना है।प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सड़क एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का पलामू में प्रभारी बन के हमारे बीच आना ही हमारी उपलब्धि है। प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता देश व समाज के लिए पूरी तरह समर्पित होकर कार्य करते हैं। चतरा सांसद सह पलामू जिला प्रभारी कालीचरण सिंह ने कहा की कार्यसमिति की बैठक करने का उद्देश्य सांगठनिक संरचना व मजबूती पर विचार करना होता है।बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया।बैठक में मुख्य रूप से विधायक आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, पुष्पा देवी, अरूणा शंकर, पूर्व सांसद मनोज कुमार, घुरन राम, श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, नरेंद्र पांडे, सोमेश सिंह, शिवकुमार मिश्रा एवं काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जपला स्टेशन पर मेगा ड्राइव में एक दर्जन व्यक्ति पकड़े गए

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पलामू पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा बिना टिकट रेल यात्रा करने पर लगाम सहित यात्री जागरूकता हेतु लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के निर्देश पर रेलवे सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में जपला स्टेशन पर टिकट चेकिंग का मेगा ड्राइव चलाया गया। इस मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव में वाणिज्य अधिकारी के साथ टिकट चेकिंग कर्मी व आरपीएफ कर्मी तैनात रहे।सीटीआई ने बताया कि मेगा ड्राइव में विशेष कर पैसेंजर ट्रेनों, इंटरसिटी ट्रेनों तथा अनारक्षित श्रेणी के कोच में गहन टिकट चेकिंग की गई है। अभियान के दौरान टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ।उन्होंने बताया कि इस तरह के मेगा टिकट चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें। यह दंडनीय है। रेलवे का सहयोग करें और सभी की सुविधा हेतु सदैव रेल टिकट लेकर चयनित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।



## धर्म परिवर्तन कर रहे लोगों को ग्रामीणों ने जमकर पीटा, किया पुलिस के हवाले

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डंडई प्रखंड के सोनेहारा गांव में महिलाओं को झांसे में लेकर और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहे तीन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा और उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। डंडई पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।मामला डंडई प्रखंड के सोनेहारा गांव का है। गांव के जोरीडमर टोला पर कल तीन लोग आधा दर्जन महिलाओं से ईसाई धर्म से संबंधित प्रार्थना कर रहे थे। इसके बाद ग्रामीणों ने तीनों की जमकर पिटाई की। इसके बाद डंडई थाना पुलिस को बुलाकर उन्हें सौंप दिया।ग्रामीणों ने जिन तीन लोगों को पुलिस के हवाले किया उनमें पलामू जिले के पंडवा का विकास मेहरा और सोनेहारा के चंद्रदेव राम और मोहन राम शामिल हैं। ये तीनों पिछले 1 साल से इलाके में घूम-घूम कर धर्म परिवर्तन का काम कर रहे हैं।ये महिलाओं को अपने झांसे में लेते हैं। बीमारी से मुक्ति दिलाने सहित कई तरह का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। इधर थाना प्रभारी ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## गढ़वा जिले में लगातार विस्तार कर रही है आजसू पार्टी : दीपक

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रंका प्रखंड के युवा समाजसेवी आदित्य कुमार गुप्ता एवं धर्मेंद्र बैठा ने पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों तथा सुदेश महतो के विचारों से प्रभावित होकर आज अस्थाई जिला कार्यालय में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह एवं जिला प्रवक्ता विकास कुमार ने संयुक्त रूप से पार्टी का पट्टा पहना कर उक्त दोनों नेताओं को पार्टी में शामिल कराया। पूरे राज्य में बालू की लूट मची है। सदर अस्पतालों में दवा नहीं है। ऐसे में सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार को यहां की जनता सबक सिखाएगी। केंद्रीय सचिव चंपा देवी ने कहा कि महिलाओं पर राज्य में अत्याचार बड़ा है लेकिन सरकार मुख्य दर्शक बनी हुई है। प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने कहां की चुनाव पूर्व किए हुए एक भी वादे हेमंत सरकार ने पूरा नहीं किया।



## उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान युवाओं की मृत्यु पर एनसीपी गंभीर



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्पाद सिपाही परीक्षा के लिए अलग-अलग जिलों में चल रही दौड़ प्रतियोगिता के दौरान अबतक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मौत की इन घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस मामले को लेकर गंभीर नहीं हैं। यह सरकार युवाओं को नौकरी के नाम पर मौत देने का काम कर रही है। उनका समुचित इलाज नहीं होने से भी उनकी जान जा रही है। दीपक पासवान दौड़ के दौरान 28 अगस्त को अचेत हो गए थे। रांची के मेदांता में उनका इलाज चल रहा था। सोमवार को उनकी मौत हो गई। श्री सिंह ने घटना के पीछे के कारणों का जाँच कराने की मांग राज्य सरकार से की है। उन्होंने मृतक युवाओं के प्रति गहरा दुःख व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 25 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वह सड़क से सदन तक उनके लिए

## विश्रामपुर शहरी क्षेत्र में लगा गंदगी का अंबार

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्रामपुर शहरी क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है.जिससे निकलने वाले दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है.यह हालत सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से उत्पन्न हुआ है. बताते चलें कि झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वाहन पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी पिछले ग्यारह दिनों से छः सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं.अनुबंधकर्मियों के साथ सफाईकर्मी भी हड़ताल पर चले गए हैं.जिसके चलते साफ सफाई पूरी तरह बंद है.विश्रामपुर बस स्टैंड,गांधी चौक,बाजार चौक,बैंक चौक,बी मोड़,रेहला महवीर चौक,शुक्र बाजार चौक,रेहला थाना चौक,स्टेशन चौक सहित सभी मुख्य चौक चौराहों पर गंदगी का अंबार लग चुका है.इसके अलावा यत्र यत्र भी कूड़ा - करकट और गंदगी फैली हुई है.जिससे अब काफी दुर्गंध निकल रहा है.दुर्गंध से आस पास रहने वाले लोगों का जीना दुभर हो चुका है.इधर अनुबंधकर्मियो का हड़ताल सोमवार को भी जारी रहा.



## कर्बला के मैदान में ग्रामीणों की एक बैठक अंजुमन कमेटी के सदर की अध्यक्षता में किया गया आयोजित

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया स्थित कर्बला के मैदान में ग्रामीणों की एक बैठक अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया।कमिटी में सर्वसम्मति से मो0 सद्दाम आलम को सदर, मो 0तुफैल खान को सेक्रेटरी मोश तनवीर आलम को खजांची, सरपरस्त मो शोएब आलम गुड्डू सहित 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। नवनियुक्त सदर मो सद्दाम आलम ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ लोगों ने मुझे जिम्मेदारी सौपा है उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा।उन्होंने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में काफ़ी उत्साह हैं।उन्होंने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस काफी भव्य तरीके से निकाला जायेगा। अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को मुबारकबाद दिया। मौके पर अंजुमन कमेटी के सरपरस्त शमीम खान,खजांची आजाद खान,समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, मुन्ना खान,डॉ मेराजुदिन, फुलटून खान,खुर्शीद खान, अख्तर खान, अजहरुल खान,इरफान खान, सलातीन खान,अरबाज खान,एहसान खान, अबुताज शहंशाह,राजू अंसारी, हसनैन खान, एजाज आलम,प्रिंस,गोलू, आमिर सुमानी,आतिफ आलम,जैद खान,तालिब खान,शेर मोहम्मद,शहजाद आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## फल दुकान में लगा आग, थाना में दिया आवदेन

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित मुरपा ग्राम में एक फल दुकान में आग लगा दिए जाने का मामला सामने आया है ।इस संबंध में फल दुकान के मालिक सिबन साव ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ निवासी ने बताया कि उनका दुकान मुरपा चौक में है ।15 दिन पूर्व पैसा मांगने के संबंध में अमजद अंसारी पिता स्व.रमजान मियां ग्राम जीपुआ थाना बालूमाथ निवासी के साथ झगड़ा हुआ था ।और मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया था एवं धमकी देते हुए कहा था कि तुमको देख लेंगे ।और तुम्हारे दुकान को उजाड़ देंगे ।रविवार की देर रात्रि में उनके दुकान में आग लगा दिया गया है ।आग लग जाने के कारण दुकान में रखा कई समान जलकर खाक हो गया जिससे हजारो रुपए का नुकसान हो गया ।सिबन साव ने बताया कि उसे शक है कि यह घटना को अंजाम अमजद अंसारी द्वारा ही दिया गया है । वहीं आवेदन के आधार पर बालूमाथ पुलिस मामले



## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के नाम पर सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग : दिलीप चौधरी

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हेमंत सरकार द्वारा आपका योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम द्वारा विधानसभा चुनाव को देखते हुए जनता को लॉलीपॉप दिखाकर ठगने का काम किया जा रहा है। पंचायत में लगाया गया कैंप में अफरा तफरी का माहौल है। सिस्टम फेल है। इसके पहले भी इस तरह का कार्यक्रम कर सिर्फ खानापूर्ति किया गया एवं कार्यक्रम के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। 5 साल के कार्यकाल में झारखंड की जनता प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक गए। फिर भी बिना रिश्वत का एक भी काम नहीं हुआ। प्रखंड एवं आंचल कार्यालय में बिचोलिया के द्वारा सरकार के नौकरशाह पदाधिकारी जनता को लूटते रहे। और सरकार की आंखें बंद रहा। अगर सरकार की नियत साफ रहता तो इस तरह के कार्यक्रम का जरूरत ही नहीं पड़ता। हभ्रष्टाचार चरम सीमा पर रहा। अवैध उत्खनन से पलामू जिला तो खोखला हो गया। सरकार का विदाई के समय आ गया है। जनता के लिए सरकार घड़ियाली आंसू बहा रही है। झारखंड की माटी की पार्टी कहाने वाला हेमंत सरकार का 5 साल का यही उपलब्धि है। जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता अवश्य देगी।



## फुटपाथ दुकानदार संघ छत्तरपुर ने दिवंगत परिजनों को दी आर्थिक सहायता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर फुटपाथ दुकानदार संघ अपने सेवा के कार्यो से चर्चा में है। फुटपाथ दुकानदार संघ के द्वारा कुछ दिन पूर्व दिवंगत हुए फल व्यवसाई प्रवेश साव को दस हज़ार रुपये की आर्थिक मदद की है। फुटपाथ दुकानदारों के द्वारा संघ से जुड़े सभी दिवंगत लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस सबन्ध में संघ के अध्यक्ष गौतम सागर ने कहा कि ऐसा कर के परिजनों की पीड़ा को कम करने की कोशिश की जाती है, साथ ही परिजनों को संघ व्यवसाय में भी मदद करता है ताकि परिवार को आर्थिक तंगी न झेलना पड़े। वहीं संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमून ने कहा कि आर्थिक रूप से कमज़ोर संघ से जुड़े फुटपाथ दुकानदारों को संघ यथा-सम्भव मदद करता है। संघ की कोशिश रहती है कि वह दुःख की इस घड़ी में आर्थिक सहयोग कर अपने सदस्यों के चेहरे पर मुस्कान ला सके। सहायता राशि प्रदान करने वाले टीम में मुख्य रूप से फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष गौतम सागर, संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमून, सुनील गुप्ता, मनोज कुमार, अशोक कुमार, विजय साव, संतोष कुमार, जीतू प्रसाद, गुड्डू, दामोदर साव, सूर्यदेव प्रसाद शामिल थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी के लिए शैलेश कुमार सिंह ने केंद्रीय अध्यक्ष को लिखा पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनबाद :** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी जोरों पर है। इसी क्रम में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश कुमार सिंह ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष केंद्रीय महासचिव सहित झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी को पत्र लिखा है। शैलेश कुमार सिंह ने पत्र मे लिखा है की मै पिछले 35 वर्षो से कांग्रेस पार्टी के साथ विभिन्न पदों पर सेवाएं देते आ रहे हैं, पार्टी अध्यक्ष को संबोधित करते हुए अपने नामांकन पत्र में उल्लेख किया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के 45 गांवों में विद्युतीकरण कार्य संपन्न कराया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कोरोना योद्धा के तौर पर कोरोना महामारी के दौरान गरीब और असहाय लोगों के बीच खाद्यान्न वितरण का महत्वपूर्ण कार्य भी किया है।श्री सिंह ने अपने आवेदन में बताया कि उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए चार डीलरों को जेल भिजवाने का काम किया है।

## मध्य विद्यालय रबदा खुरा पर अधिकारियों की लापरवाही से अस्तित्व का संकट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** तकरीबन एक दशक पूर्व तक रंका प्रखंड में अच्छी शैक्षणिक व्यवस्था एवं बेहतर परिणाम के लिए प्रसिद्ध मध्य विद्यालय रबदा खुरा आज के दौर में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के वजह से अपने अस्तित्व को बचाने की जंग लड़ रहा है। हरिजन आदिवासी अल्पसंख्यक एवं पिछड़े समुदाय की बहुलता वाले इस विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक के तकरीबन तीन सौ छात्र -छात्राएं अपना भविष्य संवारने के लिए आती है। इन छात्र छात्राओं के अभिभावक बड़े अरमान से अपने बच्चों को विद्यालय में भेजते हैं ताकि वे भविष्य में अपने पैरों पर खड़ा हो सके साथ ही उनके बुढ़ापे का सहारा बन सके। मगर आज के दौर में सरकार एवं अधिकारी इन बातों से कोसो दूर सिर्फ विभागीय निर्देश एवं हनक दिखाने में अपनी शान समझते हैं। तीन सौ छात्र छात्राओं के शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वर्तमान में चार शिक्षक एवं एक पारा शिक्षक पदस्थापित हैं।जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रताप कुमार पाण्डेय एक माह पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जहां वे आज भी राजधानी के अस्पताल में इलाजरत हैं। पिछले 24 जुलाई को अपने आवास से विद्यालय आने के क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 343 पर तेंतरिया मोड़ के समीप एक अज्ञात कार चालक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारी दी थी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जहां वे आज भी चिकित्सकों की गहन निगरानी में इलाजरत हैं।दूसरे शिक्षक चन्द्रभूषण प्रसाद गुप्ता को पिछले एक साल से जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में प्रतिनियोजित कर रखा गया है। तीसरे विज्ञान शिक्षक रमेश कुमार मेहता को गैर शैक्षणिक कार्यों के अधिभार से परेशान एवं त्राहिमाम कर रहे हैं। अब बंचे एक शिक्षक और एक पारा शिक्षक दोनों शिक्षकों के कंधे पर तीन सौ छात्रों के शिक्षण व्यवस्था का भार है। अब दोनों शिक्षक छात्रों के विद्यालयीय गतिविधियों का निबटारा कराने के बाद शिक्षण कार्य में लगते हैं।आठ कमरों में बैठे छात्रों को किस तरह पढ़ाई कराते होंगे, स्वयं समझा जा सकता है। उपर से अभिभावकों के अलावा विभागीय स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिए जाने जाने का हरदम दबाव बनाया जाता रहा है। ऐसे में शैक्षणिक स्तर पर पिछड़े इस इलाके के नौनिहालों का भविष्य कहां जा रहा है, इस तरह की पढ़ाई से कैसे वे अपने सपने पूरे कर पाएंगे समझा जा सकता है। मगर विभागीय अधिकारियों को इस बिषय में सोचने की फुर्सत नहीं है। इस बावत पूछे जाने पर क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी रंभा चौबे ने बताया की शिक्षकों की कमी है। अकेले रंका प्रखंड में अड़तालीस विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के वजह से शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए जिले में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक हुई है। जल्द ही समस्या का समाधान निकाला जाएगा।



कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड, राँची
कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।
Email: scolatehar@gmail.com

अनुदानित दर पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के लिए
आवेदन करने हेतु सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–52 दिनांक 16.08.2024 द्वारा लातेहार जिला में वित्तीय वर्ष 2024.–25 में राज्य योजना अन्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृशक समूह / लैम्पस / पैक्स को कुल पैकेज 6.25 लाख का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पाँच लाख) रूपये पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु आवेदन पत्र में आवेदन करने के लिए आमंत्रित की जाती है। लातेहार जिले में छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु–10(दस) एवं व्यक्तिगत प्रगतिशील कृशकों के लिए–05(पाँच) का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। प्रकाशन की तिथि से दिनांक 10.09.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः11. 00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार (संयुक्त जिला कृषि भवन किना माड़ मेन रोड लातेहार) परिसर से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भर कर आवश्यक कागज के साथ जमा कर सकते हैं।

| S NO. | Details of Agri , Machine | Total Package Cost for Group (Rs in Lakes) | Maximum Subsidy for group (80%)(Rs in Lakes) |
|---|---|---|---|
| 1 | Mini Tractor (12.0.22.50PSmaxPTO) Approved model tested model tested by FMTTI as in Gol letter) with standard Tool Kit, Sea t. Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. | 6.25 | 5.00 |
| 2 | power Tiller (8.5 -15.5 Max horse power -ps) Approved model tested by FMTTI as in Gol letter) with standard Tool Kit, Rotary , Seat Attachment, Battery In case of Self Start, Universal mounting Frame. | | |
| 3 | Power weedier/rotary tiller | | |
| 4 | Self Propelled, Rice Transplanted. | | |
| 5 | Self Propelled Reaper | | |
| 6 | Rice Huller with Polisher. | | |
| 7 | Mini Rice Mill. | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible-Rotavator (2.5-4.0ft) ) | | |
| 9 | Mini Tractor Compatible-Cultivator (5-7 tines ) | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Disc Harrow (8-10) | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible seed cum fertilizer Drill | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal mounting Frame. | | |
| 14 | Paddy thresher | | |
| 15 | Wheat thresher | | |
| 16 | Paddy harvester | | |
| 17 | Post harvest equipments-Flour Mill, Mini Del mill, Oil Expeller. | | |
| 18 | Alternator 10-15 K w | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with suction pipe 5-8Kw compatible power Source. | | |
| 20 | 63mm/75/HDPE Pipe maximum up to 500feet (BIS Certification) | | |
| | **Total Cost** | 6.25 | 5.00 |

1. झारखण्ड स्टेट लाईबलीहुड प्रमोशन सोसाईटी(**JSLPS**), द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह को प्राथमिकता दी जायगी। प्रत्येक समूह में कम से कम 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
2. झारखण्ड स्टेट लाईबलीहुड प्रमोशन सोसाईटी से प्रथमतः निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह की विवरणी प्राप्त नही होने की स्थिति में संस्थाओं द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों, जलछाजन समिति के स्वयं सहायता समूहों लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को योजनान्तर्गत आच्छादित किया जायेगा।
3. जिन समूहों के सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर / वाहन(**LMV**) चालन का वैद्य लाईसेंस होगा एवं समूहो के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिले का प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय विधायक के अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुये जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
5. जिला स्तरीय गठित चयन समिति से अनुमोदित समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कुल अनुमानित लागत 6.25 लाख रूपये का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह के बैंक खाते में जमा होने के साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार को देने के उपरान्त समूहो द्वारा अपनी इच्छानुशार कृषि प्रसंस्करण यंत्र का चयन कर भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार का अवगत करायेगें।
6. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह को पूर्व में कृशि विभाग द्वारा कृशि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पत्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगा।
7. इसके साथ ही साथ व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों को जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 02 एकड़ से अधिक भूमि होगी उन्हें उपरोक्त यंत्र सारणी में से अधिकतम योजना लागत रूपया 2.00 लाख जिसका 80 प्रतिशत अर्थात अधिकतम अनुदान 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार)रूपये पर इस योजना का लाभ लेने हेतु पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन वांछित कागजात के साथ कार्यालय में पता कर सकते है। विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय मे सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड़ मेन रोड लातेहार।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 334399 Agriculture(24-25)D

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 242
# प्रभात मंत्र
मंगलवार
03.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

दुनिया उन्हीं पर भरोसा करती है, जिन्हें खुद पर भरोसा होता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### असम सरकार ने राज्य के 23,956 संविदा शिक्षकों को किया स्थायी, मुख्यमंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**गुवाहाटी** : मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को गुवाहाटी के खानापाड़ा में स्थित पशु चिकित्सा कॉलेज मैदान पर उच्च और निम्न प्राथमिक विद्यालय के 23 हजार 959 संविदा और राज्य पूल शिक्षकों को स्थायी नियुक्तिपत्र सौंपे। संविदा शिक्षकों को स्थायी नियुक्ति करने के फैसले को राज्य के शिक्षण बिरादरी को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। राज्य में डॉ सरमा सरकार अब तक एक लाख 24 हजार 345 अभ्यर्थियों को नौकरी दे चुकी है।

### 2000 के 97.96 फीसदी नोट बैंकों में आए वापस : आरबीआई

**नई दिल्ली** : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.96 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। हालांकि, ये नोट अब भी लीगल टेंडर है लेकिन अब चलन से हटाए गए 7,261 करोड़ रुपये के नोट लोगों के पास मौजूद हैं।आरबीआाई ने जारी एक बयान में कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के नोट बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक देशभर में सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।

### प्रधानमंत्री ने पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक विजेता निषाद कुमार को बधाई दी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद ञ्47 स्पर्धा में रजत पदक विजेता निषाद कुमार को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने निषाद कुमार को बधाई देते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा,''पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई! उन्होंने हम सभी को दिखाया कि जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ सबकुछ संभव है।

### दिल्ली में अतिक्रमण पर ड्रोन की रहेगी नजर

**नई दिल्ली** : दिल्ली में अवैध निर्माण और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण रोकने व जमीन से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए डीडीए, एमसीडी और सर्वे ऑफ इंडिया ने ड्रोन सर्वेक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इससे अलग-अलग सरकारी एजेंसियों से संबंधित भूमि की स्थिति में अनिश्चितता की समस्या का समाधान होगा और ऐसी भूमि को अतिक्रमण से बचाया जा सकेगा। भविष्य में अनधिकृत निर्माणों पर रोक लगायी जा सकेगी।

### चीन ने ताइवान को घेरा, लड़ाकू विमान घुसे

**ताइपे** : चीन पिछले कुछ दिनों से ताइवान के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स हैंडल पोस्ट में कहा है कि चीन की सेना के लड़ाकू विमान और युद्धक जहाज उसकी सीमा के आसपास मंडरा रहे हैं।ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में साफ किया है कि चाइनीज सेना के 18 लड़ाकू विमान, आठ युद्धक जहाज और दो अन्य जहाज ताइवान की सीमा के पास रविवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक डटे रहे। इनमें से 15 विमानों ने तो ताइवान की सीमा को भी पार कर देश की वायु सीमा का उल्लंघन किया।

### निर्वासित तिब्बतियों ने धर्मशाला में मनाया 64वां लोकतंत्र दिवस

**धर्मशाला** : निर्वासित तिब्बतियों ने सोमवार धर्मगुरु दलाई लामा की नगरी मैक्लोडगंज में तिब्बती लोकतंत्र दिवस की 64वीं वर्षगांठ मनाई। समारोह में एस्टोनिया देश का संसदीय प्रतिनिधिमंडल शामिल रहा। मैकलोडगंज में मुख्य बौद्ध मंदिर चुगलाखांग में आयोजित समारोह में एस्टोनियाई संसद में तिब्बत समर्थन समूह के अध्यक्ष सांसद जुकु-काले रेड के नेतृत्व में एस्टोनियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल यहां पंहुचा था। कार्यक्रम की शुरुआत तिब्बती राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद सिक्योंग पेंपा सेरिंग और संसद स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल ने काशाग और निर्वासित तिब्बती संसद के बयान पड़े।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

[ मोदी मंत्रिमंडल ने किसानों को दी 7 बड़ी सौगात ]

# डिजिटल कृषि मिशन को मिली मंजूरी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये अहम फैसला किया गया. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए इन निर्णयों की जानकारी दी.उन्होंने बताया कि कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के कार्यक्रम के साथ पशुधन के टिकाऊ स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है.**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को कृषि क्षेत्र से संबंधित सात बड़े कार्यक्रमों के लिए करीब 14,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी. इसमें डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए योजना भी शामिल है.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 85 दिनों में कुल 2,48,677 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये अहम फैसला किया गया. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए इन निर्णयों की जानकारी दी.उन्होंने बताया कि कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के कार्यक्रम के साथ पशुधन के टिकाऊ स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है.इसके अलावा मंत्रिमंडल ने बागवानी क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए 860 करोड़ रुपये की एक और योजना को भी स्वीकृति दी है.कृषि क्षेत्र से संबंधित इन सातों कार्यक्रमों के लिए कुल आवंटन 13,960 करोड़ रुपये से अधिक का है.

### मुंबई व इंदौर के बीच बनेगा नई रेलवे लाइन

रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी है। इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नई लाइन सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की नए भारत की कल्पना के अनुरूप है, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार,स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध सम्पर्क प्रदान करेगा।यह परियोजना 2 राज्यों, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी।



### केन्स साणंद में लगेगा 3,307 रुपये का सेमीकंडक्टर संयंत्र

केंद्रीय कैबिनेट ने गुजरात के साणंद में 63 लाख चिप प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाली सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के केन्स के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी. इसके लिए 3,307 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा.मंत्री ने कहा, मंत्रिमंडल ने केन्स संयंत्र को मंजूरी दे दी है, जिसकी प्रतिदिन 63 लाख चिप का विनिर्माण करने की क्षमता है. ये संयंत्र 46 एकड़ में बनेगा. ये एक बड़ा संयंत्र है और उत्पादन का बड़ा हिस्सा केन्स इंडस्ट्रीज को जाएगा. इसकी बुकिंग पहले ही हो चुकी है. वैष्णव ने कहा,इस संयंत्र में बिजली से संबंधित चिप,मोटा वाहन और घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली चिप का भी विनिर्माण किया जाएगा.ये संयंत्र बिजली क्षेत्र से संबंधित चिप की भी आपूर्ति करेगा. कंपनी ने इस परियोजना के लिए गुजरात के साणंद में पहले ही जमीन का अधिग्रहण कर लिया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा. इस इकाई के लिए प्रस्तावित निवेश करीब 3,307 करोड़ रुपये है.



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे अजमेर, दरगाह में की जियारत

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के आरोप पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि शिवराज सिंह हमारे विपक्ष के लोग हैं, उनका जो आरोप है, विपक्ष में रहकर कुछ भी बोल सकते हैं। केंद्र सरकार कैसा काम कर रही है? इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश देख रहा और जवाब भी दे रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा ज्वाइन करने के सवाल पर कहा कि मैं अभी धार्मिक यात्रा पर हूं।**

एजेंसी

**अजमेर** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार सोमवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जियारत की।मुख्यमंत्री ने दरगाह में जियारत कर देश-प्रदेश में अमन-चैन और शांति भाईचारा बना रहे, इसके लिए दुआ मांगी। सोरेन ने कहा कि वह सपरिवार अजमेर शरीफ दरगाह में माथा टेकने के लिए आए हैं। पहले भी आते रहे हैं, इस बार थोड़ा सा वक्त मिला तो वापस अजमेर दरगाह जियारत करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब ऊपर वाले से क्या मांगना। जो दिया, सब कुछ उन्हीं की बदौलत है। जो भी मिलेगा, उनकी बदौलत ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत की। देश तथा प्रदेशवासी एक साथ भाईचारे के साथ रहें। एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलते आए हैं, आगे भी चलते रहें, यही दुआ मांगी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के आरोप पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि शिवराज सिंह हमारे विपक्ष के लोग हैं, उनका जो आरोप है, विपक्ष में रहकर कुछ भी बोल सकते हैं। केंद्र सरकार कैसा काम कर रही है? इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश देख रहा और जवाब भी दे रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा ज्वाइन करने के सवाल पर कहा कि मैं अभी धार्मिक यात्रा पर हूं।

## स्कूल के निदेशक पर छेड़खानी का आरोप, जमकर हुआ धुनाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)** : प्रखंड के करियातपुर में संचालित सनराइज एकेडमी के निदेशक का विद्यालय की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में भीड़ ने पिटाई की और स्कूल में तोड़फोड़ की। जानकारी मिलने पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सीओ रामनारायण खलखो और थाना प्रभारी आभाष कुमार सशस्त्र बल के साथ स्कूल पहुंचे और निदेशक सुरेश प्रसाद को हिरासत में लेते हुए भीड़ से बचाया। पुलिस ने घायल स्कूल के निदेशक सुरेश प्रसाद को स्टेचर पर इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सुरेश प्रसाद को रेफर कर दिया गया। छात्रा के पिता प्रदीप प्रसाद केशरी ने थाना में आवेदन देते हुए बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री सनराइज एकेडमी में 10वीं की छात्रा है, जो 29 अगस्त की सुबह 7ः30 बजे स्कूल के निदेशक सुरेश प्रसाद ने कक्षा से बुलाकर स्कूल के कार्यालय में ले गए। वहां उन्होंने उसके साथ अश्लील और अभद्र व्यवहार करते हुए बलात्कार करने की कोशिश की। उनकी पुत्री किसी तरह वहां से भागने की कोशिश की। लेकिन स्कूल का गेट बंद रहने के कारण वहां से भाग नहीं सकी। उसके बाद सुरेश प्रसाद ने उसकी पुत्री को पकड़कर घटना से संबंधित जानकारी किसी को नहीं बताने की धमकी दी। धमकी के बाद उनकी पुत्री भयभीत हो गई। इस बात की जानकारी मिलने के बाद लोग आक्रोशित हो गए और स्कूल में पहुंच कर निदेशक की पिटाई की।

## देश के आर्थिक विकास में सहकारिता का अतुलनीय योगदान : राष्ट्रपति मुर्मू

**सहकारिता समाज में निहित शक्ति का सदुपयोग करने का सर्वोत्तम माध्यम है : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि निजी उद्योग और व्यापार ने देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन सहकारिता का योगदान देश के विकास में अतुलनीय है। राष्ट्रपति सोमवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर के वारणानगर में श्री वारणा महिला सहकारी उद्योग समूह के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सहकारिता समाज में निहित शक्ति का सदुपयोग करने का सर्वोत्तम माध्यम है। इसके सिद्धांत संविधान में वर्णित न्याय, एकता और बंधुत्व की भावना के अनुरूप हैं। जब विभिन्न वर्गों और विचारधाराओं के लोग सहयोग के लिए एकजुट होते हैं, तो उन्हें सामाजिक विविधता का लाभ मिलता है। देश के आर्थिक विकास में सहकारिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमूल और लिज्जत पापड़ जैसे घर-घर में जाने जाने वाले ब्रांड सहकारिता की ही देन हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अगर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, तो इस सफलता में सहकारी समूहों का महत्वपूर्ण योगदान है। लगभग सभी राज्यों में सहकारी समितियां मुख्य रूप से दूध उत्पादों का उत्पादन और वितरण करती हैं। केवल दूध ही नहीं, सहकारी संस्थाएं उर्वरक, कपास, हैंडलूम, हाउसिंग, खाद्य तेल और चीनी जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने गरीबी उन्मूलन, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन तेजी से बदलते इस दौर में उन्हें खुद को बदलने की जरूरत है। उन्हें जितना संभव हो सके तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए।



**बुलडोजर एक्शन पर दिशा निर्देश बनाएगा सुप्रीम कोर्ट, कहा**

## बिना कानूनी प्रक्रिया का पालन किए अचानक कार्रवाई करना गलत

एजेंसी

**नई दिल्ली** : देश भर में चल रहे बुलडोजर एक्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट दिशानिर्देश तय करेगा. कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति पर अपराध का आरोप लगना उसका मकान गिराने का आधार नहीं हो सकता. बुलडोजर कार्रवाई से पहले उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन होना चाहिए. इसमें मकान मालिक को नोटिस भेजना, जवाब और अपील का मौका देना शामिल है.सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 सितंबर तय की है.



जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने सभी पक्षों से कहा है कि वह अपने सुझाव दें. इन्हें देखने के बाद वह सभी राज्यों पर लागू होने वाले दिशानिर्देश तय करेगा. कोर्ट ने वरिष्ठ वकील नचिकेता जोशी को सभी पक्षों से सुझाव लेने का तिम्मा सौंपा है.

2022 में दिल्ली के जहांगीरपुरी में रामनवमी के जुलूस पर पथराव के बाद एमसीडी ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू की थी. इसके खिलाफ जमीयत उलेमा ए हिन्द कोर्ट पहुंचा था. जमीयत ने कहा कि बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के यह बुलडोतर चलाए जा रहे हैं.

मामले में यूपी सरकार के लिए पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि म्यूनिसिपल नियमों के मुताबिक नोटिस देकर ही अवैध निर्माण को ढहाया जा सकता है.सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह साफ किया कि अवैध निर्माण का आरोप लगा कर बिना किसी नोटिस के मकान न गिराए जाएं.

## विधायक अमानतुल्लाह खान को ईडी ने किया गिरफ्तार



एजेंसी

**नई दिल्ली** : आम आदमी पार्टी के ओखला विधानसभा सीट से विधायक अमानतुल्लाह खान को सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया. अमानतुल्लाह को अरेस्ट करने के बाद ओखला स्थित उनके घर से टीम रवाना हो गई. एबीपी न्यूज से बातचीत के दौरान आप विधायक ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार कर लेकर जाया जा रहा है. उन्होंने खुद को बेसकसूर बताया है. भारी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम आप विधायक को लेकर उनके आवास से निकली.ईडी का अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड में अवैध तरीके से नियुक्तियां कीं और बोर्ड की संपत्तियों को 2018 से 2022 के बीच गलत तरीके से लीज पर दिया. इस तरह उन्होंने भ्रष्टाचार करते हुए पैसा कमाया. ईडी की टीम ने इससे पहले दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आप विधायक से 12 घंटे तक पूछताछ की थी.

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का हो रहा आयोजन

## लाभुकों को ऑन द स्पॉट सरकारी योजनाओं का दिया जा रहा लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड सरकार के निर्देश पर 30 अगस्त से आयोजित हो रहे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज खूंटी के लांदुप पंचायत भवन, कर्रा के लिमड़ा पंचायत भवन, मुरहू के भवनरुमुतकेल पंचायत भवन, अड़की के सोसोकुटी पंचायत भवन, तोरपा के सुंदारी पंचायत भवन, रनिया के खटंगा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के पिपराटोली शिव मंदिर के समीप शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र में आयोजित कैंप में आमजनों को ऑन द स्पॉट सरकारी योजना का लाभ दिया गया। लाभान्वित होकर लाभुकों ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजित शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा द्वारा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए है। शिविरों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों भी शिविरों में शामिल होकर, लाभुकों को योजना का लाभ देने समेत अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करा रहे है। सम्बंधित क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत



आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, कृषि, राजस्व, मत्स्य, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, सहकारिता समेत अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए। वहीं शिविरों में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना यथा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र के लाभुकों से प्राथमिकता के आधार पर आवेदन लिए गए। शिविर में ऑन द स्पॉट परिसंपत्ति एवं सरकारी लाभों का भी विवरण किया गया। छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण एवं जाति प्रमाण पत्र वितरण समेत अन्य लाभ दिया गया। वहीं लाभुकों के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण, कंबल का वितरण समेत अन्य लाभ दिया गया। राजस्व अभिलेख में संशोधन/परिमार्जन, आय/जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र में यथावश्यक संशोधन, आधार कार्ड/राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत समेत अन्य मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत छुटे हुए लाभुकों से प्राथमिकता के आधार पर पेंशन का लाभ देने को लेकर आवेदन लिए गए।

साथ हीं आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा, व्यक्तिगत वन पट्टा की अर्हता रखने वाले लाभुकों से भी प्राथमिकता के आधार पर आवेदन लिए गए, जिससे उन्हें उक्त सरकारी लाभ दिया जा सके। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन जिले में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक किया जाएगा। अब 3 सितंबर को खूंटी के तिरला पंचायत भवन, कर्रा के लोधमा पंचायत भवन, मुरहू के दिगड़ी पंचायत भवन, अड़की के बाड़ीनिजकेल पंचायत भवन, तोरपा के जरिया पंचायत भवन, रनिया के जयपुर पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के गांधी चौक दतिया के समीप शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव कल

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 3-9-2024 को आदिवासी मूल वासी संघर्ष समिति रांची नामकुम के द्वारा भ्रष्टाचार एंव ज्वलंत मुद्दो को लेकर अंचल सह प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा ।समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने नामकुम प्रखंड केअतगर्त निवास करने वाले सभी से अपील है कि अपना हक अधिकार के लिए लड़ाई में अपना बहुमूल्य समय जरूर से जरूर दे और प्रखंड घेराव को सफल बनाए।

## सरकार आपका द्वार बुकबुका पंचायत में आज

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार बुकबुका पंचायत में मंगलवार तीन सितंबर को होगी। बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि कार्यक्रम पंचायत सचिवालय में होगी। बीडीओ ने पंचायत के सभी ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अपील की है।

## जानकी रमण मंदिर दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक कल

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जानकी रमण मंदिर दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक चार सितंबर बुधवार को मंदिर प्रांगण में शाम चार बजे से होगी। उक्त जानकारी मंदिर कमिटी के अध्यक्ष शशि कुमार सिंह व पूजा कमिटी के अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्टू ने दी। साथ ही उन्होंने मंदिर कमिटी व पूजा कमिटी के सभी सदस्यों को इस मीटिंग में आने की अपील की है।

## एलआईसी की 68वीं स्थापना दिवस मनाया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एलआईसी की68वी स्थापना दिवस खलारी एलआइसी सेटेलाइट शाखा महादेव नगर में मनाया गया. इस अवसर पर शाखा प्रबंधक एमिल जोजो सहित उपस्थित अभिकर्ताओ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया. मौके पर शाखा प्रबंधक एमिल जोजो ने कहा कि एलआईसी नए दौर मैं प्रवेश कर चुका है.कहा कि अब क्लेम सेटलमेंट एक दिन में पेमैंट होता है. एलआईसी देश की आर्थिक में अहम योगदान है.एलआईसी में भारत सरकार की 100त्नकी हिसादारी है.इस मौके पर लोगों के बीच मिठाई भी बांटा गया.इस अवसर पर संजय सिंह ,संजय साहू, अमरकांत मिश्रा ,मणिभूषण ठाकुर ,शिवकुमार चौधरी, रवि शंकर सहाय, बैजनाथ प्रसाद, उत्तम सिंह , जय राम गंझू, प्रदीप प्रमाणिक, शंकर साहू, मदन चौहान, विनय झा सहित कयी अभिकर्ता उपस्थित थे.

## कमेटी को इंदिरा देवी ने सौंपा बायोडाटा



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के डकरा निवासी कांग्रेस की झारखंड प्रदेश सचिव इंदिरा देवी तुरी ने 7 रांची कांग्रेस भवन में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान को कांके विधानसभा से चुनाव लड़ने को लेकर अपना बायोडाटा फॉर्म जमा किया. इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह, सुरेश बैठा, शिव टहल नायक, साबिर अंसारी, संजय खान, बलराम साहू, मुन्ना देवी मारुति समेत कयी लोग मौजूद थे.

# बेड़ो के कराँजी और दिघिया पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के कराँजी और दिघिया पंचायत सचिवालय में सोमवार को 'आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्याक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई आवेदन का तत्काल स्वीकृत किया गया वहीं कई लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वज्रपात से मृत पशु क्षति के 9 लाभुकों के बीच दो लाख तेइतीस हजार (233000) और वज्रपात से मृत दो व्यक्ति के परिजनों के बीच चार-चार लाख का मुआवजा राशि का चेक का वितरण किया गया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार के कर्मी सभी जनकल्याणकारी योजना का काउंटर लगाये हैं। आप अधिक से



अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लें। आज सरकार सभी जाति, धर्म के वृद्ध जन को सर्वजन पेंशन दे रही है। हमलोगों के सरकार से पहले विधवाओं को 45 साल के बाद ही पेंशन मिलता था। हमलोगों की सरकार में विधवा पेंशन की उम्र सीमा को खत्म कर दिये। हमलोगों का सरकार रहा तो 2026 तक सभी लोगों को अबुआ आवास देगी जिनका सूची में नाम है, जो आहर्ता पुरा करेंगे। सरकार आपके द्वार में कई लोग अड़चन पैदा कर रहे हैं, कई कर्मी हड़ताल में चले गये हैं। जितना बन पा रहा है योजनाएं स्वीकृत रहे हैं और आशा करते हैं कि जो भी योजनाएं से छुटे हुए वो योजना में जुड़वा सकते हैं। आपको किसी भी तरह का कोई तकलीफ हो तो बीडीओ, सीओ जनप्रतिनिधि उपस्थित हैं। उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कहा कि सरकार आपको योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही है। इसके साथ ही सरकार हमारे बच्चों को पढ़ने के लिए किताब, पैसा और खाना भी दे रही है। हमें जरूरत है, अधिक से अधिक योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने का। कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि सरकार आपलोगों के लिए अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना सहित कई कल्यणकारी योजना चला रही है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव, पंचयत समिति सदस्य रौशन तिर्की सेलवेस्टर, मो. फहीम, मीर मुस्लीम, संभु बैठा सहित प्रखंड अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# खलारी में पकड़ा गया बांग्लादेशी नागरिक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थानाक्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक होटल से एक बांग्लादेशी नागरिक पकड़ा गया है. खलारी थाना पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम साबीर अली बताया है. उसने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले का रहने वाला है. सीमा पार कर भारत में घुस आया है. वहां से बस व ट्रेन पकड़कर खलारी स्टेशन पर उतर आया. इस बांग्लादेशी नागरिक की जानकारी खलारी स्टेशन रोड स्थित एक होटल



मालिक ने दी. होटल भोजनालय है. स्टेशन से बाहर निकलकर साबीर अली उस होटल में पहुंच गया. होटल मालिक समझ नहीं पाया. उसने उसे लाचार मजबूर समझकर भोजन कराया और बर्तन धोने के काम पर लगा दिया. दो दिन के बाद पूछताछ के दौरान साबीर ने बता दिया कि वह बांग्लादेश से आया है. कुछ दिनों पहले ही बोर्डर पार कर भारत में घुसा है. बताया कि कमाने खाने के उद्देश्य से यहां आया है.यह जानने के बाद होटल मालिक ने तुरंत खलारी थाना पुलिस को सूचित किया. पुलिस उसे पकड़कर थाना ले आयी. बांग्लाभाषी होने के कारण जानकारी लेने में परेशानी हो रही थी. इसकी जानकारी आला पुलिस अधिकारियों को दे दी गयी है. वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार उसे उपयुक्त जगह भेजा जाएगा.मालूम हो कि खलारी में कयी दिहाड़ी काम करने वालो को लेकर शंका है कि वे बांग्लादेशी है. परंतु वे अपनी पहचान छिपा कर रहते हैं और कई स्थानीय लोग भी उन्हें शरण देने में मदद करते हैं. गंभीरता से जांच पड़ताल के बाद ही सच्चाई सामने आ सकती है. इधर साबीर को पुलिश द्वारा कल जेल भेज दिया गया है.

# मक्के की लहलहाती फसल देख किसान खुश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के अधिकांश ग्रामीण इलाकों में इस बार मक्के की लहलहाती फसल देख किसान खुश हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बारिश भी अच्छी हुई, जिसके कारण धान की रोपनी भी अच्छी हुई और लक्ष्य का 75 प्रतिशत रोपा हो गया। इस वर्ष धान के साथ मकई का भी खेती किसानों ने जमकर किया है। मक्के की खेती लालाहने से किसान प्रसन्न हैं। जबकि मक्का का प्रखंड में 257 हेक्टेयर खेत मे मकई का खेती करने का लक्ष्य था जिसमे 94 प्रतिशत खेतों में मकई की खेती लहलहा रही है। किसान किशुन मुंडा,छोटू पाहन समेत कई किसानों ने बताया कि इस वर्ष बारिश थोड़ा विलंब हुआ। परंतु अच्छी बारिश हुई और अभी



तक फसल के जरूरत बारिश हो रही है, जिससे धान का रोपनी लगभग हो गया है। किसानों ने बताया कि इस वर्ष धान सहित लगभग सभी फसलों का पैदावार अच्छा होने का उम्मीद है। बताया गया कि इस वर्ष मक्के की खेती बढ़िया है। लेकिन खेत में लहलहाते मक्के की फसल को जानवरों से नुकसान पहुचाने का डर बना रहता है। ऐसे तो मक्के की फसल को जानवरों से बचाने के लिए घेरा बंदी किए हैं। इसके बाबजूद भी जानवर फसल को नुकसान कर रहे है।

**मक्के की खेती किसानों के लिए फायदेमंद : विकास तिर्की**

प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विकास तिर्की ने बताया कि किसानों को मक्का की अधिक से अधिक खेती करनी चाहिए। क्योंकि मक्का की फसल कम लागत में अधिक उत्पादन होता है। मक्के की खेती से किसानों को अन्य फसलों में नुकसान का कुछ हद तक भरपाई हो जाएगा।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सतर्कता जागरूकता कैंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिनांक 02 सितंबर 2024 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल कार्यालय द्वारा रांची शहर के चेशायर होम में सतर्कता जागरूकता कैंप लगाया गया । अजय कुमार सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उपस्थित लोगों को सतर्कता जागरूकता के बारे में विस्तार से बताया । कार्यक्रम के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा चेशायर होम ( गैर सरकारी संस्था ) रांची को सहयोगर्गा वाशिंग मशीन ( 16 केजी एलजी) सप्रेम भेंट किया । इस अवसर पर बैजनाथ सिंह , अंचल प्रमुख रांची, सिम्हाचलम , उप महाप्रबंधक, केंद्रीय कार्यालय तथा चेशायर होम की सिस्टर बिमला एवं बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही ।

## राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उचरी में प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उचरी में प्रबंधन समिति की हुई बैठक इस बैठक में मुख्य रूप से पुर्व मंत्री व सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की मुख्य रूप से शामिल हुए। इस बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का चुनाव सहित विद्यालय में छात्र-छात्राओं को होने वाली समस्याओं को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई।इस दौरान बंधु तिर्की ने कहा कि विद्यालय पठन-पाठन का जगह होता है यहां पर लोगों को चाहिए कि किस तरह से गांव के विद्यालयों में पठन-पाठन हो रहा है इस पर निगरानी रखें साथ ही उन्होंने विद्यालय में कई विकास योजनाओं को लेकर जल्दी ही ठोस कदम उठाकर कराए जाने की बात कही।

## महावीर चौक सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में पूजा को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली महावीर चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार शाम को पूजा समिति की एक बैठक जितेंद्र प्रसाद साव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गत वर्ष के आय-व्यय की जानकारी दी गई। इस वर्ष भी धूमधाम से पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें बिनोद चौधरी को संरक्षक, तरणी सेन को अध्यक्ष, जितेंद्र प्रसाद साव को उपाध्यक्ष, संजय भगत को सचिव, दिवाकर प्रसाद को कोषाध्यक्ष, कुंदन साव व किशन आश को सह सचिव बनाया गया। वहीं 33 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। इस मौके पर विजय मंडल ,नेपाल साव, रमेश बड़ाइक, संजीव कुमार भगत , छुटु महतो, आकाश राय,मिथिल रात चौधरी, सुबोध कुमार सोनी, शिवम् साहु, शुशीम कर, सागर साहु, शंदीप सिंह, राजु कुमार बड़ाइक, ब्रजेश कुमार, संजय मंडल आदि उपस्थित थे।

## जिप उपाध्यक्ष व प्रमुख ने बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड कार्यालय में सोमवार को 220 स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिलों का वितरण जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी एवं बीडीओ रेणु बाला ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बलराम मुंडा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के साइकिल वितरण योजना के तहत कुल 1227 विद्यार्थियों को साइकिल दिया जाना है। उनमें से पहले चरण में कुल 222 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। शेष सभी को भी जल्दी ही साइकिल दी जाएगी। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक मौजूद थे।

## टेक फेस्ट में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने दिल्ली में 31 अगस्त, 2024 को आयोजित 'टेक उदय 2.0 - वार्षिक टेक फेस्ट 'में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कक्षा 12वीं के अतिशय सिंह ने 'टेक टॉक वाद-विवाद प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 8वीं के वत्सल आर्य और सलज शेखर ने जूनियर श्रेणी के 'लाइन फॉलोअर रोबोट प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं के अमृत राज पांडेय, श्लोक सिंह और कनव सिंह ने भी 'माइनक्राफ्ट प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी तकनीकी कुशलता की सराहना की, जो 21वीं सदी के शिक्षार्थियों के लिए एक अनिवार्य गुण है।

## सांसद पहुंचे गुमला सदर अस्पताल कर्मियों को देखकर भड़के, लगाई फटकार

**गुमला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा सांसदीय छेत्र के सांसद शुखदेव भगत सोमवार को पहुंचे गुमला सदर अस्पताल और अचानक पहुंच कर जाँच करने पहुंचे गए पहुंच वेवस्था और डॉक्टरों की उपस्तिथि जाँच किए डॉक्टर व अन्य कर्मियों की जानकारी ली और कई कमियों को उन्होंने अपनी आँखों से देखा इस दौरान कर्मियों को जमकर फटकार लगाई साथ हीं वेवस्था सुधार का कड़ा निर्देश भी दिया सांसद भरी भीड़ मे कई लोगो को फटकार लगाते नज़र भी आए सांसद ने बहुत से मरीज़ो से बात कर के उनकी समस्या भी सुनी और अस्पताल मे सही सेवा मिल रही या नहीं इसकी जानकारी भी ली सांसद शुखदेव भगत की इस करवाई से अस्पताल के अंदर हड़कमप सा मच गया ।

## अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन

**गुमला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस्लामपुर गुमला स्थित पठान पंचायत कार्यालय के सामने पठान पंचायत के ओहदारों ने छोटे छोटे बच्चे और बच्चियों का अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन कियें। जिस प्रतियोगिता में शहर के अनेकों बच्चों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजुमन इस्लामिया के सदर मो मोशाहिद आजमी मौजूद रहे,साथ ही साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर अंजुमन सचिव मकसूद आलम और नगर परिषद गुमला उपाध्यक्ष कलीम अख्तर भी मौजूद रहे।साथ ही साथ इराकी पंचायत के सदर अफसर आलम,इदरीसिया पंचायत के सहजाद अनवर,मेराज खलीफा,कुरैशी पंचायत से सरफराज कुरैशी ,पठान पंचायत के सदर शाहिद वारसी,नायब सदर अकबर खान, सहसचिव समीम खान,सफदर अली, सरवर आलम,समीम नेता, एजाज अहमद, मो कौशर, सकील खान आदि ने प्रोग्राम को सफल बनाने में भरपूर मदद की।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## राज्यपाल ने पूर्वी सिंहभूम के हुरलुंग पंचायत भवन में ग्रामीणों से किया संवाद, कहा

# योजनाओं का क्रियान्वयन सही व गुणात्मक हो, ये जिम्मेदारी आप सब लोगों की भी है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत हुरलुंग पंचायत भवन में ग्रामीणों को संवाद करते हुए कहा कि मैं आप सभी से यह जानने आया हूँ कि आपको विभिन्न योजनाओं का लाभ सही से मिल रहा है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही से एवं गुणात्मक हो, ये जिम्मेदारी आप सबकी भी है। किसी भी योजना के लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराना चाहिये, ताकि आपकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। राज्यपाल ने कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का आप सबको पूर्णतः लाभ मिले। सभी पात्र लोगों को आवास योजना का लाभ मिले, सबके घर में शौचालय सुविधा हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा जनमानस हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, योजना के लाभ की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जाती है। उन्होंने कहा कि सबको



स्वच्छ पेयजल मिले, सभी के घर में नल से जल की आपूर्ति हो, इसके लिए सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर्ष का विषय है कि राज्य की महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ रही हैं और स्वावलंबन का जरिया बना रही है तथा उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है । संवाद के क्रम में राज्यपाल महोदय के समक्ष एक ग्रामीण महिला ने आवास समस्या संबंधी समस्या से अवगत कराया। राज्यपाल ने उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम को उक्त महिला को शीघ्र आवास योजना से लाभान्वित करने हेतु निदेश दिया। उक्त अवसर पर बुनकर समूह के सदस्यों ने संवाद के क्रम में कहा कि अभी इससे जुड़कर 4000-4500 से आय प्राप्त होती है, लेकिन उत्पाद की बिक्री हेतु उचित बाजार की आवश्यकता है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। पंचायत की मुखिया लीला मुण्डा ने पंचायत में विभिन्न योजनाओं की स्थिति के संदर्भ में अवगत कराया। राज्यपाल द्वारा उक्त अवसर एक नवजात शिशु का अन्नप्राशन किया गया। इसके अतिरिक्त राज्यपाल महोदय ने सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, पेस्टिसाईड स्प्रे योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पीएम जनमन योजना के लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सखी मंडल के सदस्यों के समूह के मध्य चेक का वितरण किया गया। उनके द्वारा छात्र/छात्राओं के मध्य साईकिल का वितरण किया गया। राज्यपाल महोदय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## 6 सितम्बर को मानगो फ्लाईओवर का पीलर निर्माण कार्य होगा शुरू : बन्ना गुप्ता

### मानगो की जनता से अपील इस शुभ कार्यक्रम में शामिल हो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर:** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक बन्ना गुप्ता का ड्रीम प्रोजेक्ट मानगो फ्लाईओवर निर्माण के दिशा में महत्वपूर्ण खुशखबरी मिली है, तकनीकी रूप से फ्लाई ओवर निर्माण के लिए किया जा रहा पाईल टेस्ट सफल रहा हैं, इसकी जानकारी देते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि मानगो की जनता से किया वायदा अब पूरा होगा, 27 अगस्त से किया जाने वाला पाईल टेस्ट 29 अगस्त को सफलता हासिल किया जिसमें 1875 एमटी का लोड दिया गया था जो पूरी तरह सफल रहा, यानि अब पीलर निर्माण का कार्य शुरू किया जायेगा, दुर्गा पूजा तक का लक्ष्य हैं कि डिमना रोड स्थित ब्लूबेल्स स्कूल से शुरू होने वाला पाइल नंबर 30 से कार्य शुरू होगा और 29, 28 नंबर के बाद 13 नंबर वाला पाइल जो स्वर्णरेखा नदी के किनारे हैं वो पूरा हो जायें। 6 सितम्बर के शुभ दिन को पूरे विधि विधान से कार्य का शुभारम्भ किया जायेगा जिसमें मानगो की जनता को भी शामिल होने का



आग्रह उन्होंने किया हैं। उन्होंने आगे बताया कि बहुत सारे बाधाऐं आई लेकिन मानगो की जनता से किया गया वायदा के लिए मैंने हर संभव प्रयास किया और आज इसका नतीजा हैं कि सब जाँच कार्य सफल हुआ हैं और 18 माह के बाद मानगो और जमशेदपुर की जनता को जमशेदपुर में बनने वाले पहला फ्लाईओवर का सौगात मिलेगा, इसके बनने के बाद जाम से मुक्ति मिलेगी और सड़क दुर्घटना में भी रोक लगेगी।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 16 पंचायत और 2 नगर निकाय में आयोजित हुआ शिविर



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज 11 प्रखंड के 16 पंचायत और 2 नगर निकायों में शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में अबतक (अपराह्न 5:30 बजे तक डाटा इंट्री) 24599 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 4759 का निष्पादन किया जा चुका है। पंचायत स्तरीय शिविर में शामिल होकर विधायकगण बहरागोड़ा समीर मोहंती एवं पोटका संजीव सरदार ने आमजनों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आपकी समस्याओं का समाधान को लेकर आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण इन शिविरों में बड़ी संख्या में शामिल होते हुए योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करें। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक सीधे पहुंचाना है। अपनी समस्याओं को लेकर बेझिझक शिविर में आएं, योजनाओं का भी लाभ लें । पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया जा रहा, कई योजनाओं में ऑन द स्पॉट स्वीकृति दी जा रही ।

## भादो अमावस्याः जुगसलाई दादी मंदिर में भजन कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर मे हर साल की तरह इस साल भी भादो मास अमावस्या को उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धा और विश्वास के साथ भादो अमावस्या पर झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी की विशेष पूजा सुबह 06.30 बजे से शुभारंभ हुई। मंदिर के पुजारी बिमल पाण्डेय ने पूजा करायी। भादो अमावस्या पर मंदिर में पूजा एवं दर्शन के लिए दिन भर दादी भक्तों का आना-जाना लगा रहा। जिससे मदिर में मेला जैसा माहौल बना रहा। साथ ही सारे दिन पूजा एवं जात का धार्मिक कार्यक्रम चलता रहा। संध्या 6.20 पर आरती की गयी। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जो रात लगभग 10 बजे तक चला।

## झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान आया 1 हजार का मैसेज, चहक उठीं महिलाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पिछले कई दिनों से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि के इंतजार में बैठी पटमदा प्रखंड की महिलाओं के लिए सोमवार की शाम 5 बजे का समय खुशियों भरा रहा। मौका था झामुमो के पटमदा प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन का। यहां सभी पंचायतों से कार्यकर्ता पहुंचे थे जिसमें महिला मोर्चा व युवा मोर्चा का गठन कार्यक्रम प्रस्तवित होने की वजह से महिलाओं की संख्या अधिक थी। बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई के झामुमो विधायक मगंल कालिंदी का संबोधन लगभग समाप्ति की ओर था और वह कह रहे थे कि आज ही जिले के उपायुक्त से मिलकर पूछेंगे कि किस कारण से अब तक मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं आई। इसी बीच कुछ महिलाओं के मोबाइल फोन पर मैसेज आना शुरू हो गया। जब महिलाओं ने मैसेज पढ़ा और बैठक में मौजूद अन्य महिलाओं को जानकारी दी तो सभी महिलाएं खुशी से चहक उठीं। इससे पहले विधायक ने



कहा कि भाजपा के लोग नहीं चाहते हैं कि जनता को किसी भी योजना का लाभ मिले इसलिए मंईयां सम्मान योजना को बंद कराने के लिए हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया है। उन्होंने सर्वजन पेंशन, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, बकाया बिजली बिल माफी, एकमुश्त समझौता, 2 लाख तक किसानों की ऋण माफी, अबुआ आवास, अबुआ स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत कई उपलब्धियों एवं योजनाओं का उल्लेख किया।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में विशिष्ट व्याख्यानमाला का आयोजन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम के प्रांगण में आज 2024 को विशिष्ठ व्यक्तित्व के व्यक्तियों द्वारा द्वितीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। आज की व्याख्यान श्रृंखला के वक्ता आध्यात्म जगत के विख्यात एवं लब्ध प्रतिष्ठित प्रेरक तथा युवा मार्गदर्शक हिज ग्रेस नाम प्रेम प्रभु, अध्यक्ष, इस्कॉन, धनबाद थे। आज के व्याख्यान का थीम युवाओं के जीवन निर्माण एवं चरित्र गठन के लिए कुछ दिशा निर्देश एवं राष्ट्र निर्माण हेतु युवाओं की भूमिका हेतु कुछ सुझाव था । आज की व्याख्यानमाला में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलपति प्रो. जे. पी. मिश्रा , कुलसचिव प्रो.(डॉ.) गुलाब सिंह आज़ाद , परीक्षा नियंत्रक श्री मिथिलेश सिंह , विभिन्न स्कूलों/ विभागों के प्राचार्यगण , प्राध्यापकगण एवं सहायक अध्यापक तथा बहुत बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.(डॉ.) गुलाब सिंह आज़ाद ने हिज ग्रेस प्रेम प्रभु जी का शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## कुकडु प्रखंड आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम आयोजित



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को कुकडु प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मनरेगा,स्वास्थ्य,आवास सहित सभी कल्याणकारी योजनाओं का आवेदन प्राप्त किया गया। वही आईसीडीएस की ओर से पोष्टिक आहार से संबंधित जानकारियां लोगो को दिया गया एवम एक नवजात शिशु का अन्नप्रासन एवम एक गर्भवती महिला का गोद भराई रश्म पूरा किया गया। लोग राशन कार्ड व मईया सम्मान योजना को लेकर पहुँचे वही मईया योजना का पहला क़िस्त नही मिलने वाले लाभुकों भी पहुंचे। कार्यक्रम में कुकडु प्रखंड के बीस सूत्री उपाध्यक्ष नावकिशोर हांसदा, उप मुखिया लाल मोहमद, समाजसेवी कित्तिवास महतो,समशेर अली आदि उपस्थित हुए।

## पोंडाकाटा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का हुआ वितरण



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के पोंडाकाटा पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम पंसस मलिका महतो प्रखंड सचिव सह समाजसेवी मुन्ना सोय बीएओ लिबुनश हेंब्रम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें सरकारी विभागों द्वारा कई स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया गया है। वही ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे तौर पर रूबरू हुए साथी उन्होंने ग्रामीणों को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया।इस मौके पर प्रखंड लिपिक सुनिता सिंह कनिय अभियंता सुमित कवि प्रशांत सिन्हा जैनेंद्र कुमार पंकज कुंभकार रागिनी टोपनो बीना बांकिरा आदि उपस्थित थे।

## प्रफुल्ल कुमार महतो की पुण्यतिथि पर पटमदा डिग्री कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज जाल्ला के एनएसएस यूनिट एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य सह झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त दिवंगत प्रफुल्ल कुमार महतो की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डिग्री कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक ने प्रफुल्ल कुमार महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, प्रमथ नाथ मंडल, आदित्य महतो, डॉ सुमंत कुमार सेन, अरूण कुमार, केपी महतो, काशीनाथ महतो, विश्वनाथ महतो, मृत्युंजय महतो, पंचानन दास, भीष्मनाथ महतो, वृंदावन दास, अनिल चंद्र महतो, फुलचांद महतो, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## कपाली में नवदंपती की संदिग्ध स्थिति में मौत से क्षेत्र में सनसनी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल थाना के कपाली ओपी अंतर्गत वार्ड नंबर 2 के मिल्लत नगर शाहीन कॉलोनी में सोमवार की सुबह नवदंपती की संदिग्ध स्थिति में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. दोहरी मौत की खबर मिलने के बाद सुबह से ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई. लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा होने लगी. मिली जानकारी के अनुसार कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 2 के मिल्लतनगर शाहीन कॉलोनी में रहने वाले गैरेज मिस्त्री हुसैन मोमिन और उसकी पत्नी दिलकश नगमा का शव घर के अंदर बेड पर पड़ा मिला. मामले को लेकर परिजनों का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी सोमवार को सुबह हुई. इसके बाद उनलोगों ने कपाली ओपी की पुलिस को इसकी जानकारी दी.

## करीम सिटी कॉलेज के मानव घोस यूथ सोशल आइकन अवार्ड 2024 से सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक मानव घोष को राष्ट्रीय यूथ सोशल आइकन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान यूथ सोशलग्राम फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया जो नीति आयोग, भारत सरकार से पंजीकृत हैं। राष्ट्रीय सम्मान समारोह 1 सितंबर को रेवाड़ी (हरियाणा) में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान, राष्ट्रपति सम्मान, अंतर्राष्ट्रीय समरसता सम्मान प्राप्त करने वाली महिला सामाजिक कार्यकर्ता मंजू कौशिक , प्रतिष्ठित फिल्म निर्देशक हरिओम कौशिक, सेना मेडल से सम्मानित हवलदार निहाल,अंतरराष्ट्रीय पहलवान मनीष यादव , राज्य नोडल अधिकारी एवं कला विकास परिषद के अध्यक्ष अनिल कौशिक जैसे विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में हुआ। देशभर से सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 300 से अधिक लोगो ने आवेदन किया था जिसमें से 15 समाजसेवी युवाओ को इस सम्मान नवाजा गया।

## सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते है सरयू राय : राजपूत



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस जिला सचिव राजा सिंह राजपूत ने आज मीडिया को जारी बयान में पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय पर हमला बोलते हुए कहा कि भुईयाडीह के कल्याणनगर,इंद्रानगर व छायानगर सहित स्वर्णरिखा नदी तट के 150 घरों को जिला प्रशासन द्वारा तोड़े जाने के नोटिस को लेकर विधायक सरयू राय द्वारा लागातर सफेद झूठ बोला जा रहा है. विधायक सरयू राय को जानकारी होने के बावजूद उन्होंने बस्ती वासियों से यह बात छिपायी की अर्जुन मुंडा ने एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई है. डॉ. अजय कुमार द्वारा जब बताया गया कि एनजीटी में अर्जुन मुंडा ने शिकायत की है तो सुबोध श्रीवास्तव ने डॉ. अजय से सबुत मांगा था. अब जबकि साबित हो गया कि शिकायत अर्जुन मुंडा ने की थी. तो कहा जा रहा है कि उस शिकायत में इन बस्तियों का नाम नहीं है. कहा, जब आपने शिकायत में स्वर्णरिखा नदी तट पर बनी बड़ी इमारतों और घरों को जिक्र कर दिया तो फिर ये बस्तियां उससे अलग कैसे हो गई. जिला सचिव राजपूत ने कहा, विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के लोगों को ठगने का काम किया है.

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चिलगु व भादूडीह पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें सरकारी विभागों द्वारा कई स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया गया। वही चांडिल प्रखंड के बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे तौर पर रूबरू हुए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया। इधर 27 अगस्त से सभी मुखिया हड़ताल पर हैं. मुखिया की हड़ताल पर रहने से सरकार के कई



महत्वकांक्षी कार्यक्रम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उप मुखिया को पावर देना होगा तब जाके जरुरत लाभुकों को दैनिक कार्यो में सहूलियत मिलेगा. कार्यक्रम के दौरान चिलगु पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया की हड़ताल पर दुःख जाहिर किया ग्रामीणों का कहना है की मुखिया कोई डिग्री लेके नहीं जीता है हम सभी ग्रामीणों ने चुन के मुखिया बनाया है।

## कमरे के अभाव में ओड़िया मध्य विद्यालय के बच्चे बरामदे में बैठकर कर रहे हैं पढ़ाई



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर प्रखंड के केरा गांव का ओड़िया मध्य विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है। शिक्षा परियोजना परिषद के आदेश पर 2019 में स्कूल में बने 10 में से छह जर्जर कमरे को तोड़वा दिया था। लेकिन उसके 5 साल बीत जाने के बाद भी उक्त कमरों के स्थान पर नये कमरे का निर्माण नहीं हो पाया है। जिसके कारण बच्चों को बरामदें में बैठकर मजबूरी में पढ़ाई करनी पड़ रही है। स्कूल की ऐसी दुर्दशा को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं। इसको लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक कर निर्णय लिया कि यदि भवन का जीर्णोद्धारा समय से नहीं होता है और शिक्षकों की बहाली नहीं होती है तो आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों का 18 सदस्यों प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को जिले के डीसी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपेंगे। इस ज्ञापन के जरिये केरा के उड़िया मध्य विद्यालय के भवन निर्माण, शिक्षकों की बहाली एवं स्कूल की हाई स्कूल मेंअप ग्रेड करने की मांग की जाएगी। इस बैठक में गांव के भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खुंटपानी के बडाचिरु में चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जेएचजी टीम ने जमाया कब्जा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकाशवाणी क्लब के द्वारा खूंटपानी प्रखण्ड के बडाचिरू मैदान में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता-2024 संपन्न हो गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे खरसावां के विधायक दशरथ गागराई मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बडाडुगंरी एफसी के टीम को 2-1 से पराजित कर प्रथम आदित्या स्पोंटिग की टीम चैम्पियन बनी। जबकि महिला वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ड्रगान एफसी की टीम को 1-0 से पराजित कर जेएचजी की टीम चैम्पियन बनी। वही चालीस प्लस फुटबॉल प्रतियोगिता में अलोना स्पोंटिग को 1-0 से पराजित कर बुडे इड़ा बले तसड फुटबॉल टीम चैम्पियन बनी। बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता आदित्या स्पोंटिग को एक लाख, उपविजेता टीम बडाडुगंरी एफसी 30 हजार नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक दशरथ गागराई, दुर्गा चरण पाड़ेया, रंदो बानरा, रुपेश बानरा, किरण बानरा, मनीष बानरा,सरोज कुमार दास आदि उपस्थित थे।

## एसएस प्लस 2 उच्च विद्यालय में स्वच्छता शपथ और जागरूकता कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** एसएस प्लस 2 उच्च विद्यालय पटमदा में सोमवार को स्वच्छता जागरूकता दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधन समिति, अभिभावक, शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान आयोजित विशेष बैठक में विद्यालय और घर में स्वच्छता के अच्छी आदतों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता एक महत्वपूर्ण विषय है जो हमारे स्वास्थ्य, समुदाय और पर्यावरण को प्रभावित करती है।

## सांसद जोबा माझी के प्रयास से मृतकों के आश्रितों को मिला एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले में एक केमिकल फैक्ट्री में मजदूरी करने गये गोइलकेरा के दो युवकों की मौत विस्फोट व आग लगने की घटना में हो गयी थी। सोमवार को सांसद जोबा माझी ने दोनों मृतक मजदूर के आश्रितों को मुआवजा का एक-एक करोड़ रूपये का चेक सौंपा। घटना विगत 23 अगस्त की है। जिसमें गोइलकेरा के दो सहित तीन मजदूरों की झूलसने से जान चली गयी थी। मृतकों में गोइलकेरा के खजुरिया के रहने वाले लाल सिंह पुरती और कुमारतोडांग के रोया अंगरिया की भी मौत हो गई थी। दोनों मजदूर उसी केमिकल फैक्ट्री में काम करते थे, जहां विस्फोट और अगलगी की घटना हुई थी। आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले में साइनरजीन एक्टिव इंग्रेडिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड में हुई इस घटना की जानकारी मिलने के बाद सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इससे अवगत कराया। सोमवार को चाईबासा स्थित समाहरणालय में सांसद जोबा माझी और उपायुक्त कुलदीप चौधरी द्वारा लाल सिंह पुरती की पत्नी चांदु अंगरिया और रोया अंगरिया की पत्नी जानो देवगम को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजे का चेक सौंपा।

## अभा ब्रह्मर्षि समाज के गम्हरिया इकाई का कमेटी विस्तार, नए सदस्यों को दी गई जिम्मेदारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज, गम्हरिया इकाई की बैठक स्थानीय घोड़ाबाबा मन्दिर परिसर में अध्यक्ष आरपी चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नई कमेटी में सर्वसम्मति से मुख्य रूप से कृष्ण मोहन सिन्हा, दिनेश कुमार सिंह, मनोरंजन सिंह, संजय सिंह, विजय कुमार सिंह, नागेश्वर शर्मा और राम लगन सिंह को संरक्षक के रूप में रखा गया है। साथ ही, अमरेश कुमार ईश्वर, कुंदन कुमार सिंह व राम प्रताप शर्मा को उपाध्यक्ष, अमित कुमार सिंह को सचिव, विपेंद्र सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह व अमर सिंह को सह सचिव तथा रवि रंजन सिंह व राजीव कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इस मौके पर समाज के जिला महामंत्री अशोक सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मनोरंजन सिंह, मनीष कुमार, विपेंद्र राय, अमरेश कुमार ईश्वर के अलावा काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।


### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

**ई०–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–***RE-01/RDSD/RAMGARH/01/2024-25***

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– MMGSY मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेषन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/MMGSY /01/2024-25 | रामगढ़ | हेसला | रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड के कैरा बिहार से हेसला पथ में दामोदर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 87206300 | 1745000 | 10000 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 05.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.09.2024 से 11.09..2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 12.09.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9939700965
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR 334372 (District)24-25*D

संपादकीय

# पुलिस की निषक्रियता पर न्यायालय की नाराजगी

**कोलकाता** सामूहिक दुष्कर्म और बदलापुर के यौन शोषण के मामले में पुलिस की निषक्रियता पर न्यायालयों ने सख्त टिप्पणियां की हैं। कोलकाता प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय और बदलापुर में उच्च न्यायालय की टिप्पणियों से पुलिस प्रशासन के काम करने के तौर-तरीकों पर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि ये सवाल पहले से मुंह बांए खड़े थे। पुलिस की निषक्रियता उसकी अपनी अव्यवस्था के कारण तो होती ही है लेकिन राज्य सरकार के दबाव में भी कई बार पुलिस सुस्त गति से कार्रवाई करती नजर आती है। पश्चिम बंगाल की पुलिस पिछले कुछ वर्षों में इस मामले में बहुत बदनाम हुई है कि वह राज्य सरकार के दबाव में काम करती है। महिला अपराधों में जिस तीव्र गति और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपेक्षा पुलिस से है, उसकी अकसर कमी दिखायी देती है। कोलकाता मामले में ही सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस की भूमिका और कार्यवाही की सुस्त गति पर हैरानी जताई है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कहा है कि "न्यायालय को कोलकाता पुलिस की भूमिका पर संदेह है। जांच में ऐसी लापरवाही अपने 30 साल के करियर में नहीं देखी"। दुष्कर्म के मामले में एफआईआर दर्ज करने में जिस प्रकार की देरी पुलिस ने की है, उससे संदेह के बादल गहराते हैं। प्रथम दृष्टया साफ पता चलता है कि सबूत मिटाने के लिए भी अपराधियों को पर्याप्त समय दिया गया है। अपराध स्थल को सुरक्षित रखने के पर्याप्त प्रबंध पुलिस ने नहीं किया। कोलकाता सामूहिक दुष्कर्म के मामले में जनता के मन में जो आक्रोश है, उसका एक बड़ा कारण पुलिस प्रशासन की भूमिका को लेकर भी है। पुलिस की भूमिका इसलिए भी संदेहास्पद है कि उसने अपराधियों को पकड़ने, सबूत एकत्र करने और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने में भले ही सुस्ती दिखायी लेकिन इस मामले में सोशल मीडिया पर अपना आक्रोश व्यक्त करनेवाले नागरिकों को नोटिस देने में कोलकाता पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखायी दी। महाराष्ट्र के बदलापुर में दो बच्चियों के साथ हुए यौन शोषण के मामले में भी पुलिस की इसी प्रकार की सुस्ती दिखायी दी है। इस प्रकरण में भी एफआईआर दर्ज करने में बहुत विलंब किया गया। यहाँ तो तीन दिन की देरी से मामला पंजीबद्ध किया गया। यहाँ विद्यालय प्रबंधन की नीयत पर भी सवाल है कि जब उसकी जानकारी में मामला आ गया था तो उसी समय पुलिस को जानकारी क्यों नहीं दी गई? बदलापुर मामले में जब जनता सड़क पर उतरी है, उसके बाद ही पुलिस ने मामला दर्ज किया। क्या हम सभी मामलों में तभी गंभीरता और ईमानदारी से काम करेंगे, जब जनता का दबाव आएगा। जब जनता आक्रोशित होकर सड़कों पर उतरेगी। बदलापुर मामले में मुंबई उच्च न्यायालय ने विद्यालय प्रबंधन और पुलिस प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायालय ने चिंता जताई है कि ऐसे मामलों में यदि जनता को सड़कों पर आना पड़ा तो सोच लीजिए भविष्य में क्या होगा? पुलिस को स्वयं के भीतर से ही बहुत बड़े सुधारों की आवश्यकता है। राज्य शासन के दबाव से मुक्त रहकर कार्रवाई करने का अभ्यास पुलिस का होना चाहिए। अन्यथा, एक समय ऐसा आएगा जब लोगों को पुलिस पर जरा भी विश्वास नहीं रहेगा और यह स्थिति ठीक नहीं होगी।

यौन शोषण के मामले में पुलिस की निषक्रियता पर न्यायालयों ने सख्त टिप्पणियां की हैं। कोलकाता प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय और बदलापुर में उच्च न्यायालय की टिप्पणियों से पुलिस प्रशासन के काम करने के तौर-तरीकों पर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि ये सवाल पहले से मुंह बांए खड़े थे। पुलिस की निषक्रियता उसकी अपनी अव्यवस्था के कारण तो होती ही है लेकिन राज्य सरकार के दबाव में भी कई बार पुलिस सुस्त गति से कार्रवाई करती नजर आती है। पश्चिम बंगाल की पुलिस पिछले कुछ वर्षों में इस मामले में बहुत बदनाम हुई है कि वह राज्य सरकार के दबाव में काम करती है। महिला अपराधों में जिस तीव्र गति और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपेक्षा पुलिस से है, उसकी अकसर कमी दिखायी देती है। कोलकाता मामले में ही सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस की भूमिका और कार्यवाही की सुस्त गति पर हैरानी जताई है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कहा है कि "न्यायालय को कोलकाता पुलिस की भूमिका पर संदेह है। जांच में ऐसी लापरवाही अपने 30 साल के करियर में नहीं देखी"। दुष्कर्म के मामले में एफआईआर दर्ज करने में जिस प्रकार की देरी पुलिस ने की है, उससे संदेह के बादल गहराते हैं। प्रथम दृष्टया साफ पता चलता है कि सबूत मिटाने के लिए भी अपराधियों को पर्याप्त समय दिया गया है।

आज के दौर में हम जितना भी सादा भोजन करें हम किसी न किसी मात्रा में नमक और चीनी तो लेते ही होंगे

# नमक और चीनी में प्लास्टिक

रजनीश कपूर

भारत में बढ़ते हुए कैंसर रोग के मरीज़ों, दिल के रोग के मरीज़, मोटापे और अन्य बीमारियों का कारण भी कहीं रोज़मर्रा खाने वाले नमक और चीनी में मौजूद ये प्लास्टिक के कण तो नहीं? यदि ऐसा है तो यह एक गंभीर मामला है। घरेलू नमक और चीनी में पाये जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें आप अपनी आँख से देख भी नहीं सकते। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के इतने सूक्ष्म कण आपके शरीर में कई सालों तक रह सकते हैं। इतने वर्ष तक यदि ऐसे कण आपके शरीर में रह जाएँगे तो इनका आपकी सेहत पर दुष्प्रभाव तो पड़ेगा ही।

**भारत** में बढ़ते हुए कैंसर रोग के मरीज़ों, दिल के रोग के मरीज़, मोटापे और अन्य बीमारियों का कारण भी कहीं रोज़मर्रा खाने वाले नमक और चीनी में मौजूद ये प्लास्टिक के कण तो नहीं? यदि ऐसा है तो यह एक गंभीर मामला है। घरेलू नमक और चीनी में पाये जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें आप अपनी आँख से देख भी नहीं सकते। पिछले सप्ताह एक एनजीओ द्वारा किए गए शोध से पता चला कि देश में अधिकतर नमक और चीनी निर्माता हमें प्लास्टिक के छोटे-छोटे कण खिला रहे हैं। 'टॉक्सिक्स लिंक' नाम की एक एनजीओ के पर्यावरण अनुसंधान विभाग द्वारा किए गए एक शोध के बाद यह दावा किया। जबसे यह खबर उजागर हुई तो उपभोक्ताओं के मन में कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। भारत में बढ़ते हुए कैंसर रोग के मरीज़ों, दिल के रोग के मरीज़, मोटापे और अन्य बीमारियों का कारण भी कहीं रोज़मर्रा खाने वाले नमक और चीनी में मौजूद ये प्लास्टिक के कण तो नहीं? यदि ऐसा है तो यह एक गंभीर मामला है। घरेलू नमक और चीनी में पाये जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें आप अपनी आँख से देख भी नहीं सकते। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के इतने सूक्ष्म कण आपके शरीर में कई सालों तक रह सकते हैं। इतने वर्ष तक यदि ऐसे कण आपके शरीर में रह जाएँगे तो इनका आपकी सेहत पर दुष्प्रभाव तो पड़ेगा ही। अब चूँकि यह शोध सामने आया है तो इसे गंभीरता से लेते हुए इसकी विस्तृत जाँच भी होनी चाहिए और साथ ही दोषियों के ख़िलाफ़ उचित क़ानूनी कार्यवाही भी की जानी चाहिए। आज के दौर में हम जितना भी सादा भोजन करें हम किसी न किसी मात्रा में नमक और चीनी तो लेते ही होंगे। यदि इन जरूरी तत्वों के सेवन से हमें कैंसर और दिल के रोग होने लग जाएँ तो इंसान कहाँ जाए? यदि मिलावटी मसालों की बात होती है तो हम अपनी दादी-नानी के घरेलू नुस्खे आज़मा कर रोज़मर्रा के मसालों को घर में ही कूट-पीस सकते हैं। यदि दूषित पानी और कीटनाशक से उगी सब्ज़ियों और फलों की शिकायत मिले तो हम जैविक खेती की मदद से शुद्ध सब्ज़ियों और फलों का सेवन कर लेते हैं। परंतु यदि हर घर में इस्तेमाल होने वाले नमक और चीनी में ही इस क़दर मिलावट होने लगे तो आपक्या करेंगे?



लालच इंसान को किस हद तक ले जाता है कि मुनाफ़े के चक्कर में कुछ चुनिंदा उद्योगपति आम जनता को ज़हर परोस रहे हैं। 'माइक्रोप्लास्टिक्स इन सॉल्ट एंड शुगर' नाम की इस स्टडी में 'टॉक्सिक्स लिंक' ने टेबल सॉल्ट, रॉक सॉल्ट, समुद्री नमक और स्थानीय कच्चे नमक सहित 10 प्रकार के नमक और ऑनलाइन तथा स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी का टेस्ट करने के बाद इस स्टडी को पेश किया। अध्ययन में यह चौकने वाला सच सामने आया कि नमक और चीनी के सभी नमूनों में अलग-अलग तरह के माइक्रोप्लास्टिक्स शामिल थे। इनमें फाइबर, पेलेट्स, फिल्म्स और फ्रैगमेंट्स पाये गये। शोध के अनुसार इन माइक्रोप्लास्टिक्स का आकार 0.1 मिमी से 5 मिमी के बीच पाया गया। सबसे अधिक माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा आयोडीन युक्त नमक में पाई गई, जो मल्टीकलर के पतले फाइबर और फिल्म्स के रूप में थे। जाँच रिपोर्ट के अनुसार, चीनी के नमूनों में, माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा 11.85 से 68.25 टुकड़े प्रति किलोग्राम तक पाई गई, जिसमें सबसे अधिक मात्रा गैर-ऑर्गेनिक चीनी में पाई गई। वहीं ग़ौरतलब है कि नमक के नमूनों में प्रति किलोग्राम माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा 6.71 से 89.15 टुकड़े तक पाई गई। आयोडीन वाले नमक में माइक्रोप्लास्टिक्स की सबसे अधिक मात्रा (89.15 टुकड़े प्रति किलोग्राम) और ऑर्गेनिक रॉक सॉल्ट में सबसे कम (6.70 टुकड़े प्रति किलोग्राम) पाई गई। उल्लेखनीय है कि इस विषय पर किए गए पिछले शोधों में पाया गया है कि औसत भारतीय हर दिन 10.98 ग्राम नमक और लगभग 10 चम्मच चीनी का सेवन करता है, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सीमा से काफी अधिक है। ऐसे में यदि हमारे शरीर में माइक्रोप्लास्टिक भी प्रवेश कर रहा है तो यह हमें कितना नुक़सान पहुँचाएँगे इसका अंदाज़ा नहीं लगाया जा सकता। माइक्रोप्लास्टिक के कण मानव शरीर में मिलावटी भोजन के अलावा हवा और पानी के ज़रिये भी प्रवेश कर सकते हैं। एक अन्य शोध में यह भी पता चला कि माइक्रोप्लास्टिक मानव शरीर में फेंफड़े, ह्रदय जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों में बड़ी आसानी से प्रवेश कर लेते हैं। इतना ही नहीं एक शोध में यह भी पाया गया कि नवजात व अजन्में बच्चों में भी माइक्रोप्लास्टिक प्रवेश कर चुके हैं। चिंता का विषय यह है कि भारत में निर्मित चीनी और नमक में इतनी मात्रा में मिलने वाले ऐसे तत्व क्यों पाये जा रहे हैं? क्या ऐसी स्टडी पहली बार हुई है? इससे पहले भी कई तरह के शोध मिलावटी उत्पादों को लेकर हुए हैं। क्या उन पर उचित कार्यवाही की गई? क्या सरकार ने ऐसे कड़े नियम बनाए कि ऐसी गलती करने पर निर्माताओं के ख़िलाफ़ कड़ी क़ानूनी कार्यवाही की जाए? वैज्ञानिक शोध का मतलब स्पष्ट रूप से यही होता है कि जिस भी शोध में कुछ भी हानिकारक पता चले, उसे जनता के सामने पेश किया जाए। परंतु क्या ऐसे शोध को केवल जनता के सामने लाने से ही समस्या का हल निकल जाएगा? यदि उपभोक्ता जागरूक हो जाए और देश के सरकारी विभाग इस बात को सुनिश्चित कर लें कि किसी भी हाल में जनता को मिलावटी उत्पाद नहीं बेचे जा सकते, तो शायद स्थिति कुछ बेहतर हो। परंतु हमारे देश में जहां हर काम भ्रष्टाचार के 'पेपर वेट' के सहारे होता है वहाँ कब, क्या और कितना होगा यह बताना मुश्किल है? फ़िलहाल हर उपभोक्ता को जागरूक होना ज़रूरी है। इसके साथ ही देश में 'टॉक्सिक्स लिंक' या अन्य सचेत एनजीओ का होना भी ज़रूरी है जो जनहित में ऐसे शोध जनता के सामने लाते हैं। आनेवाले समय में देखना यह होगा कि देश भर में काम कर रही ऐसी तमाम एनजीओ के शोध को सरकार कितनी गंभीरता से लेती है और दोषियों के ख़िलाफ़ क्या क़ानूनी कार्यवाही की जाती है। तब तक के लिए हमें सचेत रहना चाहिए और जहां तक संभव हो मिलावटी उत्पादों से बचना चाहिए।

दृष्टि कोण

# हिन्दुत्व व सर्वधर्म समभाव है संविधान की आत्मा

**यह** संविधान पूर्ण रूप से हिन्दू संस्वृति व हिन्दू परंपराओं पर आधारित हैं जिसका उद्देश्य एक नियमित जीवन जीने और सबको समान अवसर प्रादान करना है। एनडीए-घ्घसरकार के गठन के पात जब से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाया गया और नागरिक संशोधन अधिनियम तथा एनआरसी लाया गया तो देश में अलगाववादी शक्तियां सरकार पर यह आरोप लगाती रही हैं कि संघ के निर्देशानुसार यह भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहती है। जबकि यह आरोप पूरी तरह से निराधार है। वास्तविकता यह है कि भारत रत्न डॉ. अंबेडकर व उनके सहयोगियों जिसमें टीटी वृष्णामचारी, ए. वृष्णास्वामी अय्यर, केएम मुंशी, गोपाल स्वामी आयंगर, मोहम्मद सदुल्ला आदि ने देश को ऐसा संविधान दिया जिसकी आत्मा हिन्दुत्व व सर्वधर्म समभाव है। प्राचीनकाल में चाणक्य द्वारा प्रातिपादित च्व्रावता समार्ट की अवधारणा एक ऐसी शक्ति की थी कि आपातकाल तथा युद्ध की स्थिति में सत्ता का एकमात्र वेंद्र बने जबकि सामान्य स्थिति में सत्ताधिकारी क्षेत्रीय क्षत्रप थे, भारत के संविधान की धारा 356 मूल रूप से यही बोध कराती है। चूंकि भारत का संविधान एकत्ववादी होते हुए भी क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संघीय स्वरूप का प्रायोग करता है जबकि न्यायाधिकरण व न्यायालय राष्ट्रीय स्वरूप से संचालित है, ऐसे में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान हिन्दू परंपरा का ही अंग है। भारत की संसद जो भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का द्योतक है, जो राष्ट्रीय नीति निर्माण संबंधी बहस का विचार स्थल है, जहां देश का भविष्य तय होता है, वहां पर भी हिन्दुत्व का प्राभाव देखा जा सकता है। संसद में लोकसभा अध्यक्ष की पीठ के ऊपर अंकित शब्द है, धर्म च्व्रा प्रावर्तनीय। भारतीय शासन पद्धति के आधार को धर्म मानते हुए भारत को राष्ट्रीय ध्वज को भी धर्मच्व्रा को स्थान दिया गया है। जो सूत्र वाक्य संसद भवन की दीवारों व गुंबदों पर अंकित है। वह सभी भारतीय संस्वृति के मूल्यों और परंपराओं की याद दिलाते हैं। यदि हम भारत की विभिन्न संस्थानों द्वारा अपनाए गए आदर्शों पर दृष्टि डालें तो यह धारणा और पक्की हो जाती है।

1. भारत सरकार—सत्यमेव जयते।
2. सर्वोच्च न्यायालय—यतो धर्मास्ततो जया।
3. आकाशवाणी—बहुजन हितायः।
4. दूरदर्शन—सत्यं शिवम सुंदरम।
5. भारतीय सेना—सेवा अस्माकम धर्मा।
6. भारतीय नौसेना—शन नो तरुणा।
7. भारतीय वायुसेना—नमः स्पर्श दीप्तम।
8. भारतीय जीवन बीमा—योगक्षेम वहाम्यहम।

यह आदर्श हिन्दू संस्वृति के आदर्श हैं। यह किसी धार्मिक मत को सूचित नहीं करते, यह मात्र सयता के मूल्य हैं, जिनकी स्वीवृति मानवतावाद और सही तरीके से जीवन जीने की प्रातिबद्धता है। जिन्हें अपनाना आधुनिक भारत के लोकतांत्रिकराजनीतिक भविष्य के लिए प्रासंगिक समझा जाता है। भारत का संविधान व देश की राजनीति हिन्दू संस्वृति के रीति-रिवाज व प्राचीन जीवन की मूल्य प्राणाली तथा हिन्दुत्व पर बल देते हैं। इसी प्राकार देश की उच्च न्यायपालिका की व्यवस्था व व्याख्या का आधार प्राचीन भारत के सांस्वृतिक व देश की राजनीति हिन्दू संस्वृति के रीति-रिवाज व प्राचीन जीवन की मूल्य प्राणाली तथा हिन्दुत्व पर बल देते हैं। इसी प्राकार देश की उच्च न्यायपालिका की व्यवस्था व व्याख्या का आधार प्राचीन भारत के सांस्वृतिक व सामाजिक आधार है। यह मात्र कानूनी अभिव्यक्ति नहीं अपितु देश के मौलिक सांस्वृतिक विचारों और राजनीतिक मानदंडों की अभिस्वीवृति है। डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान हमारी संसद, हमारी सर्वोच्च न्यायपालिका और राज्य के महत्वपूर्ण अंग बड़ी स्पष्टता से मानते हैं कि स्वतंत्र भारत के भाग्य को आकार देने के लिए प्रामाणिक रत्रोत हिन्दू आदर्शों की सदियों पुरानी विरासत और सयता रहेगी। देश का 1947 में सांप्रादायिक आधार पर बंटवारा हो गया परन्तु जो अल्पसंख्यक पाकिस्तान नहीं जाना चाहते थे उन्हें सुरक्षा प्रादान करने के उद्देश्य से संविधान में अनुच्छेद 29 व 30 का प्रावधान किया गया। अनुच्छेद 29 कहता है कि भारत के राज्य क्षेत्र या किसी भी भाग में रहने वाले किसी अल्पसंख्यक नागरिक को अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि व संस्वृति के संरक्षण का अधिकार होगा। यह संविधान पूर्ण रूप से हिन्दू संस्वृति व हिन्दू परंपराओं पर आधारित हैं जिसका उद्देश्य एक नियमित जीवन जीने और सबको समान अवसर प्रादान करना है। हिन्दू धर्म में आईं वुरीतियों अस्पृश्यता और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से आरक्षण की व्यवस्था की गई और डॉ. अंबेडकर ने माना कि आरक्षण मात्र एक सुविधा नहीं अपितु यह एक सोशियो पोलिटिकल नेसेसिद्धी है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## तालाटांड़ एवं हफुआ आजसु पंचायत अध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड के पंचायत हफुआ में आजसू के पंचायत अध्यक्ष बबलू करमाली और हफुआ पंचायत बूथ अध्यक्ष बंशी मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरुषो ने आजसू पार्टी छोड़ कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। विधायक अंबा प्रसाद ने सभी को अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया।सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि समस्या कैसा भी हो हर दल के लोग मुझे अपना मान पूरे अधिकार से सहयोग ले। पूरा बड़कागांव विधानसभा मेरा परिवार है उनकी सेवा करने के लिए सदैव ततपर हुं।कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले में मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष बबलू करमाली,हफुआ पंचायत बूथ अध्यक्ष बंशी मुंडा, सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य निर्मला देवी, मीना देवी, मालती देवी, विमला देवी, रेखा देवी, महेश महतो, रंजीत तुरी, जितेंद्र राम, सलीम अंसारी, सलामत अंसारी, एनुल हक, किशोर मुंडा, असलम खान, भारत मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, सुरेश गंजू, बंधन मुंडा, सुकरी देवी, मीना देवी, सरस्वती देवी, कौशल्या देवी, पूनम देवी, सरस्वती देवी, देवंती देवी, मालती देवी,तेजन गंझु सहित कई महिला पुरुष थे।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी ने मांडू प्रखंड में की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष के निर्देश पर एक आवश्यक बैठक मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू फोर लेन स्थित आम्रपाली होटल में की गई। बैठक अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष श्रीमती ज़ोया परवीन की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन ज़िला उपाध्यक्ष मो इलियास अंसारी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया मौके पर राजद एवं अन्य दल से मो वाहिद घाटों, मो सनव्वर,तौसीफ अहमद,नेक नौशाद आदि ने रामगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी की जिला अध्यक्ष जोया परवीन के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन की मजबूती पर विचार किया गया साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का कार्य करेंगे साथ ही रामगढ़ विधानसभा से इंडिया गठबंधन द्वारा जो भी प्रत्याशी बनाया जाएगा जिसके लेकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने तथा पूरे जिले के तमाम



प्रखंडों में अल्पसंख्यक को जागरूक करते हुए कांग्रेस पार्टी से लोगों को जोड़ते हुए महागठबंधन एवं कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा बैठक का समापन महासचिव सब्बीर अंसारी ने किया। मौके पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक जिला वरीय उपाध्यक्ष केसर इमाम, उपाध्यक्ष मो इलियास, उपाध्यक्ष मो आशिक, महासचिव मिस्टर आलम, नईसराय सदर सलीम खान, जिला महासचिव सब्बीर अंसारी, जिला सचिव मो वाहिद, मो सनोबर, तोशीफ अहमद सहित कई उपस्थित थे।

## मांडू चट्टी में उज्जवल प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडू :** मांडू चट्टी स्थित दुर्गा मंदिर के समीप सोमवार को उज्जवल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों में मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी, मांडू डीह मुखिया बैजनाथ राम और उप मुखिया पंकज गुप्ता ने संयुक्त रूप से केंद्र का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्र की संचालिका बबली देवी ने बताया कि मांडू की बेटियां और बहुओं के बीच निःशुल्क ब्यूटिशियन और सिलाई के साथ कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ताकि वे कहीं भी रोजगार के माध्यम से अपनी जीविका चला सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र में 20 बेटी और बहुओं के बीच सोमवार को पहला बैच प्रारंभ कर दिया गया है। मौके पर संस्था प्रतिनिधि रवि कुमार, सिलाई प्रशिक्षक बबली देवी, नीतू कुमारी, कविता भगत, मीनू देवी, रेखा देवी, अर्नम अफरीदी, करीना कुमारी, पुष्पा कुमारी, मुस्कान प्रवीण, सबीहा प्रवीण, तारा बेगम, प्रिति देवी, रेशमी कुमारी, काजल कुमारी, शम्मा प्रवीण, फरहा जेबी, गौसिया प्रवीण, प्रीति कुमारी, सोनिया कुमारी आदि मौजूद थीं।

## हेमन्त सरकार एक लाख रुपए सालाना देने का वादा करके जनता को पुनः ठग कर सत्ता हथियाना चाहती है : मनीष जायसवाल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा रामगढ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में होटल सैनी कांकेबार में प्रेस वार्ता रखी गई है। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित थे।सांसद मनीष जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र /घोषणा पत्र सुझाव को लेकर पत्रकार बंधुओं को जानकारी दी। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधि मण्डल को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यहां के किसान, महिला, युवा, खिलाड़ी, छात्र छात्राओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, प्रबुद्ध नागरिक अपना विचार परिवार सहित समाज के सभी वर्गों से राय लेकर संकल्प पत्र बनाएंगे जिससे उनके अनुरूप झारखंड का विकास होगा ! सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी बताया कि दिनांक 3 सितंबर से 5 सितंबर तक शहर के कई जगहों पर घोषणा पत्र में जनता से सुझाव के लिए एक सुझाव पेटी रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल नंबर 620275067 पर कॉल कर के झारखंड की जनता संकल्प पत्र के लिए अपना सुझाव बता सकते हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने जेएमएम के पिछले चुनाव में जनता से किए वादे को याद कराते हुए पूछा कि की 5 लाख नौकरी ,बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने की, हर घर को चूल्हा चौका के लिए 2000 रुपए महीना देने , प्रत्येक घर में 72 हज़ार रुपए सालाना देने की बात कही थी जो आज तक किसी को नहीं मिला है । उन्होंने साढ़े चार साल बालू, खनन पर सरकार की ढुलमुल नीति पर घोर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व प्राप्ति के इन प्रमुख स्त्रोत की क्यों नजरअंदाज़ किया गया यह किसी से छुपी हुई नहीं है।पत्रकार वार्त्ता में मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री सरदार अनमोल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त , जिला आई टी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, युवा नेता राजीव जायसवाल , जिला मीडिया सह प्रभारी भीमसेन चौहान भी मौजूद थे।

## ग्रामीणों तक पहुंच कर योजनाओं का लाभ दे रही है सरकार : सुधीर मंगलेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के कार्यक्रम को आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणु देवी अंचल अधिकारी सह प्रभारी बिडिओ मदन महली उपप्रमुख धर्मधीर महतो सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारियों द्वारा उन्हें योजनाओं का लाभ देने और लाभ पहुँचाने के लिए पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।विशेषकर ग्रामीण जनता लाभ उठाएं और जो योजनाओं से संबंधित योजनाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, तो शीघ्र ही संबंधित प्रतिनिधियों या उपस्थित अधिकारियों से मदद लें।अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया गया। सभी विभाग के लगे स्टोल कर्मी अपने अपने विभाग के योजनाओं के बारे बताया।

## रेलवे साइडिंग टिपला में दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाने का निर्णय, नव कमेटी गठित

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल दक्षिणी पंचायत के रेलवे साइडिंग टिपला में रविवार को स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमे दुर्गा पूजा कमेटी ने बीते वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा दिया। वहीं इस बैठक में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं दुर्गा पुजा को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुरानी कमेटी को भंग कर नव कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संयोजक सह सयाल दक्षिणी पंचायत के मुखिया जगदीश कुमार साव, मुख्य संरक्षक अर्जुन टोप्पो, राजेश मुंडा, अरुण साव, बालदेव कुमार, शक्ति साव, संजय उराव, मंटु उराव, सुरेंद्र साव, डॉ. तपन विश्वास, अनित कुमार पासवान, जय प्रकाश कच्छप, वहीं नव कमेटी ने अध्यक्ष नेतलाल साव (दारा साव), उपाध्यक्ष कुन्दन कुमार गुप्ता, सचिव सुभाष करमाली उप सचिव दीपक कुमार साव, कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार, सह कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार, संगठन मंत्री विराट मेहता को मनोनीत किया गया।

## जमीन छोड़ने की मिला धमकी, पीड़ित ने एसपी को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जमीन विवाद में सुरेंद्र यादव की घर को गांव के कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। मामला छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरु पंचायत के ग्राम नावाडीह की है।पीड़ित सुरेन्द्र यादव ने मामले? को लेकर सोमवार को एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि जिस भूमि को लेकर विवाद हो रही है उस भूमि पर मेरे पूर्वजों का 40-



50 सालों से कब्जा है। उक्त भूमि पर जोत-कोड़ एवं मवेशी को झोपड़ी बना कर वहां पर बांध रहे थे। यह भूमि पर मैं पिछले 10 वर्ष पहले एक मकान में दो रूम बनाया। जिसमें एक रूम में माल- मवेशी रखता था दूसरा में मै खुद रहता था।और इस भूमि पर सिर्फ मेरा कब्जा है।पीड़ित ने आगे बताया कि सुरेश यादव पिता बिलौती यादव,लल्लू यादव पिता सुरेश यादव, बिनोद यादव पिता चिनी यादव,करमदेव यादव पिता बिलौती यादव,नन्दु यादव पिता बिफन यादव,लालो यादव पिता गुड्डु यादव,बिनेशर यादव पिता बिफन यादव, सभी ग्राम नावाडीह थाना छिपादोहर जिला लातेहार निवासी हैं।ये सभी लोगों ने मेरे घर में 31 अगस्त 2024 दिन रविवार को रात्रि को करीब 9 बजे हमलोग पूरे परिवार के लोग खाना खा रहे थे इसी क्रम में वे लोग दरवाजे खुलवाकर घर में घुस गये। और गाली-ग्लौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देने।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सोमवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी स्तिथ अमरवाडीह पुलिस पिकेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया । चेकिंग अभियान के दौरान कई कोयला लदे ट्रक,हाइवा की जांच किया । जांच अभियान के दौरान उन्होंने सभी गाड़ियों से आवश्यक कागजात की मांग किया । इसके अलावा कोयल लदे वाहन में त्रिपाल नहीं ढक कर ले जाने पर उनसे फाइन की वसूली किया । इस दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक वाहनों से करीब ढाई लाख रुपए की फाइन की वसूली किया गया ।

## लातेहार के अति भ्रष्ट डीइओ प्रिंस कुमार पर हो सख्त कार्रवाई-रवि डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने डीइओ प्रिंस कुमार पर भ्रष्टाचार की आरोप लगाया है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिला के अति भ्रष्ट और घुसखोर डीइओ प्रिंस कुमार ने पूरे जिले में भ्रष्टाचार फैलाकर रख दिया है। यदि उनके कार्यकाल की गहन और निष्पक्ष जांच हो तो एक से एक भ्रष्टाचार के गंभीर मामले सामने आने की प्रबल संभावना है।ये नियम कानून को ताख पर रखकर मेधा सूची में छेड़छाड़ करके जिस तरह से अपनी बहन को नौकरी दिलवाए हैं। प्रिंस कुमार के द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैलाकर आय से बहुत अधिक संपत्ति भी अर्जित किया गया है। इनके द्वारा अर्जित किया गया संपत्ति की जांच होनी चाहिए। शिक्षा विभाग में लूट-खसोट को चरम पर पहुंचाकर उन्होंने इस विभाग को पुरी तरह से बदनाम करके रख दिया है।

## डाडी स्कूल चौक के करीब पीपल पेड़ के पास मुख्य सड़क बना दुर्घटना जोन

### आए दिन गढ्ढे के चपेट में आने से लोग हो रहे हैं घायल, बनाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के डाड़ी स्कूल चौक के करीब पीपल पेड़ के पास दो बड़ी गढ्ढे होने के कारण नित्य प्रतिदिन गढ्ढे का शिकार हो रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटना का शिकार होकर मोटरसाईकिल चालक या चार पहिया वाहन का चालक को हॉस्पिटल का राह देखना पड़ता है। बता दें की डाड़ी स्कूल चौक के पास दो बड़ी बड़ी गढ्ढे होने से आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। चुकी उक्त गढ्ढा पर पीपल का छाया हमेशा रहता है। जिससे मोटरसाइकिल चालक हो या चार पहिया चालक को अपनी वाहनों को तेज गति से आने के क्रम में अचानक गढ्ढे में जा गिरता है जिससे घायल हो जाते है। वहीं उक्त दोनों गढ्ढे की बात करें तो दोनो गढ्ढो की गहराई लगभग दो दो फीट है। ऐसे में यदि उक्त गढ्ढे को मरम्मत नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। हालांकि उक्त सड़क से शासन प्रशासन या पुलिस पदाधिकारियों तथा विधायक को आना जाना लगा रहता है । फिर भी किसी का ध्यान उक्त गढ्ढे पर नहीं गया है। चौक दुकानदारों का कहना है की नित्य प्रतिदिन हम लोग गढ्ढे में लोगों को गिरते और घायल होते देखते रहते हैं । साथी कई जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर देने को कहा गया है। लेकिन किसी ने अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया है।

## फूलसु में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के फूलसु पंचायत सचिवालय परिसर मे स्थानीय मुखिया तेतरी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम,बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, मुखिया तेतरी देवी एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं.जिसका सिधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। इस शिविर में झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी मंईया सम्मान योजना, अबुआ आवास,गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड, पेंशन,स्वास्थ्य, भुमि संबंधित, बिजली, राशनकार्ड, पशुधन, आयुष्मान कार्ड, पेयजल /स्वच्छता,पशुपालन,शिक्षा,राशनकार्ड, आधार कार्ड, प्रवासी मजदूर का रजिस्ट्रेशन,कृषि,खाद्य आपुर्ती नरेगा, 15वीं वित्त, जेएसएलपिएस, कौशल विकास, बाल विकास सहित



कई कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाएं गए हैं और सभी विभाग के संबंधित अधिकारी अपने अपने स्टॉल में बैठें है। आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें। संभवतः तुरंत निष्पादन किया जायेगा। वही उन्होने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया साथ ही मुख्य मंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए इस योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। बीससुत्री अध्यक्ष गंझु ,जिप सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ,राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने भी झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में बिस्तार से बताया।

## जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिलने पर होगी आंदोलनः सत्येन्द्र यादव

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएच 39 में पैकेज 1 के तहत कुडू से उदयपुरा तक लगभग 55 किमी फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित हो रहे रैयतों में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। इस मामले में लातेहार जिला समाजसेवी सत्येन्द्र यादव ने कहा कि अगर रैयतों को उचित मुआवजा नहीं मिलती है तो हमलोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।यह आंदोलन तबतक जारी रहेगा जबतक सरकार द्वारा फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित रैयतों के जमीन का उचित मुआवजा निर्धारण नहीं किया जाता है, तब तक रैयत अपनी जमीन नहीं देंगे। फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का विरोध जताएंगे।

## मृतक की पत्नी ने हत्या को लेकर थाना में दिया आवेदन

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मिश्रौल के व्यवसायी की कोलकत्ता में हत्या के मामले में मृतक की पत्नी ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। जिसमें गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले में मृतक की पत्नी आरती देवी ने स्थानीय थाना में अपने पति की हत्या के आरोप में आवेदन दिया है, जिसमें कहा है कि गांव के ही रोशन कुमार गुप्ता पिता शशि भूषण प्रसाद उनके पति को बहला फुसलाकर कोलकाता ले जाकर उनकी हत्या कर दी। दिए गए आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि उनके पति ने अपनी बेटी की शादी के लिए जमीन बेचने के नाम पर अपने भाई से ?6 लाख लेकर रखा था, रोशन गुप्ता पिछले कई दिनों से मेरे घर आकर मेरे मेरे पति को बहला फुसलाकर पैसे की मांग कर रहे थे। रोशन गुप्ता ने मेरे पति से ?500000 की मांग की थी, कहा था कि विश्वकर्मा पूजा व गणेश पूजा में व्यापार करने के बाद 525000 वापस करेंगे। साथ ही व्यवसाय में पार्टनर भी रखेंगे, मेरे समझाने के बाद भी मेरे पति, बेटी के विवाह को लेकर रखा गया पैसा लेकर 30 अगस्त को पटना व्यापार हेतु सामान लाने की नाम पर निकले थे। इसके बाद 31 अगस्त को रोशन गुप्ता ने फोन पर कहा की कलकत्ता में ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई, मृतक की पत्नी ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर हत्यारे पर कार्रवाई की मांग की है।सूत्रों की माने तो घटना के बाद रौशन गुप्ता फरार चल रहा है



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर छात्र-छात्राओं के द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता रखी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर छात्र-छात्राओं के द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता उमाकांत पाठक मैदान में रखा गई। प्रतियोगिता उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य श्री मान रामसेवक भगत, अंचलाधिकारी महोदय ऊदल राम, सिंघानी पंचायत मुखिया श्रीमती राधिका देवी,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष श्री बासुदेव तिवारी , सचिव महोदय रूद्रनाथ दांगी। उपस्थित रहे। खेल का मुकाबला कक्षा दशम एवं,कक्षा नवम के छात्र लोगों के बीच तथा दुसरा ग्रुप कक्षा अष्टम एवं कक्षा सप्तम के छात्र के बीच रहा। इस मुकाबले में किसी की भी हार नहीं हूई। छात्रों को खेलाने में आचार्य सुभाशीष जी,कौलेश्वर जी, सुमन जी, सुनील जी, एवं इस खेल के मुख्य संचालक एवं व्यवस्थापक खेल विभाग के प्रमुख आचार्य बिरबल जी ने किया।



## केसीसी आवेदन के संग्रहण को लेकर कृषक मित्रों ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के जनता उच्च विद्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में कृषक मित्रों की एक बैठक आयोजित कर स्थानीय कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ के बारे में बताया गया।बैठक में मुख्य रूप से सीओ शंभू राम,प्रभारी बीटीएम सुधीर कुमार उपस्थित थे। आयोजित बैठक की अध्यक्षता कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष मनोज यादव ने की।ज्ञात हो कि उपायुक्त के निर्देश पर यह बैठक आहूत की गई जिसमें सीओ ने सभी कृषक मित्रों को निर्देश दिया की अपने अपने पंचायत भवन में शिविर के माध्यम से किसानों का फॉर्म संग्रहण करें।वही प्रभारी बिटिएम ने कृषक मित्रों एवम् किसानों के बीच फ़सल संबंधित जानकारी, कीटनाशक दवाओं का प्रयोग कब करना है और कितना मात्रा में देना हैं इसकी जानकारी दी।वही बिरसा प्रधानमंत्री फ़सल बीमा को लेकर भी जोर दिया गया।इस अवसर पर उपस्थित कृषक मित्रों ने कई समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा जिसमें अधिकारियों ने जल्द समाधान की बात कही।बैठक में कृषक मित्र अनुज कुमार साहू, दिलीप यादव,विजय सिंह भोक्ता,राजेश महतो,विजय चौधरी आदि शामिल थे।



## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोयद में शिविर का किया गया आयोजन

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आशिक एवम् पंचायत के मुखिया किशुन राम के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर में पंचायत क्षेत्र के महिला एवं पुरुषों के द्वारा अपनी-अपनी समस्या एवं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने को लेकर कुल 1390 फार्म प्राप्त हुआ। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त आवेदनों में से 299 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। इस शिविर में सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास योजना को लेकर लगा हुआ था, जिसमें कुल 720 लोगों ने फार्म जमा किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 274 आवेदन प्राप्त हुआ। कुल प्राप्त आवेदनों के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि, बचे हुए सभी मामलों का निष्पादन बहुत ही जल्द कर दिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने सभी पंचायत वासियों से सरकार के द्वारा दिए जा रहे सभी जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ लेने की बातें कहीं।



## भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय : तिवारी

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में आयोजित श्री तुलसी रामायण राम कथा महोत्सव के दूसरे दिन अयोध्या से आये संत शिव प्रसाद तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने समाज में एक आदर्श व मर्यादा स्थापित की थी, इसी कारण भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरूषोत्तम भी कहा जाता हैं। श्री तिवारी ने आगे कहा कि आज समाज में विद्वेष ने स्थान ले लिया है। भाई-भाई का नहीं है, पिता पुत्र का नहीं है।लेकिन रामायण में वर्णन है कि भगवान श्री राम ने अपने भाई के लिए सिंहासन छोड़ दिया था।पिता के वचन को रखने के लिए एक नहीं दो नहीं पूरे 14 साल वनवास बिताया था। उन्होंने नारी का अपमान व अनादर करने पर बाली और रावण का वध किया था।आज समाज में जिस प्रकार नारी उत्पीड़न हो रहा है यह निंदनीय ही नहीं बल्कि सोचनीय भी है।आज समाज कहां और किस दिशा में जा रहा है, इसे देखने की जरूरत है। लोग अपने स्वार्थ और लोभ में हद से भी नीचे गिर जा रहे हैं। उन्होंने रामायण के कई प्रसंगो का संगीतमय प्रस्तुति दिया।मौके पर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार महलका, सचिव आशीष टैगोर, विवेक मिश्रा और परितोष ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।कथा संचालक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन आगामी सात सितंबर तक अपराह्न तीन से छह बजे तक होगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील लोगों से की है।



## विद्यालय कक्ष में मवेशी बाँधने को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत प्राथमिक व विद्यालय झीरमतकोमा, मे गांव के एक व्यक्ति कांशी यादव के द्वारा विद्यालय मे जबरन अपना पालतू जानवर बाँधने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया. ग्रामीण सुरेंद्र गंझु,बालेश्वर गंझु, सतन गंझु, प्रमोद गंझु, धानेश्वर गंझु, शोधन गंझु, जेठा गंझु, शिव शंकर गंझु, मिशिर गंझु, पिन्टू गंझु, सोहरी देवी, टुनि देवी, रिना देवी विद्यालय प्रबंधक समिति अध्यक्ष हुलास गंझु सहित कई ग्रामीणों ने बातया कि विद्यालय जर्ज़र होने के कारण दरवाजा टूट गया है. जिसमे कांशी यादव ने जबरन अपना मवेशी को लगभग एक वर्ष सें विद्यालय के एक कमरा मे लाकर बांध रहा है. जिसको लेकर हम सभी ग्रामीण अपना गांव मे कुछ दिन पूर्व पंचायत किया . और वह व्यक्ति पंचायत मे स्वीकार किया कि अब सें अपना जानवर को विद्यालय मे नहीं बांधेगे. फिर कुछ दिनों के बाद वही व्यक्ति जबरन विद्यालय मे अपना जानवर क पन~ बांध रहा है.जानवर बांधने से विद्यालय में गन्दगी फैल रहा है ,विद्यालय परिसर मे बदबू फैला रहता है, मख्खी,व कीड़ा उड़ते रहता है। ,जो बच्चों के मध्याह्न भोजन भी चला जाता है। विद्यालय का परिवेश दुषित होने से विद्यार्थियों पर प्रतिकुल असर पर रहा है, वे अक्सर डायरीया,टायफाइड व अन्य बिमारियों से ग्रसीत रहते है,बताते चले कि इस विद्यालय मे पहली कक्षा सें लेकर पांचवी कक्षा तक 85 बच्चें पढ़ाई करते है. इस सम्बन्ध मे शिक्षक खरिस्तोफर खलखो एवं अनोज सिंह सें बात किए जाने पर उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व उक्त व्यक्ति सें बात किया गया था तो वह नहीं बांध रहा था. अभी फिर शुरू कर दिया है. रशोइया बालेश्वरी देवी व कबूतरी देवी ने बताया कि रसोइ घर की छत जर्जर होने से बर्षा का पानी पूरा कमरा मे भर जाता है. जिसके चलते हमलोग विद्यालय की एक कमरा मे भोजना बनाते है. और पास के कमरा मे जानवर बंधा हुआ रहता है. जिससे भोजन बनाने मे काफ़ी परेशानी होती है.वहीं सभी ग्रामीणों ने प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को इस समस्या को संज्ञान मे लेकर निदान दिलाने की मांग की है.



## अजीविका स्वालंबी सहयोग समिती लिमिटेड द्वारा प्रखंड स्तरीय जेंडर रिसोर्स सेंटर का किया गया शुभारंभ

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर पंचायत क्षेत्र के पुरैनी पंचायत भवन में सोमवार को जेएसएल पीएस बिलासपुर आजीविका स्वालंबी सहयोग समिति लिमिटेड द्वारा प्रखंड स्तरीय जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीपीएम सुशील दास,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे,प्रमुख उर्मिला देवी,महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्को,वाईपी दिव्या कुजूर बीपीएम अविनाश शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी अतिथियों को जेंडर एसआरपी के द्वारा बुके व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। आवेदन पर त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे घरेलू हिंसा, बाल विवाह, मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न या अन्य किसी तरह की शिकायत का निवारण जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से किया जायेगा।प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा की जेंडर रिसोर्स सेंटर खुल जाने से महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। जिन महिलाओं की समस्या होगी वह आकर यहां पर अपना आवेदन दे सकती हैं।महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्को ने कहा कि महिलाओं को हिंसा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है ,आप सभी लोगो को प्रशासन का हमेशा सहयोग मिलेगा।एसआरपी वाजदा खातून के द्वारा जेंडर रिसोर्स सेंटर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। मौके पर पूर्व प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान,पुष्पा देवी,सत्येंद्र कुमार,नीरज मिश्रा, अस्तरून निशा,सीमा देवी,रूबी,ओमप्रकाश,परी देवी,सविता देवी,मनोज, अभय, अनुज सिंह,जाबिर हुसैन,प्रमोद कुमार,धर्मेंद्र कुमार,कमला देवी, दीपशिखा, सुनीता देवी, सुलेखा देवी पूजा देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएम अविनाश शुक्ला ने किया वही मंच संचालन पिंकी देवी ने किया।



## चतरा जिले के 12 पंचायतों में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक आम जनों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु ÷आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन रोस्टर अनुसार किया जा रहा है। जिला के सभी पात्र लाभुकों से अनुरोध है कि अपने नजदीकी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। आज जिले के प्रतापपुर प्रखंड के टंडवा पंचायत, लावालौंग के सिलदाग, हंटरगंज के लेंजना,औरु, गेरुआ पंचायत भवन, कांहचट्टी के तुलबुल, चतरा के सिकिद, इटखोरी के इटखोरी, मयूरहंड के कदगांवाकला, गिद्धौर के मंझगांवा, सिमरिया के कसारी, टंडवा के कोयद में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज जिले के उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने चतरा सदर प्रखंड के सिकीद पंचायत निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सिकीद पंचायत पहुंच विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण और लाभुकों से जनसंवाद किया।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा 30 अगस्त से 15 सितंबर तक पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पात्रता रखने वाले लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु किया जा रहा है। आप जानते हैं कि इस तरह के कार्यक्रम चौथी बार आयोजित की जा रही है। प्रशासन के तरफ से मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप लाभुक योजनाओं का लाभ लेने हेतु जो भी आवेदन जमा करेंगे उसका गंभीरता से नियम संगत निष्पादन किया जाएगा। अबुआ आवास योजना को लेकर कहा अगर किन्ही के द्वारा पैसे की मांग की जाती है तो अविलंब इसकी जानकारी दें। योजनाओं के नाम पर ठगी करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पूर्व में भी हंटरगंज प्रखंड के पंचायत सचिव के बारे में पैसे की लेनदेन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी उसमें जांचों उपरांत पंचायत सचिव के ऊपर प्राथमिक दर्ज करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की गई है।





## डंडीला खुर्द नवयुवक कमिटी का हुआ पुनर्गठन, शशिकांत शुक्ला बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव के ग्रामीणों कि बैठक सोमवार को ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मुख्य द्वार के नजदीक हुई.बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक ब्रजकिशोर शुक्ला व संचालन निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला ने किया.बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया.पूजा के सफल आयोजन हेतु नवयुवक संघ को पुनर्गठित किया गया.शशिकांत शुक्ला को कमिटी का नया अध्यक्ष बनाया गया.वहीं आलोक शुक्ला व दिनेश शुक्ला को उपाध्यक्ष,जयकांत शुक्ला व विष्णु शुक्ला को सचिव,दीपक शुक्ला,विकाश शुक्ला व विभूति शुक्ला को कोषाध्यक्ष,पुनीत शुक्ला,रमाशंकर शुक्ला व पवन शुक्ला को संगठन मंत्री मौके पर कई लोग मौजूद थ

# दहेज की बलि चढ़ी नवविवाहिता, संदिग्ध हालात में शव बरामद, पति और देवर हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** बरही थाना अंतर्गत चतरो गांव में एक 21 वर्षीय नवविवाहिता दहेज की भेंट चढ़ गई। नवविवाहिता का शव संदेहस्पद हालत में सोमवार को उसके ससुराल चतरो गांव के सुनसान स्थल पर कृषि पटवन को बना एक डोभा से बरामद किया गया। मृतका चतरो ग्राम निवासी अजीत यादव कि 21 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी है, जो शनिवार से ही लापता थी। खोजबीन को चौपारण जगदीश पुर से बरही के चतरो गांव पहुंचे मृतका के मायके वालों ने सोमवार को नवविवाहिता के शव को जब डोभा में देखा तो दंग रह गए और तुरंत इसकी सूचना बरही थाने की पुलिस को दी। वहीं जमकर हल्ला कटा, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल भी था। सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी आभास कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के परिजन व मायके से काफी संख्या में महिला - पुरुष चतरो आये थे, जो काफी आक्रोश में थे। वे मृतका के पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए जम कर हल्ला काट रहे थे। मौके पर पुलिस ने मृतका के पति और एक देवर नरेश यादव को त्वरित छापामारी करते हुए हिरासत में लेकर बरही थाना लाया। जिससे पूछताछ जारी है। बताया जाता है कि





नवविवाहिता का शरीर के पीठ वगैरह में जला का निशान और एक आंख फूटा हुआ पाया गया है। मृतका चतरो ग्राम निवासी अजीत यादव कि 21 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी है। प्रीति कुमारी चौपारण जगदीशपुर ग्राम निवासी जगदीश यादव की सबसे छोटी पुत्री है। जिसका विवाह महज चार माह पूर्व चतरो ग्राम निवासी केशो महतो के पुत्र अजीत यादव से हुई थी। घटना के संदर्भ में मृतका प्रीति कुमारी के पिता चौपारण जगदीशपुर निवासी जगदीश यादव ने बरही थाना में अपने दामाद अजीत यादव समेत ससुराल के 11 लोगों के खिलाफ बरही थाना में आवेदन दिया है। पिता ने आवेदन में बताया की शादी के बाद मेरी बेटी अपने ससुराल ग्राम चतरो में रह रही थी। शादी के कुछ दिन के बाद उनके पुत्री के पति अजीत यादव, भैसुर उपेंद्र यादव, नरेश यादव, वीरेंद्र यादव व सुजीत यादव सभी के पिता केशो यादव, ससुर केशो यादव, सास मिला देवी, गोतनी मंजू देवी, चंदा देवी, मानती देवी, सुशीला देवी सभी चतरो निवासी ने मिलकर मेरी लड़की प्रीति कुमारी को बराबर दहेज की मांग को लेकर हमेशा मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते थे। अंतिम बार पिछले 31 अगस्त को शाम 5 बजे मेरी पुत्री के साथ बात हुई थी। रविवार शाम 4 बजे अचानक मेरा दामाद अजीत यादव फोन किया कि प्रीति कुमारी घर से कहीं चली गई है। उसके बाद खोजबीन किया किंतु कहीं पता नहीं चला। सोमवार को दिन के लगभग 12 बजे मेरी बेटी का जला हुआ मृत शरीर उसी डोभा से मिला जिसमें हम लोग रात्रि में खोजबीन किए थे। मृत शरीर को देखें जिसमें मेरी पुत्री का पीठ, पेट एवं शरीर का अन्य अंग जला हुआ है व मारपीट का कई जगह निशान है। आंख भी फोड़ा हुआ है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि मेरी बेटी को बेरहमी से मारपीट व जला कर हत्या किया गया। थाना प्रभारी ने बताया मृतका के पिता के आवेदन के आधार पर बरही थाना कांड संख्या 361/24 दर्ज किया गया है, मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

## उपायुक्त ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय पोषण माह 2024 को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से दो पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पोषण रथ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों, प्रखंडों का परिभ्रमण कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का काम करेगी। पोषण अभियान के तहत दिनांक 01 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह का थीम अनिमिया नियंत्रण, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग करना है। विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये कैलेंडर के अनुसार पूरे माह आँगनबाड़ी केन्द्र, परियोजना स्तर एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने कहा कि यह पोषण रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायत में भ्रमण कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के प्रति जागरूक करने का काम करेगी। लोग साफ-सुथरा एवं पोषण युक्त भोजन ग्रहण करे, पोषण के प्रति जागरूक हो, इसका प्रयास किया जा रहा है।

## गौरव पटेल ने ट्रान्सफार्मर का किया उद्धघाटन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के पंचायत नरकी टोला रोहनिया में ट्रांसफार्मर बीते कई दिनों पहले जल गया था। झामुमो युवा नेता गौरव पटेल की पहल पर ट्रान्सफार्मर मिला। ट्रान्सफार्मर उद्धघाटन कार्यक्रम के कार्यक्रम में पहुँचे गौरव पटेल का ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ आगवानी करते हुए फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गौरव पटेल में इनके दादा स्व.टेकलाल बाबू के गुण मिलते है,इनको ट्रान्सफार्मर जलने की सूचना दी गई और तत्काल इस कार्य मे जुट कर हमलोगों की सेवा में ट्रान्सफार्मर उपलब्ध कराया इसके लिए तमाम ग्रामीण इनकीं शुक्रगुजार है।ट्रांसफार्मर का उद्धाटन बतौर मुख्यातिथि गौरव पटेल ने विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर उद्धघाटन कर ग्रामीणों को सुपुर्द किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला 20 सूत्री सदस्य देवीराम हेम्ब्रम, पूर्व मुखिया नारायण गंझु, पंचायत अध्यक्ष बाबूचंद मांझी, लखन महतो, बाबूलाल मुर्मू, प्रदीप रविदास, विजय महतो, नारायण मरांडी समेत भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## हेमन्त सोरेन की सरकार नौकरी नही मौत बाँट रही है : सीबी पटेल



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य/अधिवक्ता चन्द्रनाथ भाई पटेल तत्कालीन माण्डु से भाजपा के कद्दावर नेता और माण्डू विधानसभा के प्रबल दावेदारो में से एक है। झारखण्ड सरकार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि साढ़े चार साल से अधिक के कार्यकाल में जनता के लिए कुछ नही किया अब विधानसभा के चुनाव की तारीख जैसे नजदीक आई झारखण्ड सरकार जनता को ठगने के नए-नए तरीके ईजाद कर रही। हेमन्त सोरेन सिर्फ वादे करती है,काम नही जिसका उदाहरण है, 2019 में जनता से झूठे वादे पाँच लाख रोजगार प्रत्येक वर्ष,5000 और 7000 रुपये बेराजगारी भत्ता, गरीब परिवार को 72000 हजार रुपये सालाना, गरीब परिवारों को 350000 की लागत से आवास का निर्माण उपरोक्त एक भी वादा हेमन्त सोरेन ने पूरा नही किया,अब जब सरकार की पोल जनता के सामने खुल गई,हेमन्त सरकार की किरकिरी होने लगीं, जनता इनके झूठे वादों से वाकिफ हो गई तो, झारखण्ड की माताओं एवं बहनों को ठगने के लिए मईया योजना लेकर आई,युवाओं को फिर से ठगने के लिए आनन फानन में बिना किसी तैयारी के उत्पाद विभाग में नौकरी के नाम बेरोजगार नौजवानों को मौत के मुंह में धकेल रही है। भादो के उमस भरी धुप 10 किमी दौड़ाया जा रहा है।

## उत्पाद सिपाही दौड़ में युवा अभ्यर्थी की मौत पर मुन्ना सिंह ने जयाया शोक



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग में हुए हालिया हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। यह हादसा जेपीएससी की पीटी परीक्षा में उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान हुआ, जिसमें सूरज नामक एक युवा अभ्यर्थी की दुखद मृत्यु हो गई। मुन्ना सिंह ने इस घटना के बारे में शोक जताते हुए कहा, पीटी क्वालिफाइड सूरज की उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत्यु होने की खबर सुनकर मन बहुत विचलित है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे मृतक के परिजनों को इस दुखद समय में शक्ति प्रदान करें। उन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को गंभीरता से लेते हुए झारखंड सरकार और प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे मृतक के परिजनों को उचित सहायता प्रदान करें। इसके साथ ही मुन्ना सिंह ने आग्रह किया कि इस दौड़ के मापदंडों के बारे में भी पुनर्विचार किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके। मुन्ना सिंह ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस घटना की जांच करें और सुनिश्चित करें कि भविष्य में इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इस मामले में आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता मिल सके।

## सब-स्टेशन संचालक की लापरवाही से बाल-बाल बचे दो लाइन मैन मिस्त्री



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ट्रान्सफार्मर मरम्मति के दौरान सबस्टेशन से बिजली चालू किये जाने से दो लाइन मैन मिस्त्री ने अपनी सूझ-बूझ से बचाई जान। इस घटना की जानकारी देते हुए मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने बताया कि 30 अगस्त 2024 को तेलीटोला,बराँय में काली मंदिर के सामने बिजली विभाग के मानव दिवस कर्मी अलताफ अंसारी के द्वारा करीब 03¬45 बजे बोदरा,अलपिटो (विष्णुगढ़) पावर सब स्टेशन से ऑन ड्यूटी स्विचमैन राज किशोर से साइड डाउन लेने के बाद ट्रांसफॉर्मर का कॉइल रिपेयर किया जाने लगा।मो0 अलताफ के साथ बराँय के ही विजय कुमार,पिता रघु साव भी कॉइल बनाने में हेल्प कर रहा था,कॉइल रिपेयर करके ट्रांसफॉर्मर का ढक्कन बन्द कर दिया गया और उसके बाद चैन कुप्पी को उतारा जाना था।मो0 अलताफ और विजय दोनों ट्रांसफॉर्मर डी0पी0 में चढ़े हुए थे,इसी दौरान साइड डाउन बिना वापस किए 11000 लाइन राज किशोर के द्वारा चालू कर दिया गया।जिससे दोनों ने नीचे कूद कर अपनी जान बचाई ऊँचाई से कूदने के क्रम में विजय कुमार का पैर फ्रेक्चर हो गया।जिसके लिए बोदरा पावर सब स्टेशन में बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विजय कुमार के पैर का इलाज कराने में जो भी खर्च आएगा वो खर्च विभाग उठाएगी। विजय कुमार को घर के बुनियादी जरूरत के लिए दो महीने का खर्च दिया जाएगा। इसकी जिम्मेवारी बिजली विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार शर्मा ने लिया कि ससमय वो विजय कुमार का ईलाज करा देंगे और घर के खर्च के लिए रकम दे देंगे। इस मौके पर विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब,अलपिटो मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर यादव एवं बराँय तथा अलपिटो के ग्रामीण भी काफी संख्या में मौजूद थे।।

## एसटी क्लब सेहदा फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सेहदा में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से एवं एसटी क्लब सेहदा के सहयोग से पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव और बड़कागांव पूर्वी के जिप प्रतिनिधि दीपक करमाली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मार कर किया। टूर्नामेंट का प्रथम मुकाबला बीएमसी बादम और प्रेज के बीच खेला गया। दोनो ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ तक दोनो ही टीम बराबरी पर रही दूसरे हाफ में बीएमसी की टीम ने दो गोल कर मैच को अपने नाम किया। दूसरे मैच में खैराजरा की टीम ने 23 नंबर चरही की टीम को दो गोल से हराकर मैच अपने नाम किया। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट के विजेता टीम को बड़ा खस्सी एवं उप विजेता टीम को छोटा खस्सी दे कर पुरुस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट आयोजन करने में अध्यक्ष साहेब मुर्मू, सचिव सुलेन सोलन, कोषाध्यक्ष प्रमोद सोरेन, सदस्य उपेंद्र महतो, महादेव हंसदा, मनोज सोरेन, चूरामन गंझू, राजेश हंसदा, नरेश गंझू, सिनोद हंसदा, प्रकाश सोरेन, शिवनारायण सोरेन, प्रभु सोरेन, भुनेश्वर मुर्मू, छोटन मुर्मू, जितेंद्र मुर्मू सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## नशा युवक के उज्जवल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन : अमित सिन्हा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** संकल्प एजुकेशन फाउंडेशन और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राँची जोन के संयुक्त तत्वावधान में वनांचल शिशु विद्या मंदिर में स्कूली बच्चे एवं उनके माता पिता के साथ नशामुक्ति पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर, तथा दीप प्रज्वलित कर की गई, जिससे समारोह की सकारात्मकता को दर्शाया गया। कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि नारकोटिक्स के क्षेत्रीय निदेशक राणा प्रताप यादव उपस्थित हुए उन्होंने बच्चो एवं अभिभावकों को कहानियों के माध्यम से नशे एवं दवाइयों के दुष्प्रभाव के बारे में बताया नारकोटिक्स इंटेलिजेंस ऑफिसर मनोहर मंजुल ने वीडियो और फ़ोटो के माध्यम से बच्चो को समझाया साथ ही साथ उनके भविष्य के लिए भी जानकारी देते हुए बताया कि अगर नशे के कारण उनपकर भविष्य में कोई मुक़दम्मा हो जाता हैं तो वे किसी भी सरकारी नौकरी के योग्य नही रहेंगे। डॉ अमित सिन्हा ने कहा कि हम अपने समाज मे देखते हैं कि अधिकांश बच्चे जो के 10वी पास करने के बाद नशे के गिरफ्त में आ जाते हैं क्यूंकि उन्हें इससे कैसे बचा जाए इस विषय पर कोई जानकारी नही होती हैं तो जरूरत हैं हम उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ साथ समाज मे आई नशे की बीमारी से कैसे खुद को दूर रखें साथ ही साथ विद्यालय के मित्र मोहल्ले के साथी, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को इससे दूर रख सके इसकी जानकारी मिले । बच्चो को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए डॉ सिन्हा ने बताया कि नशा, चाहे वह शराब हो, तंबाकू हो या अन्य कोई मादक पदार्थ, समाज के विभिन्न पहलुओं को गहरे प्रभावित करता है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि पूरे समाज के सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। नशे की आदत से व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता में कमी आती है, पारिवारिक संबंधों में तनाव और विवाद बढ़ते हैं, और समाज में असामंजस्य पैदा होता है। नशे का समाज पर गहरा और नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे समाज की समृद्धि और विकास में भी बाधा डालता है। नशा करने वाले व्यक्ति की आत्म-नियंत्रण क्षमता घट जाती है, जिससे वह अपराध करने की प्रवृत्ति को अपनाता है। इससे समाज में अपराध दर बढ़ती है और सामाजिक असुरक्षा का माहौल बनता है। नशे की लत के कारण बच्चे और युवा अपनी पढ़ाई और करियर को पीछे छोड़ते जा रहे हैं, जिससे सामाजिक विकास प्रभावित होता है।

## विष्णुगढ़ में लहेरी समाज का झारखण्ड प्रदेशस्तरीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** झारखंड लहेरी समाज के प्रदेशस्तरीय कार्यकारिणी सम्मेलन का आयोजन रविवार को अतिथि सत्कार होटल में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह के पूर्व विधायक ओमीलाल आजाद के अलावा अन्य कई जिलों के जिलाध्यक्ष समेत समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों को विष्णुगढ़ लहेरी समाज द्वारा फूल-माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के विकास के लिए एकजुटता अति आवश्यक है। इसके लिए समाज के लोगों को संगठित होना होगा। आज के दौर में राजनीतिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में हमारे समाज के लोगों की भागीदारी काफी कम है। इस विषमता को पाटने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। कहा कि इस संगठन से इतर भी समाज के कुछ लोग अपनी बेजा हरकतों से बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है। आगामी फरवरी माह में जमशेदपुर में आहूत सम्मेलन में प्रदेशस्तरीय कमेटी के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। पूर्व महामंत्री गोपाल लहेरी ने उड़ीसा राज्य की तर्ज पर झारखंड में भी लहेरी समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने की मांग सरकार से की। इसके अलावा समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर भी अंकुश लगाने की बात कही। मंच संचालन प्रवीण लहेरी ने किया। मौके पर संगठन महामंत्री शिव कुमार लहेरी, संगत लहेरी, शंभु लहेरी, बोकारो जिलाध्यक्ष चांदो लहेरी, गिरिडीह जिलाध्यक्ष रंजीत लहेरी, अधिवक्ता कृष्णा लहेरी, शशि कुमार लाहकार, धीरज लहेरी, शंकर लहेरी, अरबिंद लाहकार, अयोध्या लहेरी, प्रमोद लहेरी, रागिनी लहेरी, वीणा लहेरी, पूनम कुमारी, सुमन देवी, रीता देवी, गायत्री देवी समेत समाज के कई लोग मौजूद थे।

## खैरा झरपो में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम विशिष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के खैरा पंचायत सचिवालय परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन रविवार और झरपो पंचायत भवन प्रांगण में सोमवार को अयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि टाटीझरिया प्रखंड प्रमुख सह जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रमुख संघ महासचिव संतोष मंडल,टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज सीओ नीलू टुड्डू पससं विनय कुमार ,20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह ,जीप सदस्य रामप्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर स्थल में खैरा पंचायत सचिवालय परिसर और झरपो पंचायत भवन प्रांगण में पंचायत क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीण मौजूद देखे गए। कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथियों ने खैरा में जेएसएलपीएस के ओर से 18 सखी मंडल के बीच 53 लाख का रूपये डमी चैक, और झरपो पंचायत में 11 सखी मंडल को 35 लाख चैक डमी ,केसीसी,मृत्यु प्रमाण पत्र, मईया सम्मान निधि स्वीकृति पत्र लाभुको को दिया । शिविर में शिक्षा ,स्वास्थ्य ,कृषि, आत्मा,राजस्व,खाद्य आपूर्ति , जेएसएलपीएस,विद्युत आपूर्ति ,मनरेगा,पेंशन अन्य कई योजनाओ के स्टॉल लगाए गए थे। लाभुको में काफी हुजूम योजनाओ के ऑनलाइन ऑफलाइन फार्म भरने में लगे थे । कुछ महिला लाभुको में नाराजगी देखा जा रहा था। जाने क्या कहती थी शिविर मे महिला लाभुक लाभुको में रीना देवी ,मीना देवी,शकुंतला देवी,राधा देवी,बसंती देवी,कविता देवी ,पार्वती देवी, ने कहा की सरकार की योजनाओ की फार्म भर भर के तो जमा करते है। लेकिन लाभ बहुत कम ही लोगों को मिल पाता है। शिविर स्थल में अरविंद बिएओ सुधीर राय,सुनील कुमार,सौरव सिंह,श्याम यादव,अमित मोहन,दयाल प्रसाद,नवनीत कुमार,राज कुमार सिंह,विजय पांडेय,रवि यादव,केदार गौरव,मुन्नी देवी ,बिनोद कुमार,ऋषिकांत कुमार,बलदेव प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही में हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही (हजारीबाग) :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाके में झारखंड के सबसे बड़े और ख्यातिपूर्ण टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की धूम है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के चतुर्थ चरण का भव्य आगाज़ बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही स्थित बरही ब्लॉक फुटबॉल मैदान में सोमवार को हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फुटबॉल को किक मारकर किया।खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर, मशाल जलाकर खेल को बढ़ावा देने का संकल्प लेने के साथ मैदान में आकर्षक नमो जर्सी के साथ सैकड़ों खिलाड़ियों संग मार्च पास्ट करके और फुटबॉल में किक मारकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों का उत्साहवर्धन कर किया। टूर्नामेंट में बरही प्रखंड क्षेत्र के कुल 24 टीम भाग लेंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पंचमाधव टीम बनाम बुंडू टीम के बीच मुकाबले से हुआ। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में रेफरी शशि कुमार, विकास कुमार और अशोक सहित अन्य लोग हैं। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन की महत्ता बढ़ जाती है, क्योंकि यह क्षेत्र तेजी से नशे के गिरफ्त में आ रहा है और समाज में युवाओं को अगर खेल से जोड़ा जाए तो निश्चित रूप से उनका मानसिक संतुलन सकारात्मक होता है और शारीरिक क्षमता भी विकसित होती है जिससे वे नशे से दूर रहते हैं। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि युवा भारत के भविष्य और भाग्य विधाता हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रण लिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के प्राण को संकल्प के रूप में लेकर उसे सिद्धि तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है और इस लक्ष्य को साधने के लिए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का यह प्रयास मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मोदी को सबका साथ मिला परंतु दो गुजराती देश को बेच रहे हैं दो खरीद रहे : डॉ आरसी मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने कटकमसांडी क्षेत्र में जनसंपर्क किया । इस दौरान ढोठवा के सभा में डॉ मेहता ने कहा की हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास हेतु नौजवानों को रोजगार देना है। सबका साथ तो प्रधानमंत्री मोदी को मिला परंतु आज देश को गुजराती दो गुजराती देश को बेच रहे हैं दो खरीद रहे हैं । आज देश के सैकड़ो सरकारी उपक्रम जैसे रेल, बैंक, लिक सीसीएल, बीसीसीएल, बीएसएनल यूनिवर्सिटी, हवाई जहाज इत्यादि सैकड़ो सरकारी संस्थान को देश के व्यापारी सरकार से ठेके पर ले रहे हैं इस कारण सरकारी नौकरियों कमी हो गया। नौजवान बेरोजगार हुए है। नौजवान बेरोजगारी के कारण पकोड़े तलने पर मजबूर हो रह हैं। देश में नौकरी के लिए हाहाकार मची हुई है। झारखंड सरकार जबकि अनेकों नौकरियां दे रहा है सरकार ने गरीबों को बहनों को मैया योजना के तहत ?1000 प्रत्येक महीना दे रही है जो झारखंड वासियों के लिए बड़ी तोहफा है । झारखंड में इंडिया गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा है और पुनः सरकार झारखंड में इंडिया गठबंधन का बनेगा। उन्होंने आगे कहा की हजारीबाग का बेटा हूं हजारीबाग का कल्याण हेतु आजीवन संघर्ष करता रहूंगा। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय रविदास दास राजू मेहता मनोज मोदी मौलाना मुख्तार झामुमो के राजा खान महादेव महतो राजू मेहता मुखिया जयप्रकाश केसरी रिंकू खान अरविंद यादव दिनेश्वर यादव यादव रिंकू खान इसमेंक अंसारी संजय लिंडा कामेश्वर सिंह अजीत कुमार रघु प्रसाद राजेंद्र यादव जियाउद्दीन अंसारी रामदेव कुमार छोटू यादव- इत्यादि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

## राणी सती मंदिर में भादी अमावस्या महोत्सव के प्रथम दिन भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर में दो दिवसीय भादी अमावस्या महोत्सव के प्रथम दिन मंदिर परिसर मे भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें कई महिलाओं ने दादी जी का मंगल पाठ किया। मंदिर के प्रधान पुजारी शशीकांत मिश्रा ने राणी सती दादी की पूजा अर्चना करवा कर मंगल पाठ विधिवत रूप से प्रारंभ करवाया। चास से पधारी सिंपल वर्मा एवं कतरास से पधारी श्वेता खण्डेलवाल के द्वारा राणी सती दादी की जन्म से लेकर विदाई तक की भजन को प्रस्तुत किया गया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक एवं अद्भुत रूप से सजाया गया है। सुप्रसिद्ध भजन गायिका सिंपल वर्मा एवं श्वेता खण्डेलवाल को श्री रानी सती मंदिर कमेटी के द्वारा चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। पाठ के दौरान जन्मोत्सव बधाई, चुड़ी उत्सव, हल्दी उत्सव ,सिंदूर उत्सव,मेहंदी उत्सव,चुनरी उत्सव जैसे कई उत्सव महिलाओं ने दादी की जन्म से लेकर विदाई तक में आयोजित की। सभी महिलाएं राजस्थानी परिधान में पाठ में सम्मिलित हुई। पाठ के दौरान जय दादी की जय कारों की गूंज गूंजती रही, दादी की जन्म के वक्त तमाम महिलाओं के बीच टॉफी का वितरण किया गया। तो वही दादी की विदाई के वक्त महंदी सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। चालों जी चालों.. झुंझुनू से संदेशों आयो है.. जैसे अनेकों भजन पर दादी भक्तों ने जमकर झूमा। अंत में दादी का भव्य आरती के साथ पाठ समापन हुआ। तत्पश्चात सभी दादी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर श्री रानी सती मंदिर कमेटी के अध्यक्ष फतेह चंद मुनका ने कहा की दादी की असीम कृपा से भादी अमावस्या महोत्सव का प्रथम दिन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। साथ ही बताया कि दादी की असीम कृपा से सोमवार को रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन हुआ, महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को प्रातः काल में पूजा अर्चना के बाद देर शाम संध्या 6¬30 बजे से 9¬00 तक भजन कीर्तन के बीच 13 सुहागन महिलाओं के द्वारा महा आरती की जाएगी। जिसके साथ ही दो दिवसीय भव्य महोत्सव का समापन होगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र कुमार तेजस का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत हुआ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र कुमार तेजस का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत हुआ है। कुमार तेजस कक्षा 11वीं के विज्ञान के छात्र हैं । इन्होंने कक्षा दसवीं में भी अच्छा अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया और अपना परचम लहराया।तेजस के द्वारा बनाया गया रीसाइकलिंग ऑफ़ सीएफसी मॉडल है जिसका उपयोग रेफ्रिजरेटर और एडवांस कलर में कॉलिंग की मदद करता है। जैसा कि हम सब जानते हैं कि क्लोरोफॉर्म कार्बन हमारे पर्यावरण के लिए कितना नुकसानदायक होता है।इसकी वजह से ओजोन लेयर में रिक्ति करण हो रहा है जिसकी वजह से स्किन कैंसर जैसे ना जाने कितनी बीमारियां हो रही है। पुनर्चक्रण और संरक्षण क्लोरोफॉर्म कार्बन का करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है हमारे वातावरण को संरक्षित करने का।



## ऐपवा रामगढ़ जिला की महिलाओं की हुई बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 9 सितंबर को एकता रैली धनबाद चलो के लिए बैठक करते हुए ऐपवा रामगढ़ जिला सचिव नीता बेदिया एवं झूमा घोषाल ने पोचरा में महिलाओं की बैठक की जिसमें पुरनी देवी,सुमंती देवी,पंचमी देवी,कुंवरिया देवी,ठंडामनी देवी, सरिता देवी,करमी देवी,लक्ष्मी देवी,मिला देवी,उपासी देवी,झोमा देवी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में देश के महिलाओं पर हो रही लगातार बलात्कार, हत्या का खिलाफत करते हुए कहा महिलाओं को बिना संगठीत आंदोलन से घटनाओं पर रोक नहीं लगाया जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा 21 से 50 वर्ष उम्र की महिलाओं को मंइया योजना के तहत प्रति महीने एक हजार रुपए के लिए सभी को आवेदन भरने पर जोर दिया गया है। अंत में 9 सितंबर को धनबाद चलने के लिए गोलबंदी की गई।



## मारवाड़ी महिला समिति ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा ने स्थानीय कस्तूरबा इंटर महाविद्यालय में एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर लगाया। इसके अंतर्गत शहर के द्यक्रक्र चिकित्सालय के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा लगभग 100 लोगों की निशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य ,समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी तथा चिकित्सकों के दल द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि मानव अंगों में महत्वपूर्ण अंग हमारे नेत्र हैं, नेत्रों के माध्यम से संसार की सभी चीजों को देख पाते हैं , इस कारण स्वस्थ नेत्र मनुष्य की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है , इस कारण समिति ने इस आयोजन के माध्यम से जरूरतमंदों एवं स्कूली बच्चों की नेत्र जांच करने का सार्थक प्रयास किया है । आगे भी समिति ऐसे आयोजन के माध्यम से समाज के लोगों के बीच अपने जन कल्याणकारी प्रयास करते रहेगी।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष 1 सितंबर से 30 सितंबर तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में महिलाओं, आमजनों व ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्यों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 1 सितंबर से 30 सितंबर तक जिले में संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेते हुए पोषण माह के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजन करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता कार्यक्रमों में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पों के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया वहीं जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा समाहरणालय परिसर में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता शपथ भी ली गई। वर्ष 2024 में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह का थीम एनीमिया, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग निर्धारित है वहीं पोषण माह 2024 के दौरान आंगनबाड़ी सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिदिन आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व संचालित होने वाली गतिविधियों को पोषण अभियान के जन आंदोलन डैशबोर्ड में दर्ज किया जाना है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायत में हुआ शिविर का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के 9 स्थलों पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। मौके पर शिविरों के लिए जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों, नोडल पदाधिकारियों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के द्वारा सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं अबुआ आवास योजना, साइकिल वितरण योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, गुरुजी क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं एवं उनके लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी लोगों को दी गई वहीं सभी से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में भाग लेकर स्वयं लाभान्वित होने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जानकारी देने की अपील की गई।

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता लड़की संतोषी कुमारी, उम्र–15 वर्ष,)



कांडी थाना कांड सं0–69/2024 दिनांक–01.08.2024 धारा–137(2), 87, 77, 65(1) बी0एन0एस0 एवं 04/08 पोक्सो एक्ट में लापता लड़की संतोषी कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पे0–नागेन्द्र मेहता, सा0–भुडवा, पो0–जयनगरा, थाना–कांडी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–30.07.2024 को स्कूल के लिए निकली और स्कूल से वापस घर नहीं आयी है। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–लंबाई–04 फीट 10 इंच, रंग–गोरा, चेहरा–हल्का लम्बा,बाला–काला, आंख–काला, पहचाना चिन्ह–दाहिने आंख के भौह के निचे तिल का निशान, पहनावा– हरा रंग का पजामा एवं सफेद हरा छिटदार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 334396 (Police)24-25*D

## रामगढ़ पुलिस चलाएगी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम जागरुकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक, झारखण्ड के द्वारा निर्गत पुलिस आदेश सं0 99/2024 के आलोक में आगामी 10 सितंबर को पूरे राज्य भर के सभी 24 जिलों में एक साथ ÷जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। आदेश के आलोक में आगामी तीन सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक रामगढ़ जिला अंतर्गत पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, रजरप्पा द्वारा रजरप्पा के राज किशोर सिंह उच्च विद्यालय, पुलिस निरीक्षक गोला अंचल द्वारा बरलंगा/गोला थाना अन्तर्गत राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय गोला, पुलिस निरीक्षक पतरातू अंचल द्वारा पतरातू/बासल थाना अन्तर्गत हनुमानगढ़ी पंचायत भवन, पुलिस निरीक्षक, माण्डू अंचल द्वारा वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत पंचायत सचिवालय केदला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम÷ के तहत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।वहीं आगामी 06 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू द्वारा बासल थाना अन्तर्गत माँ पंचवाहिनी उच्च विद्यालय लबगा और 07 सितंबर को को सुबह 11÷00 बजे से शाम चार बजे तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ थाना क्षेत्र के तहसील कचहरी, झण्डा चौक में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम÷ को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।रामगढ़ पुलिस की ओर से जिलावासियों की ओर से अपील की गई है कि उक्त सूचना का प्रचार-प्रसार आप अपने आस-पास, गाँव- मुहल्ला एवं अन्य सार्वजनिक जगहों पर प्रसारित करें। ताकि आम नागरिकों के शिकायतों अथवा समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नंबर 9162388444 एवं e-mail ID-jan-shikayat- rgh@jhpolice.gov.in पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायत / समस्याओं को साझा कर सकतें है।

## रजरप्पा मंदिर में पूजा करने आए एक व्यक्ति दामोदर नदी की तेज धार में बहा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका के दर्शन को आया एक शख्स दामोदर नदी में बहा। शख्स बिहार के गया का रहने वाला है। रविवार देर रात तक पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।मिली जानकारी के अनुसार बिहार के गया जिले से बस और चार पहिया वाहन से करीब 15 -20 महिला और पुरूष मां छिन्नमस्तिका के दर्शन पूजन के लिए रजरप्पा पहुंचे थे और पूजा अर्चना करने के बाद वे वापस लौटने के लिए जाने लगे। इसी दौरान कौशल कुमार और अंकित कुमार तांती अन्य लोगों से नदी किनारे से आने की बात कहकर दामोदर नदी के पास पहुंचे।कौशल कुमार बोकारो रामगढ़ पुल के पास दामोदर नदी में हाथ धोने के लिए जैसे नदी किनारे पहुंचे, उसी दौरान कौशल का पैर फिसल गया। अंकित ने हल्ला करते हुए कौशल को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी डूबने लगा। तभी नदी के किनारे एक दुकानदार ने अंकित को तो निकाल लिया लेकिन कौशल को नदी से नहीं निकाल पाया। दामोदर नदी का बहाव भी काफी तेज था और देखते ही देखते कौशल डूब कर ओझल हो गया।तब तक पूरी घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के साथ-साथ कौशल के साथ पहुंचे उनके लोगों को भी हुई। लोग शोर मचाते हुए वहां पहुंचे लेकिन डूबे हुए श्रद्धालु कौशल कुमार का कोई पता नहीं चला। घटना की जानकारी मिलने के बाद गोला थाना के सब इंस्पेक्टर अमित वहां पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजने का प्रयास किया लेकिन रात हो जाने के कारण और नदी में बहाव तेज होने के कारण डूबे हुए व्यक्ति कौशल कुमार का कोई पता नहीं चल पाया।गोला अंचल के इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी, जिसके बाद गोला के सब इंस्पेक्टर अमित वहां गए थे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे हुए कौशल कुमार को खोजने का प्रयास किया लेकिन पानी का बहाव तेज था और दामोदर नदी में चट्टान काफी है जिसके कारण डूबे हुए व्यक्ति का कुछ पता नहीं चल पाया। नदी के किनारे रहने वाले गांव के प्रमुख व्यक्तियों को इसकी सूचना दी गई है, यदि नदी के किनारे कुछ पता चलता है तो वह पुलिस को सूचित करें। कौशल कुमार बिहार के गया जिले के एसपी कोठी के पास रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो कई बसों के मालिक भी बताये जा रहे हैं।

## मांडू विधानसभा में सभी समुदाय के लोगों को जोड़ा जाएगा : बिहारी महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत रबोद पंचायत के भूइया टोली तथा मऊरसेरवा टोली में जन जागरूकता अभियान रमेंद्र महतो तथा अर्जुन करमाली के नेतृत्व में किया गया। इस नेतृत्व मुख्य रूप से उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय अध्यक्ष व प्रोटेम प्रभारी बिहारी महतो भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बिहारी महतो ने कहा की टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करना है । मांडू विधानसभा से जिसको भी टिकट पार्टी देगी सभी लोगों को तन, मन, धन के साथ देने की जरूरत है। टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करना है । वर्तमान स्थिति में सभी लोग टाइगर जयराम महतो को एक विकल्प के रूप में जनता देख रही है । इनको हर हाल में बहुमत देकर झारखंड राज्य का कमान देने की जरूरत है, ताकि झारखंड में स्थानीय नीति, नियोजन नीति ,विस्थापन नीति ,उद्योग नीति, खनन नीति तथा अच्छा नीति नियम बन सके। क्योंकि झारखंड का विकास इन्हीं के हाथों संभव हो सकेगा ।सभी लोगों को एकजुट होकर साथ देने की जरूरत है। इस जन जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से बिहारी महतो, रविंद्र महतो ,निखिल महतो, अभय महतो, तुलेश्वर महतो, अर्जुन करमाली, शंकर महतो, मंगरा भूंया रवि भूंया, जितेंद्र भूंया, शंकर महतो, सोनिया देवी, सरिता देवी, नागिनी देवी, नीतू देवी ,ममता कुमारी, स्नेहलता कुमारी के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया में दौड़ के दरम्यान मृतक के आश्रितों को मिले 1 करोड़ रुपए : जितेंद्र

**नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने अपने आवास पर प्रेस बयान जारी कर राज्य में 583 पदों के लिए उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया के दरम्यान दौड़ने के क्रम में बेहोश होकर गिरने से 10 प्रतिभागियों की दुखद मौत पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए इसके लिए राज्य सरकार की अव्यवस्था व भीषण लापरवाही को जवाबदेह ठहराया है।प्रेस बयान में उन्होंने कहा है कि हेमन्त सरकार से सभी मृतकों के आश्रितों को 1-1 करोड़ रूपए मुआवजा व सरकारी नौकरी समेत अन्य सुविधाएं देने की मांग किया है।बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि हेमन्त सरकार की संवेदनहीनता के कारण 6 लाख प्रतिभागियों को बगैर मेडिकल सुविधाओं के जानवरों की तरह दौड़ाने से जिनके घर मर्मातक वेदना जनित शून्यता से चीख-पुकार मची है,उसकी भरपाई कौन करेगा उन्होंने इस जानलेवा बहाली में छत्तरपुर कौवल के निवासी श्री गिरिजा दास के यूपीएससी की तैयारी कर रहे मेधावी सुपुत्र श्री पवन कुमार उर्फ गुड्डू के हृदयविदारक मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति करार दिया है।

### प्रपत्र VII
### समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

#### अधिघोषणा
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

अधिघोषणा संख्या 641/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 30.08.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75 नामधारी कॉलेज से पचपड़वा माया कोरवाडीह, चामा पथ चौडीकरण योजना** हेतु ग्राम–महुलिया थाना–गढ़वा, थाना सं0–351, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में कुल :– **3.05100** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.05100** एकड है और जो ग्राम–महुलिया, थाना–गढ़वा, थाना सं0–351, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 61 | 543 | रैयती | – | 0.07940 | बनारसी यादव पिता–स्व0 दशरथ महतो | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–नीज, प0–देवन्ती देवी |
| 2 | 61 | 543 | रैयती | – | 0.03460 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 3 | 43 | 552 | रैयती | – | 0.02060 | नन्दु चौधरी पिता–रामनाथ चौधरी | उ0–521 द0–521 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 4 | 43 | 552 | रैयती | – | 0.00140 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 5 | 61 | 542 | रैयती | – | 0.04090 | देवनाथ पाल व शिव नाथ पाल व भोला पाल व शिव नारायण पाल पिता–स्व0 विगन पाल व संतोष पाल वगैं0 पिता–स्व0 प्रयाग पाल | उ0–790 द0–बनारसी यादव पू0–नीज प0–रास्ता |
| 6 | 61 | 542 | रैयती | – | 0.03310 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 7 | 52 | 546 | रैयती | – | 0.03940 | विजय महतो वगैं0 पिता–शिव नारायण महतो | उ0–नीज, द0–रास्ता पू0–समुद्री देवी, प0–नीज |
| 8 | 52 | 546 | रैयती | – | 0.13150 | समुद्री देवी पति–स्व0 अयोध्या महतो | उ0–नीज, द0–रास्ता पू0–इनायत अंसारी प0–विजय महतो |
| 9 | 52 | 546 | रैयती | – | 0.02110 | कृष्णा महतो पिता–स्व0 जोखन महतो | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–राम टहल यादव प0–विजय महतो |
| 10 | 52 | 546 | रैयती | – | 0.12400 | अज्ञात | उ0–रास्ता, द0–रास्ता पू0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 11 | 66 | 545 | रैयती | – | 0.03290 | राम टहल यादव पिता–स्व0 केश्वर यादव व शिव शंकर यादव व महेन्द्र याद व पिता–स्व0 केश्वर यादव | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–हेमवन्ती देवी प0–कृष्णा महतो |
| 12 | 66 | 545 | रैयती | – | 0.1220 | हेवन्ती देवी पति–विन्देश्वर प्रसाद यादव | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–बनारसी यादव प0–राम टहल यादव |
| 13 | 66 | 545 | रैयती | – | 0.06670 | इनायत अंसारी व कलीम अंसारी व लाल मोहम्मद अंसारी पिता–स्व0 सरीफ अंसारी | उ0–नीज, द0–रास्ता पू0–शिव भजन पाल प0–समुद्री देवी |
| 14 | 66 | 545 | रैयती | – | 0.02840 | शिव भजन पाल व माधो महतो पिता–स्व0 राम दुलार महतो | उ0–नीज, द0–रास्ता पू0–521, प0–इनायम अंसारी वगैं0 |
| 15 | 66 | 545 | रैयती | – | 0.15300 | अज्ञात | उ0–रास्ता, द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 16 | 81 | 526 | रैयती | – | 0.03900 | फुलमणि देवी पति–बच्चु साव | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–विजय महतो प0–संजय यादव |
| 17 | 81 | 526 | रैयती | – | 0.02300 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 18 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.04080 | विपती देवी पति–विगन भुईया | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–जुमराती अंसारी प0–रास्ता |
| 19 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.00870 | जुमराती अंसारी पिता–स्व0 हुसैन अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–नसमुदीन अंसारी प0–विपती देवी |
| 20 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.00870 | तसामुदीन अंसारी पिता–स्व0 हुसैन अंसारी | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–राजकुमार साव प0–जुमराती अंसारी |
| 21 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.09840 | राज कुमार साव पिता–स्व0 राम लगन साव | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–हकीम अंसारी प0–तसामुदीन अंसारी |
| 22 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.02980 | हकीम अंसारी पिता–स्व0 फेकु अंसारी व अन्य | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–दैलती देवी प0–राजकुमार साव |
| 23 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.04770 | दौलती देवी पति–अजय यादव व संजय यादव पिता–विध्याचल यादव | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–फलमणि देवी प0–हकीम अंसारी |
| 24 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.03490 | लिलावती कुंवर पति–स्व0 शिव बिहारी साव | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विजय महतो प0–मुन्द्रिका बैठा |
| 25 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.03120 | मुन्द्रिका बैठा व द्वारिका बैठा पिता–स्व0 जवाहर बैठा | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–लिलावती कुंवर प0–सकुर शेख |
| 26 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.02740 | शकुर शेख पिता–स्व0 मनभरी शेख | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–मुन्दका बैठा वगैं0 प0–राजकुमार साव |
| 27 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.01600 | रामयाद साव पिता–स्व0 नन्हकु साव | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–राजकुमार साव प0–तसामुदीन अंसारी |
| 28 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.01740 | तसामुदीन अंसारी पिता–स्व0 हुसैन अंसारी | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रामयाद साव प0–जुमराती अंसारी |
| 29 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.01680 | जुमराती अंसारी पिता–स्व0 हुसैन अंसारी | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–तसामुदीन अंसारी प0–अफताब अंसारी |
| 30 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.01570 | अफताब अंसारी वगैं0 पिता–मजीद अंसारी | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–जुमराती अंसारी प0–विनोद विश्वकर्मा |
| 31 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.00820 | विनोद विश्वकर्मा पिता–स्व0 राम बेलास विश्वकर्मा | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–अफताब अंसारी प0–रामचन्द्र विश्वकर्मा |
| 32 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.01130 | रामचन्द्र विश्वकर्मा पिता–स्व0 राम बेलास विश्वकर्मा | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विनोद विश्वकर्मा प0–रामचन्द्र विश्वकर्मा |
| 33 | 37 | 524 | रैयती | – | 0.24900 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–526 प0–रास्ता |
| 34 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.06660 | रामाश्रय राम पिता–स्व0 विश्वनाथ राम व शिव भुईया पिता–राम बरत भुईया | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रास्ता प0–सुनैना देवी |
| 35 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.01260 | सुनैना देवी पति–लालजी राम | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रामाश्रय रा वगैं0 प0–रामबंशी राम वगैं0 |
| 36 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.0642 | रामबली राम व लाल बहादुर राम पिता–स्व0 बिगन राम | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–सुनैना देवी प0–मनोज राम वगैं0 |
| 37 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.03840 | मनोज राम वगैं0 पिता–स्व0 चरितर राम | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रामवंशी राम वगैं0 प0–बुधन भुईयां वगैं0 |
| 38 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.05930 | बुधन भुईया व सुकन भुईया पिता–स्व0 विश्वनाथ भुईया व खखनु भुईया व बुटन भुईया पिता–स्व0 गरीबा भुईया | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–मनोज राम वगैं0 प0–रामबली राम वगैं0 |
| 39 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.05290 | जुमराती शेख व तसामुदीन शेख पिता–स्व0 हुसैन शेख | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–मजीद अंसारी प0–516 |
| 40 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.02260 | मजिद अंसारी पिता–स्व0 नूर हसन अंसारी | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–नथुन उरांव प0–जुमराती शेख वगैं0 |
| 41 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.01740 | नाथुन उरांव पिता–स्व0 दुच उरांव | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–मजीद अंसारी |
| 42 | 146 | 519 | रैयती | – | 0.18100 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–514 |
| 43 | 142 | 502 | रैयती | – | 0.01250 | नसरूदीन अंसारी पिता–जमालुदीन अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–514 प0–गंगा महतो |
| 44 | 142 | 502 | रैयती | – | 0.02370 | गंगा महतो पिता–स्व0 डोमन महतो | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–नसरूदीन अंसारी प0–सकुर अंसारी |
| 45 | 142 | 502 | रैयती | – | 0.01180 | रिकुधर दुबे पिता–विजय धर दुबे | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–514 प0–गंगा महतो |
| 46 | 142 | 502 | रैयती | – | 0.03000 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–514 प0–5087 |
| 47 | 64 | 508 | रैयती | – | 0.18500 | सकुर अंसारी वगैं0 पिता–स्व0 मनभरी अंसारी व वाजुदीन अंसारी पिता–स्व0 अब्दुल अंसारी व अबरार अंसारी पिता–स्व0 सलिमन अंसारी व जैनुल अंसारी वगैं0 पिता–स्व0 सदीक अंसारी | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–502 प0–1037 |
| 48 | 64 | 508 | रैयती | – | 0.13800 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 49 | 124 | 65 | रैयती | – | 0.11320 | नन्द किशोर भुईया पिता–स्व0 चैतु भुईया व भोला भुईया पिता–स्व0 विसुन देव भुईया | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विनोद भुईया प0–शिवाना |
| 50 | 124 | 65 | रैयती | – | 0.01540 | विनोद भुईया व प्रमोद भुईया पिता–स्व0 श्रवण भुईया | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–अनिल भुईया प0–नन्द किशोर भुईया |
| 51 | 124 | 65 | रैयती | – | 0.01540 | अनिल भुईया व छोटन भुईया पिता–स्व0 मुनी भुईया | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–1037 प0–विनोद भुईया |
| 52 | 124 | 65 | रैयती | – | 0.06200 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 53 | 142 | 516 | रैयती | – | 0.02500 | गंगा महतो पिता–स्व0 डोमन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–नसरूदीन अंसारी प0–515 |
| 54 | 142 | 516 | रैयती | – | 0.02500 | नसरूदीन अंसारी पिता–जमालुदीन अंसारी | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–519 प0–गंगा महतो |
| 55 | 142 | 516 | रैयती | – | 0.00800 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 56 | 81 | 522 | रैयती | – | 0.00200 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–524 प0–रास्ता |
| 57 | 01 | 742 | रैयती | – | 0.00800 | उदय प्रसाद यादव पिता–स्व0 शिव बरत प्रसाद यादव | उ0–नीज द0–नीज पू0–रास्ता प0–नीज |
| 58 | 61 | 787 | रैयती | – | 0.04400 | राजन साव पिता–स्व0 लालजी साव | उ0–राजन साव द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–नीज |
| 59 | 61 | 788 | रैयती | – | 0.02400 | राजन साव पिता–स्व0 लालजी साव | उ0–राजेन्द्र चौरसीया द0–नीज पू0–रास्ता प0–नीज |
| 60 | 26 | 789 | रैयती | – | 0.00400 | राजेन्द्र चौरसीया पिता–स्व0 राम प्रसाद बरई | उ0–रास्ता द0–राजन साव पू0–रास्ता प0–नीज |
| 61 | 03 | 835 | रैयती | – | 0.00300 | उदय प्रसाद यादव पिता–स्व0 शिव बरत प्रसाद यादव | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–नीज प0–रास्ता |
| 62 | 21 | 868 | रैयती | – | 0.00200 | दीप नारायण चन्द्रवंशी पिता–स्व0 शिवनाथ चन्द्रवंशी | उ0–गोपाल राम द0–रास्ता पू0–नीज प0–रास्ता |
| 63 | 21 | 869 | रैयती | – | 0.01700 | गोपाल राम पिता–गिरवर राम व सत्येन्द्र चन्द्रवंशी व कृष्णा चन्द्रवंशी व अरविन्द चन्द्रवंशी पिता–स्व0 द्वारिका राम | उ0–रास्ता द0–दीप नारायण चंद्रवंशी पू0–नीज प0–रास्ता |
| 64 | 101 | 888 | रैयती | – | 0.02100 | किसमतिया देवी पति–स्व0 खेदु पासवान व कलावती देवी पति–स्व0 सोहराई पासवान | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–नीज प0–रास्ता |
| 65 | 66 | 986 | रैयती | – | 0.01800 | तेजन लाल | उ0–790 द0–पारस ठाकुर पू0–नीज प0–रास्ता |
| 66 | 66 | 986 | रैयती | – | 0.01700 | पारस ठाकुर पिता–स्व0 चमरू ठाकुर | उ0–तेजन लाल द0–शिव कुमार चौधरी पू0–नीज प0–रास्ता |
| 67 | 66 | 986 | रैयती | – | 0.01650 | शिव कुमार चौधरी पिता–स्व0 छबी चौधरी | उ0–पारस ठाकुर द0–क्यामुदीन अंसारी पू0–नीज प0–रास्ता |
| 68 | 66 | 986 | रैयती | – | 0.00300 | क्यामुदीन अंसारी पिता–स्व0 खुशदील अंसारी | उ0–शिवकुमार चौधरी द0–लालेश्वर विश्वकर्मा पू0–नीज प0–रास्ता |
| 69 | 66 | 986 | रैयती | – | 0.01150 | लालेश्वर विश्वकर्मा पिता–स्व0 गिरजा विश्वकर्मा | उ0–क्यामुदीन अंसारी द0–हलीमा बीबी पू0–नीज प0–रास्ता |
| 70 | 66 | 986 | रैयती | – | 0.00600 | हलिमा बीबी पति–अहमद रज्जा | उ0–लालेश्वर विश्वकर्मा द0–नुरजहां बीबी पू0–नीज प0–रास्ता |
| 71 | 66 | 986 | रैयती | – | 0.00600 | नूरजहां बीबी पति–रफीक मियां | उ0–हलीमा बीबी द0–रास्ता पू0–नीज प0–रास्ता |
| 72 | 01 | 1033 | रैयती | – | 0.00150 | सुर्यदेव राम व मुखदेव राम व राजदेव राम व श्यामदेव राम पिता–स्व0 राम प्रसाद राम | उ0–745 द0–विरेन्द्र राम पू0–रास्ता प0–नीज |
| 73 | 01 | 1033 | रैयती | – | 0.00150 | विरेन्द्र राम व सुरेन्द्र राम व जितेन्द्र राम पिता–स्व0 दुखी राम | उ0–सुर्यदेव राम द0–शिवनाथ राम पू0–रास्ता प0–नीज |
| 74 | 01 | 1033 | रैयती | – | 0.00150 | शिवनाथ राम व उमेश राम पिता–स्व0 नागेश्वर राम | उ0–विरेन्द्र राम द0–जितनी कुंवर पू0–रास्ता प0–नीज |
| 75 | 01 | 1033 | रैयती | – | 0.00100 | जीतनी कुंवर पति–स्व0 चतुरी राम व तेतरी कुंवर पति–स्व0 मथुरी राम | उ0–शिवनाथ राम द0–सरस्वती देवी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 76 | 01 | 1033 | रैयती | – | 0.00250 | सरस्वती देवी पति–मोती राम व सुनैना देवी पति–सुग्रीम राम | उ0–जीतनी कुंवर द0–सुरूज चंद्रवंशी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 77 | 01 | 1033 | रैयती | – | 0.00250 | सुरज चन्द्रवंशी व लल्लू चन्द्रवंशी पिता–स्व0 बेलास चन्द्रवंशी | उ0–सरस्वती देवी द0–लल्लु राम पू0–रास्ता प0–नीज |
| 78 | 01 | 1033 | रैयती | – | 0.00250 | लल्लू राम पिता–स्व0 राम बेलास राम | उ0–सुरूज चंद्रवंशी द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–नीज |
| 79 | 71 | 606 | रैयती | – | 0.00200 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–606 |
| | कुल :– | | | | 3.05100 | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–महुलिया, थाना–गढ़वा, थाना सं0–351, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

PR 334378
District(24-25)#D

अमीन, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | कानूनगो, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, मंगलवार, 03 सितंबर 2024 | पेज 10


## हरेन्द्र सिंह द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने अपने प्रयास ÷स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज÷ के तहत शिवपुरम सोसायटी, सोरीटांड (कौआ कला), भूली में एक निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन कराया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना था, जिसमें मुख्य रूप से केंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को प्रतित्साहित करना था। इस अवसर पर हरेन्द्र सिंह ने कहा, ÷स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। हमारे इस प्रयास का लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने यह भी बताया कि असर्फी हॉस्पिटल इस प्रकार के कई शिविरों का आयोजन पहले भी कर चुका है और आगे भी करता रहेगा। विशाल कुमार के सहयोग से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सोसायटी में लोगों के घर घर जा कर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य एवं कैंसर समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म भर कर की गई। साथ ही, जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर का लाभ बड़ी संख्या में सोसायटी के लोगों ने उठाया और इस पहल के लिए असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेन्द्र सिंह की सराहना की।

## एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स, झारखंड चैप्टर का वार्षिक सम्मेलन 13 से 15 सितंबर तक, जुटेंगे देश के कई प्रसिद्ध सर्जन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स, झारखंड चैप्टर का वार्षिक सम्मेलन आगामी 13 से 15 सितंबर तक गिरिडीह के होटल उत्सव उपवन में आयोजित किया जाएगा. जिसमें भारत और झारखंड के प्रमुख सर्जन एकत्रित होंगे और अपने ज्ञान को साझा करेंगे. इस सम्मेलन का उद्देश्य सर्जिकल विज्ञान में नवीनतम प्रगति और तकनीकों पर चर्चा करना और बेहतर उपचार के लिए समाज में उनके अनुप्रयोग को बढ़ावा देना है. इस तीन दिवसीय सम्मेलन को लेकर एसोसिशन के सदस्यों ने तैयारी शुरू कर दी है. इस बाबत ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. आजाद, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. राजीव, डॉ. नीरज डोकानिया, डॉ विकास लाल,डॉ. उत्तम जालान आदि ने बताया की इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सर्जिकल विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नवीनतम शोध, तकनीकी प्रस्तुतियाँ और मामले अध्ययन शामिल होंगे. बताया की यह सम्मेलन सर्जिकल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा और झारखंड में बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करने में मदद करेगा।

## क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखंड के कोयरीडीह उच्च विद्यालय के प्रांगण में अम्बिका चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा रविन्द्र रंजन के जन्मदिन के अवसर पर पंचवटी पहल कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें उपस्थित अतिथियों रामशंकर ठाकुर, जगदीश महतो, रघुनन्दन प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रामदेव ठाकुर, जय प्रकाश वर्मा, श्यालाल साव, पंसस अनिल शर्मा, उप मुखिया संदीप साव, दामोदर महतो के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एक सौ बच्चे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमें तीन बच्चे प्रथम, दो द्वितीय और 4 बच्चे तृतीय स्थान प्राप्त किया क्रमशः प्रथम - आर्यन कुमार,पंकज शर्मा व रितेश कु. वर्मा

द्वितीय - कौलेश्वर साव व असलम अंसारी

तृतीय-राजेन्द्र कुमार,लव राणा,नितेश प्रसाद व विशाल कु.वर्मा।स्थान प्राप्त किया और उन सभी बच्चों को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया तत्पश्चात अतिथियों, शिक्षिकों और स्कूली छात्रो -छात्राओं के द्वारा पीपल, नीम, आंवला, आम, जामुन, नारियल इत्यादि पौधे लगाया गया और इसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी रामशंकर ठाकुर उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने कहा की वर्तमान में जन्मदिन पर केक और डीजे का प्रचलन काफी तेजी से चल रहा है। वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम और जागरूकता कार्यक्रम से जन्मदिन की शुरुआत कराने की अनूठी परम्परा की सभी ने प्रशंसा की।

## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वयस्क बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम का उपायुक्त ने किया शुरुआत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वयस्क बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की।वही कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान मौके पर सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला भी.बी.डी पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमओ, WHO, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डाटा पर्सन, सभी बीटीटी, स्वयं सेवी संस्था समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर बी.सी.जी का प्रथम टीका देकर इसका शुरूआत किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में यह अभियान चलाया जा रहा है, जो कि अगले 3 महीने तक चलेगा। जिसका उद्देश्य जिले से टीबी का समूल उन्मूलन है तथा इसमें प्रत्येक नागरिक की परस्पर सहभागिता जरूरी है। उन्होंने सभी वयस्क नागरिकों से अपील किया कि टीकाकरण अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि हेल्थ वर्कर्स, पुलिस विभाग, फ्रंट लाइन वर्कर्स, 18 प्लस, 60 प्लस आदि के लोगों को इस वैक्सीनेशन से अच्छादित करना है। उन्होंने बताया कि टीबी से बचाव हेतु बी.सी.जी वैक्सिन एक सुरक्षित वैक्सिन है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है। दो सप्ताह से ज्यादा समय से खांसी हो, दो सप्ताह का बुखार, वजन में कमी होना, कफ के साथ खून आना जैसे लक्षण दिखने पर चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सभी सुयोग्य का टीकाकारण हो इसे स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी समन्वय बनाते हुए सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम में संबंधित प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी का सहयोग अवश्य लें। ताकि इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकें। साथ ही उन्होंने सभी से कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप में भी सबकी भागीदारी होनी चाहिए ताकि हमलोग ज्यादा से ज्यादा ब्लड एकत्रित कर पाएं और जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सकें। उन्होंने कहा कि आप सभी के लिए ये एक चैलेंजिंग टास्क है, इसमें अपनी पूरी पारदर्शिता दिखाएं और कार्यक्रम को सफल बनावें। उपायुक्त ने कहा कि बड़े पैमाने पर इसका प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराएं। साथ ही साथ सभी को जो जो दायित्व दिया गया है, उसे पूरा निष्ठापूर्वक करें।

## तीस मिनट तक लिफ्ट में फंसा रहा छात्र, बाल-बाल बची जान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के लिफ्ट मे फसा रहा मॉस कम्युनिकेशन सेमेस्टर 4 का छात्र। 30 मिनट तक आवाज़ लगाता रहा और अलार्म भी बजाया लेकिन कोई गार्ड नहीं आया बचाने। छात्र ने बताया की सांस लेने मे भी काफ़ी दिक्क़त होने लगे थी। जबकि मोबाईल मे नेटवर्क भी लिफ्ट मे नहीं रहता है की किसी को इस बात की सुचना दे सके। किसी तरह स्टाफ को मालूम हुआ तो आनन फानन मे लिफ्ट को खोल कर बाहर निकाला गया। छात्र ने इसकी जानकारी दूरभाष पर यूनिवर्सिटी के कुलपति को दिया। कुलपति ने कहा की पहले भी इस तरह का घटना हुआ था और 30 मिनट तक लिफ्ट मे फसे रहना, ये निंदा का विषय है। लिफ्ट की मरम्मत की जाएगी।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर टीएमसी ने की बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रांची स्थित टीएमसी के प्रदेश कार्यालय मे कार्यकारी अध्यक्ष फिल्मोन टोप्पो की अध्यक्षता मे एक बैठक आयोजित हुई। बैठक मे कहा गया की, झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर रखते हुए अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस पार्टी, झारखंड में 30 - 35 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए अपना संगठन मजबूत किया है और मजबूती की दिशा में काफी मेहनत किया जा रहा हैं। सभी संभावित प्रत्याशी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार 24 घंटे मेहनत कर रहे हैं। अभी तक राजमहल, बोरियो, नाला, पाकुड़, धनबाद, चाईबासा, इचागढ़, लोहरदगा, सिल्ली, तमाड़, रांची, बड़कागांव, बहरागोड़ा, गड़वा, मांडर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए दावा ठोका जा रहा है एवं अन्य कई विधानसभा क्षेत्र में भी प्रत्याशी चुनाव की तैयारियों में कार्यरत हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की पार्टी सुप्रीमो के आदेशानुसार आगे की निर्णय ली जाएगी।

बैठक मे मुख्य रूप से प्रदेश कार्यलय प्रभारी दया बाबू, टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद समेत विभिन्न जिलों से आए टीएमसी नेता व कार्यकर्ता मौजुद थे।

## केंद्रीय कैबिनेट ने मुंबई व इंदौर के बीच 309 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइन परियोजना को दी मंजूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल लागत वाली नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नई लाइन सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी की नए भारत की कल्पना के अनुरूप है, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को ÷आत्मनिर्भर÷ बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध सम्पर्क प्रदान करेगा।यह परियोजना 2 राज्यों, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी।इस परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा।

## पूर्व मध्य रेल द्वारा 83 मिलियन टन से अधिक का किया गया लदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल को चालू वित्त वर्ष 2024.25 के अप्रैल से अगस्त माह तक माल ढुलाई सहित अन्य सभी स्रोतों से प्राप्त होने वाले आय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ कुल 13,469 करोड़ रूपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है। यह आय पिछले वर्ष के समान अवधि में प्राप्त प्रारंभिक आय 12,737 करोड़ रूपये के तुलना में 5.75 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वित्त वर्ष 2024.25 के अप्रैल से अगस्त माह तक पूर्व मध्य रेल द्वारा 83.28 मिलियन टन का माल लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में किये गये माल लदान 81.28 मिलियन टन की तुलना में 2.46 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार अप्रैल से अगस्त माह तक किये गये कुल माल लदान से पूर्व मध्य रेल को कुल 11,151 करोड़ रूपए की आय प्राप्त हुई जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि के दौरान किये गये माल लदान से प्राप्त आय 10741 करोड़ रूपये की तुलना में 3.82 प्रतिशत अधिक है । अप्रैल से अगस्त के दौरान मक्का, गेहूं एवं बॉक्साइट के लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है ।

## पूर्व मध्य रेल के 10 प्रमुख स्टेशनों पर पैकेज्ड पेयजल की बिक्री अनिवार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं।

सीमित उत्पादन और आपूर्ति के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल के प्रमुख 10 स्टेशनों पर पैकेज्ड पेयजल ष्रेल नीरष् की बिक्री अनिवार्य है।

इनमें पटनाए राजेंद्र नगर टर्मिनलए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शनए गयाए धनबादए हाजीपुरए मुजफ्फरपुरए बरौनीए समस्तीपुर और दरभंगा स्टेशन शामिल है। पूर्व मध्य रेल के अन्य स्टेशनों पर भी पैकेज्ड पेयजल की उपलब्धता निरंतर बनी रहे इसके लिए बिसलेरीए किनलेए किंगफिशर प्रीमियमए किंग रॉयलए बेलीए डाभ एक्वाए अदास एक्वा प्लसए जीवनधाराए नेस्टीए रेडियंस केम्प्टीए मंगलम नीरए रॉयल चैलेंज सहित कुल 12 ब्रांड के बीआईएस प्रमाणित पैकेज्ड पेयजल ब्रांडों को रेलवे द्वारा सूचीबद्ध किया गया है।

इसके अतिरिक्त पूर्व मध्य रेल ने यात्रियों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 66 स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों की 206 इकाइयाँ चालू की हैं।

ये सुविधाएं यात्रियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के रूप मेंए पानी के नल के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले सुरक्षित पेयजल के प्रावधान के अतिरिक्त हैं।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन, पुलिस कप्तान रहे मौजूद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** जिला अंतर्गत सिरसिया स्थित प्रखंड सभागार में गिरिडीह पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था , कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरिडीह एसपी डॉ .विमल कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए झारखंड पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर एक अनूठी पहल शुरू की गई है। इसी को लेकर गिरिडीह प्रखंड परिसर, डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परिसर, जमुआ थाना परिसर और छोटकी सरिया पंचायत भवन में इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया था। गिरिडीह में गिरिडीह प्रखंड परिसर में काफी संख्या में लोग अपनी समस्या को लेकर यहां पहुंचे हुए थे। लोगों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित अपनी बातों को रखा और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया गया। वहीं जिस मामलों में एक-दो दिन का समय लगेगा वैसे मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द किया गया। आपसी झगड़े जमीन विवाद से संबंधित ज्यादा आवेदन देखने को मिला। एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि कई तरह के मामले आज के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में लोगों का पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन से संबंधित भी मामले देखने को मिला उन मामलों को जिला प्रशासन से संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश दिया गया है वहीं कुछ कांडो से संबंधित मामले भी प्रशासन को देखने को मिला , इन सभी समस्याओं का समाधान को लेकर सभी जनों को निर्देशित कर दिया गया आने वाले समय में अन्य सभी थाना अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और निष्पादन होगा । मौके पर गिरिडीह प्रखंड के बीडीओ गणेश रजक, एसडीपीओ विनोद रवानी, डीएसपी वन अंकिता राय डीएसपी टू- कौसर अली, गिरिडीह अंचल अधिकारी के साथ मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद एवं पचंबा थाना प्रभारी मंटू कुमार साहू समेत विभिन्न थाना के गणमान्य पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

## उत्पाद सिपाही दौड़ में हो रहे मौत व बेहोश को लेकर अभाविप ने गिरिडीह सदर अस्पताल में किया तालाबंदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से गिरिडीह के सदर अस्पताल में व्यवस्था को लेकर तालाबंदी कर आंदोलन किया गया । जिसमें मुख्य रूप से उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता में अलग-अलग जिले से आए हुए अभ्यर्थियों को गिरिडीह जिले में दौड़ दिया गया है ।जिसमें काफी युवा बेहोश हो जाते हैं और पुलिस प्रशासन द्वारा उस अभ्यर्थी को एंबुलेंस में डालकर गिरिडीह के सदर अस्पताल में भर्ती करवा दिया जाता है । इधर गिरिडीह के सदर अस्पताल में भर्ती अभ्यर्थियों को अस्पताल के कॉरिडोर में रखकर ट्रीटमेंट किया जा रहा है ऊपर से 2 दिन पहले एक बेड पर चार अभ्यर्थियों को रख कर ट्रीटमेंट किया जा रहा था तो और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सदर अस्पताल में जाकर पूछताछ करती है तो वहां के नर्स का कहना है कि आप लोग ही व्यवस्था क्यों नहीं करते हैं तो मैं पूछना चाहता हूं झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की इस दौड़ प्रतियोगिता में मेडिकल की व्यवस्था क्यों नहीं दिया गया है युवा विरोधी झारखंड सरकार रोजगार के नाम पर मौत देने का काम कर रहा है 3 महीने के बाद झारखंड राज्य में चुनाव है झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने वोट बैंकिंग बनाने के लिए दौड़ प्रतियोगिता रहा है जिसमें अभी तक 13 अभ्यर्थियों का मौत हो चुकी है और तो और प्रत्येक दिन 20 से 25 अभ्यार्थियों बेहोशी होने से अस्पताल का चक्कर करना पड़ता है।

*अभाविप की मांग*

1. विद्यार्थी परिषद का मांग है कि दौड़ 8ः00 बजे से पहले समाप्त करें।

2. मृतक अभ्यर्थियों के परिवार को 50 लाख के 14मुआवजा प्रबंध करवा।

3. दौड़ प्रतियोगिता के स्थान पर मेडिकल की व्यवस्था करवाई।

4. गिरिडीह के सदर अस्पताल में सुधार करें।

5. मृतक अभ्यर्थियों के परिवार में किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरियां देने का काम करें।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रदेश के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक

आशीष कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार के हेमंत सोरेन युवा को नौकरियों के नाम पर मौत देने का काम कर रहे हैं दो दिन पहले 31.08.2024 को गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के हीरोडीह थाना अंतर्गत मानिकबाद पंचायत के बको निवासी सूरज कुमार वर्मा का मौत हो गई सूरज कुमार वर्मा एक होनहार छात्र था क्योंकि जेपीएससी पीटी परीक्षा निकाल कर मेंस फाइनल रिजल्ट का इंतजार कर रहा था . यह युवा को क्या जरूरी था

उत्पाद सिपाही का दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेना पर झारखंड सरकार ने जिस तरह अपने झूठे वादे किए हैं वादे के अनुकूल झारखंड में काम नहीं होने पर युवा लोग रोजगार की तलाश में अपनी जान देने पर मजबूर है. मौके पर कार्यक्रम मैं उपस्थित गिरिडीह जिला संयोजक उज्जवल तिवारी, गिरिडीह नगर मंत्री बबलू यादव, झारखंड प्रदेश के जनजातीय सह प्रमुख मंटू मुर्मू, नगर सह मंत्री रोहित बरनवाल, चंदन ओझा ,गिरिडीह कॉलेज मंत्री नीरज चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोशन चंद्रवंशी, कॉलेज उपाध्यक्ष राहुल पांडे, अनीश कुमार राय, अभिजीत सिन्हा, चैतन्य मिश्रा, क्रिस पासवान, आदित्य पासवान, हेमंत तिवारी आयुष सिंह, रोशन राणा, सदानंद सिंह, सूज़ल चंद्रवंशी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## गिरिडीह को मिली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात, पारसनाथ स्टेशन पर रुकेगी वंदे भारत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह जिला को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिल गई। अब गिरिडीह के पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर वाराणसी रांची वंदे भारत ट्रेन का रुकेगी। केंद्रीय रेल मंत्रालय द्वारा तीर्थ स्थल पवित्र पारसनाथ स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव को मंजूरी दे दी गई है। सोमवार को इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सरकार की मंत्री बेबी देवी उपस्थित हुए।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, इंजी विनय कुमार सिंह, भाजपा नेता प्रदीप साव, यशोदा देवी, संजीव कुमार, कविराज, दारा हाजरा, संतोष गुप्ता, संजीव जैन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। पारसनाथ स्टेशन पर अतिथियों ने वाराणसी रांची वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बताया गया कि इस ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन एक शहर को दूसरे शहर से जोड़ने का महत्वपूर्ण साधन बनेगा।वही बाबा बैद्यनाथ और जैनियों के प्रमुख तीर्थस्थल पारसनाथ और बैधनाथ धाम देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं को इस ट्रेन से काफी सुविधा मिल जाएगी। बताया गया कि पारसनाथ स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव के लिए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री संजीव कुमार ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपाई से आग्रह किया गया। जिसके बाद लक्ष्मीकांत बाजपाई ने 13 जुलाई को पत्र लिखा कर रेलवे मंत्रालय से ट्रेन के ठहराव की मांग की थी। इनकी आग्रह पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मांग को मजूरी दी और 2 सितंबर से वाराणसी रांची वंदे भारत एक्सप्रेस को पारसनाथ स्टेशन पर ठहराव को मंजूरी दी।

## ग्रामीण अपनी समस्याओं को निसंकोच संबंधित विभाग के अधिकारियों से अवगत कराएं : राजमनी उरांव

**भंडरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिले के भंडरा बाजार टांड़ में सोमवार को आपकी सरकार-आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, उपाध्यक्ष जुगल भगत,बीडीओ प्रतिमा कुमारी,सीओ दुर्गा कुमार व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों द्वारा बाल विकास परियोजना,मनरेगा,स्वास्थ्य,कल्याण,अबुआ आवास, आपूर्ति विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीणों को होने वाली समस्याओं के निदान कराने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण अपनी समस्याओं को निसंकोच संबंधित विभाग के अधिकारियों से अवगत कराएं, ताकि संबंधित विभाग के अधिकारी आपकी समस्याओं का समाधान कर सके। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड प्रशासन ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए कृत संकल्पित है। चाहे अबुआ आवास की बात हो या पेंशन हर समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड प्रशासन ग्रामीणों के साथ है। साथ ही उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के नाम पर कोई भी व्यक्ति अवैध राशि की मांग करता है, तो उसकी सूचना ग्रामीण प्रखंड कार्यालय को जरूर दें। सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजना में अवैध राशि की उगाही करने वालों पर प्रखंड प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। इस दौरान अतिथियों ने भंडारा मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच कल्याण विभाग द्वारा साइकिल का भी वितरण किया गया। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार,परवेज अंसारी, पर्यवेक्षिका नीलम मिंज,कल्याण पदाधिकारी वीणा कुमारी, पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार,भुवन लाल,अजीत अग्रवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भादो बदी अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):**निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में भादो बदी अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। श्री राणी सती दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया एवं दादी जी को अलौकिक श्रृंगार करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। दोपहर 3:00 बजे से 4 घंटे तक मारवाड़ी समाज की 101 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा पहन कर मंगला पाठ करते हुए दादी जी के मनमोहन भजनें गाएं और दादी जी का दुपट्टा को एक दूसरे को ओड़ाकर काफी झूमे नाचें। इस भक्ति कार्यक्रम से सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा,महिलाओं ने एक दूसरे को सुहाग पिटारियां की सामग्री आदि बाटीं एवं प्रसाद वितरण की गई। उसके उपरांत रात्रि में बंगाल के झालदा से आ रहे भगवती जागरण मंडली के द्वारा मनमोहन भजन से रात्रि भजन जागरण का आयोजन किया गया एवं सवामणि का प्रसाद का भोग लगाते हुए आरती कर समापन किया गया। मंगला पाठ में समाज की महिलाओं के अलावा समाज के काफी गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## बनवासी कल्याण केंद्र में लोहरदगा नगर महिला समिति का किया गया पुनर्गठन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा जिला परिसर के सभागार में लोहरदगा नगर महिला समिति का पुनर्गठन किया गया है। बैठक में झारखंड प्रांत महिला आयाम के सहसचिव श्रीमती सुमन राय के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा जिला के अध्यक्ष श्रीमती कलावती देवी के द्वारा नवीन समिति के घोषणा इस प्रकार किया गया है अध्यक्ष श्रीमती सुमन राय, उपाध्यक्ष श्रीमती रीता अग्रवाल,सचिव श्रीमती संगीता मित्तल,सहसचिव समिति नम्रता भगत,कोषाध्यक्ष श्रीमती अंशु खत्री एवं श्रीमती रश्मि अग्रवाल,संपर्क प्रमुख अंजलि अग्रवाल,सदस्य के रूप में श्रीमती मंजू जायसवाल,श्रीमती रेनू अग्रवाल,श्रीमती लक्ष्मी गोयल, श्रीमती शीतल काश्यकार,श्रीमती शशिलता नाथ, श्रीमती कनक अग्रवाल, सुश्री निर्मल वर्मा तथा संरक्षक के रूप में श्रीमती किरण देवी का नाम घोषणा किया गया है। नवीन नगर महिला समिति द्वारा वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा के भोजनालय के उपयोग हेतु एक सेंटर टेबल एवं एक गैस चूल्हा प्रदान किया गया।

### आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यसमिति की हुई बैठक

# झारखंड का सम्पूर्ण विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है : गणेश मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड में बनने वाली गैर भाजपा की सरकारों में राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया है।भ्रस्टाचार को बढ़ावा मिला है,राज्य में अराजकता फैली है।विकास अवरुद्ध हुआ है।चोरी डकैती,हत्या लूट-मार,महिलाओं पर अत्याचार,बलत्कार जैसे अपराध बढ़े है।रोहंगिया मुसलमानो के अवैध घुसपैठ में जैसे बाढ़ सी आ गयी है।उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री सह दक्षिनी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी गणेश मिश्रा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता आयोजित योजना बैठक में कही।उन्होंने कहा कि राज्य का सम्पूर्ण विकास सिर्फ भाजपा की सरकार ही कर सकती है। वर्तमान हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार पर हमला करते हुऐ कहा कि सरकार गठन के 58 महीने सरकार को महिलाओं की चिंता नही हुई,वादा खिलाफी इस सरकार ने अपने घोषणा पत्र का 10 प्रतिशत भी योजना पूरा नही किया।सहायक पुलिसकर्मियों,बेरोजगारों, किसानों,सहायक शिक्षको को ठगने का काम किया है।उन्होंने कहा कि बंगला देशी रोहंगिया मुसलमान राज्य में अवैध घुसपैठ कर महिलाओ के साथ अत्याचार कर रहे है और सरकार वोट बैंक को लेकर उनका साथ दे रही है।उन्होंने कहा कि राज्य में इस बार भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओ को भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए योजना बद्ध तरीके से संगठन के कार्य मे जुट जाने को कहा। जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि वर्तमान हेमंत की सरकार झारखंड को कुरूप प्रदेश बना दिया है।इसे विकसित राज्य बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है।जिससे गरीबो,मूलवासियों ,आदिवासियों का हक मिल सके। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आज से ही सेवा भाव से पार्टी के कार्य मे जुट जाने की बात कही। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने अतिथिओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि है।जिनके बल पर हम चुनाव मैंदान में लड़ाई लड़ते हैं।उन्होंने कहा कि योजना बद्ध तरीके से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और चनाव जीतेंगे। पूर्व विधान पार्षद सह विशुनपुर एवम सिसई विधान सभा चुनाव प्रभारी प्रवीण सिंह ने कहा कि बांग्लादेशी घुश्पैठिये बहन बेटियों पर हमला कर रहे है।हमारी संस्कृति हमारे धर्म से खेलवाड़ कर रहे है,हमारी जमीन पर कब्जा कर रहे है।राज्य के मुसलमानों का हक मार रहे है।हमे किसी तरह इन्हें रोकना होगा।उन्होंने कहा कि सरना कोड 1840 में लागु किया गया था जो किसी न किसी रूप में 1950 तक रहा,परंतु 1951 में जब कांग्रेस की सरकार बनी जवाहरलाल नेहरू प्रधान मंत्री बने तो इसे कानून से समाप्त कर दिया।आज वही कांग्रेस पार्टी सरना कोड लागू करने की बात कहती है।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार स्थानीय नीति को लेकर आदिवासियों और गैर आदिवासियो को लड़ाने का काम किया है।उन्होंने प्रदेश के नेताओ से लोहरदगा विधानसभा का चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का प्रतियासी देने का आग्रह किया जिसे बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ ने समर्थन किया।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह खूंटी विधानसभा चुनाव प्रभारी ओम सिंह ने कहा कि हमे आदिवासी समाज के बीच कार्य करने की आवश्यकता है,उन्होंने सभी मंडल अध्यक्ष को अपनी कमिटी का विस्तार करते हुए योजनाबद्ध तरीके से चुनाव की तैयारी करने की बात कही।बैठक का संचालन जिला महामंत्री पशुपतिनाथ परास एवम धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री संजय कुमार ने किया। बैठक में पूर्व विधायक रमेश उराँव,एस टी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विन्देशर बेक, माटी कला के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो,राकेश प्रसाद,राजमोहन राम,कलावती देवी,अजय पंकज हर्षनाथ महतो,नवीन कुमार टिंकू,सविता देवी,बाल कृष्णा सिंह,मिना बाखला, कैलास महतो, राजकिशोर साहू,मिथुन तमेडा, जगनन्दन पौराणिक,बिनोद रे, जयप्रकाश साहू,बजरंग उराँव,धीरज प्रसाद, संगीता त्रिलोकी सिंह,लखन उराँव,लाल अनूप नाथ सहदेव,भारत साहू,मोहन साहू,श्रवण मुंडा,विवेक कुमार , राजेन्द्र महतो अशोक साहू, विश्वजीत भारती, रामकुमार खेरवार,राजकुमार विवेक सोनी,सचित कुमार आदि उपस्थित थे।

### मंडल प्रभारी बनाये गए

| | |
|---|---|
| सेन्हा मंडल | -बाल कृष्णा सिंह |
| कुडू मंडल | -जगनन्दन पौराणिक |
| किसको मंडल | -संजय कुमार |
| कैरो मंडल | -राजकिशोर साहू |
| भंडरा मंडल | -अजय पंकज |
| पेशरार मंडल | -मिथुन तमेडा |
| लोहरदगा | -नवीन कुमार टिंकू |
| लोहरदगा ग्रामीण | -पशुपति नाथ पारस |

### सीठीयो मुखिया दर्जनों समर्थको के साथ भाजपा में शामिल

सीठीयो मुखिया शोभा देवी ने सोमवार को अपने दर्जनों समर्थको के साथ जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में भाजपा में शामिल हुई।जिन्हें जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह व जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने पार्टी का पट्टा पहना कर व पुष्पगुच्छ दे कर भाजपा में शामिल किया।मौके पर सुनीता सिंह ने कहा कि पार्टी में मातृशक्ति के आने से भाजपा और मजबूत होगी।

### कार्यकर्ताओ के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया

पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में शोक सभा का आयोजन कर पूर्व कार्यकताओ के निधन पर श्रन्द्धजली देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।एवम ईश्वर से प्रार्थना की गई। मरनेवालों में हनहट निवासी युवा कार्यकर्ता नितेश कुमार सिंह,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कैरो रूपं उराँव,ओ बी सी मोर्चा के जिला महामंत्री परमानंद प्रसाद,पूर्व जिला महामंत्रि ददन वर्मा,कुंदो पंचायत अध्यक्ष भरतु बैठा,प्रखंड मंत्री लखन लोहरा,पूर्व जिला संघ चालक जुगलकिशोर पोदार,एवम सुनील सिंह शामिल है।

## माँ बेटा लापता, पति ने कराया थाना में सनहा दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा चंदवा से महिला बेटा के साथ हुई लापता पति चिंतित हो सेन्हा थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदवा गांव से बीते माह 18 अगस्त 2024 को बसंती देवी अपने घर में बिना बताए 7 वर्षीय बच्चा के साथ गुस्सा में निकली थी जिसका कोई सुराग नही मिलने पर



चंदवा निवासी संजय खेरवार ने जानकारी देते हुए सेन्हा थाना में पत्नी व पुत्र का लापता होने का सनहा दर्ज कर सकुशल बरामद करने का प्रशासन से गुहार लगया है। वही संजय खेरवार ने बताया कि हम 17 अगस्त को देर रात अपने रिश्तेदार के घर हुड़मुड से लौटे तो घर मे पत्नी बसंती देवी को नही देखने पर अन्य सदस्यों से पूछताछ किया तो पता चला कि हुड़मुड से घर नही लौटी है। जबकि घर आने के लिये वह पहले ही हुड़मुड़ से निकली थी। जब 18 अगस्त को घर पहुंची तो पति ने फटकार लगाते हुए डांट दबाव किया जिसे गुस्से में पति के अनुपस्थिति में 7 वर्षीय बच्चे के साथ बिना बताए घर से निकल कर कही चली गई। जब पति घर आया तो पत्नी और बच्चे को नही देखने पर अपने स्तर से खोजबीन करने लगा और सभी रिस्तेदारों में पता किया तो पत्नी एवं बच्चे का कहीं पता नही चला जिसके बाद वह 1 सितम्बर 2024 को सेन्हा थाना में लिखित सूचना देते हुए सनहा दर्ज करने का प्रशासन से अनुरोध किया है।

### न्यायालय के आदेश पर फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सेन्हा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा चोरी कांड में संलिप्त वारंटी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे जी आर नम्बर 505/17 के आलोक में सेन्हा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा ग्राम निवासी मनेश्वर उराँव का 24 वर्षीय पुत्र कार्तिक उराँव चोरी मामला में फरार चल रहा था। जिसे व्यवहार न्यायालय से वारंटी के विरुद्ध वारंट जारी होने के पश्चात सेन्हा पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर लोहरदगा कारागार भेज दिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि लोहरदगा व्यवहार न्यायालय के आदेशानुसार जी आर नम्बर 505/17 के आलोक में लंबे समय से फरार वारंटी कार्तिक उराँव के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई कर गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना पर फरार वारंटी कार्तिक उराँव को झखरा ग्राम स्थित मकान में होने की सूचना प्राप्त हुआ था।

## नगर परिषद सहित 6 पंचायत में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत आज सोमवार को शिविर का तीसरा दिन रहा जिसमे कुल 6 पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित हुए। मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के निदेश पर सरकार की योजनाओं का लाभ इन शिविरों में दिया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत जिन योजनाओं के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जा रहे हैं उनमें झारखण्ड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना,अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना,अबुआ आवास योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना,बिरसा हरित ग्राम



योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,हरा राशन कार्ड,बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शिविर में सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, सामुदायिक वन पट्टा/व्यक्तिगत वन पट्टा के भी आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, साइकिल क्रय हेतु राशि का चेक, धोती/साड़ी/लुंगी, राजस्व अभिलेखों में संशोधन से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरण किये जा रहे हैं। आज सोमवार को÷आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर का आयोजन को सेन्हा प्रखण्ड के तोड़ार पंचायत स्थित सेरेंगहातू ईट भट्ठा के समीप मैदान,सदर प्रखण्ड लोहरदगा में हेसल पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसल, किस्को प्रखण्ड में बगड़ू पंचायत के खेल मैदान बगड़ू जामुनटोली, भण्डरा प्रखण्ड में भण्डरा पंचायत स्थित बाजारटांड़, पेशरार प्रखण्ड में तुईमु पंचायत केमन्हेपाट और कुडू प्रखण्ड के बड़कीचांपी पंचायत के कुंदगढ़ा विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पावरगंज मध्य विद्यालय की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पावरगंज मध्य विद्यालय की बैठक समिति के आजीवन संरक्षक मुनिंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ दुर्गा की पूजा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ करने का निर्णय लिया। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से नंदकिशोर साहु को अध्यक्ष, अखिल चंद्र साहु को सचिव,रमेश कुमार साहू को महामंत्री,गौरव खत्री और रोहन सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 08 सितंबर की बैठक मे कमिटी का विस्तार किया जाएगा। बैठक में इस वर्ष विशाल पंडाल निर्माण, भव्य विद्युत सज्जा के साथ चार दिनी भव्य भंडारे का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुनिंद्र प्रसाद,कनक कुमार,नंदकिशोर साहू,प्रकाश साहु,सुधीर साहू,राजेश साहू,जयधर कुमार,रितेश कुमार(गुड्डा),अवधेश वर्मा,सुशांत वर्मा,राकेश खत्री,रोहन सिंह,गौरव खत्री,रमेश साहु,चन्दन गुप्ता,विशाल लकड़ा,अनिल प्रजापति ,दयानन्द साहू,ऋषभ सोनी,सागर सोनी,गोकुल मित्तल,अखिलेश कुमार,विशाल आनंद आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा जिला कार्यालय में घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ. प्रदेश मंत्री सह कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी घोषणा पत्र में जनता से परामर्श लेकर संकल्प पत्र बनाएगी। विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आज से घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत कर दी है। इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता जिला, प्रखंड और मंडल स्तर तक जाकर युवाओं, महिलाओं, किसान, मजदूर, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक, सहिया दीदी और आम - जनमानस से मिलकर उनकी सलाह लेंगे कि वह कैसा घोषणा पत्र चाहते हैं. इसी को पार्टी अपने संकल्प पत्र में स्थान देगी. हम



जो संकल्प पत्र जारी करते हैं उसी के साथ जनता के बीच जाते हैं और जब जनता का विश्वास जीतकर सरकार बनाते हैं तो उसे पूरा भी करते हैं. कहा कि जनता के बीच जाकर, उनसे सुझाव लेकर उसे घोषणा पत्र में जगह देंगे. पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो ताकि घोषणा पत्र जन भावनाओं के अनुरूप बन सके. उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप पर सुझाव देने के लिए भी 6202750671 नम्बर पर अपना सुझाव दे सकते हैं. जनता के सुझाव पत्र लेने हेतु जिला और मंडल में सुझाव पेटी रहेगा, जिसके माध्यम से भी अपना सुझाव जनता दे सकती हैं। भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश मंत्री सह कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर साहू के साथ जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला महामंत्री दीपक पूरी, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, अनूप केशरी, पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा, कार्यालय मंत्री श्रीलाल साहू, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी रंजन शाह की उपस्थिति में घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की गई ।

### जलडेगा सम्पन्न हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# आपके हक में डाका डालने के लिए विरोधी दलों ने मईया योजना को बंद करवाने के लिए न्यायालय में केस दायर किया है : रावेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा उपस्थित हुए।मौके पर रावेल लकड़ा के हाथों कई परिसंपत्ति का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगे विभिन्न स्टालों का भी निरीक्षण किया और कर्मियों को सभी ग्रामीणों की सुविधानुसार योजनाओं का लाभ देने में सहयोग करने का निर्देश दिया।विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी राज्य सरकार के साथ मिलकर कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए कई काम कर रहें हैं। हमारे झारखंड राज्य को बनाते समय हमारे नेतृत्वकर्ताओं ने राज्य और राज्यवासियों के विकास का जो सपना देखा था, उन सपनों को साकार करते हुए कोलेबिरा विधानसभा को सतत विकास की ओर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक द्वारा क्षेत्र के विकास में यहां के सभी वर्गों को ध्यान में रखा जा रहा है।सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।सरकार की इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा संचालित कई जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ आप



सभी अवश्य लें।जहां पहले जिले और प्रखंड के सभी पदाधिकारी जिला तथा प्रखंड मुख्यालय में ही बैठते थे।ग्रामीणों को ही मुख्यालय आना पड़ता था।सुदूर ग्रामीण इलाकों में कोई पदाधिकारी नहीं जाता था, वहां आज पदाधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं को आपके घर के दरवाजे तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लोगों को मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के अंतर्गत सभी बहनों, बेटियों को 12000/- सालाना दिया जा रहा है, बृद्धा पेंसन 60 वर्ष की जगह 50 वर्ष में ही सालाना 12000/- रुपये दिया जा रहा है,कृषि ऋण दो लाख तक मांफ किया गया है,200 यूनिट तक बिजली बिल की मांफी योजना का लाभ दिया जा रहा है, पुराना पुरा बकाया बिजली बिल मांफ कर दिया गया है जैसे अनगिनत लोक एवं हितकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं रावेल लकड़ा ने बिरोधी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मइया योजना के तहत जो सम्मान राशि माताओं,बहनों, बेटियों को दिया जा रहा है।विरोधी दलों को ये पच नही रहा है, इसीलिए इस योजना को बंद करवाने के लिए इन समजबिरोधी लोगों ने माननीय न्यायालय में एक केस दायर किया है।ये नही चाहते कि हमारी माताओं, बहनों को सम्मानजनक जीवन जीने में मददगार कुछ सम्मान राशि भी ना मिले।ये विरोधी दल के ईस कारतूत ने ये पूरी तरह से जाहिर कर दिया है कि ये महिलाविरोधी हैं।इसबार के आगामी चुनाव में इस राज्य की आधी आबादी भी अपने हक और अधिकार में डाका डालने वाले को मांफ नही करेगी और वैसे तत्व बुरी तरह से मुंह की खाएंगे।मौके पर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो,15 सुत्री जिला सदस्य सह प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस सचिव जमीर खान,जलडेगा प्रमुख जुसफ़ लुगुन, उप प्रमुख जलडेगा , पंचायत समिति कुटुंगिया सबनम जोजो,जिला कल्याण पदाधिकरी ,अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव जमीर हसन, पंचायत अध्यक्ष सुनील सुरीन, प्रखंड सचिव रहीम खान, घुटबहार पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, राजाबासा पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो,कमरुद्दीन खान सहित विभाग के कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मंच को चुनावी मंच ना बनाएं प्रशासन : एनोस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को राजनीतिक मंच नहीं बनाया जाए, सरकारी कार्यक्रम से पार्टी विशेष का प्रचार प्रसार नहीं होना चाहिए। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने सिमडेगा जिला में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सत्ताधारी दलों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि सरकारी मंच में जाकर सत्ताधारी दल के नेता चुनावी भाषण दे रहे हैं, जो न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी जाए ग्रामीणों को उसका लाभ दिया जाए इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन किसी विशेष राजनीतिक पार्टी के नेताओं को ही मंच देकर भाषण दिलवाना कहीं ना कहीं



प्रशासन की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यक्रम सभी के लिए होता है कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों का आमंत्रित करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। एनोस एक्का ने कहा कि प्रशासन इस ओर ध्यान दें और सरकारी मंच को चुनावी मंच ना बनने दे, नहीं तो झारखंड पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। एनोस एक्का ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दरकिनार करने और सम्मान नहीं दिए जाने की भी बात कही।

पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को भी सिर्फ कोरम पूरा करने वाला बताया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो चुका है, जिसमें ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित हजारों आवेदन समर्पित किए गए थे। लेकिन अब तक आवेदन पर कुछ सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार झूठा आंकड़ा पेश करके अपना पीठ थपथपाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में दिए गए आवेदन और उस पर हुई कार्यवाही को सरकार सार्वजनिक करें ताकि जनता भी अपने आवेदनों पर किए गए कार्रवाई के संबंध में जान सके।




## चलते चलते एक नजर

### अंबेडकर चौक के सौंदर्यीकरण से बढ़ेगी आम जनता की सुविधा : गरिमा



**बेतिया (बिहार)** : महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के केआर प्लस और संत जेवियर हायर सेकंडरी स्कूल में आने में हजारों छात्र छात्राओं को रोज की परेशानी का निदान कर दिया गया है। इसके लिए वर्षों से संकीर्ण बने अंबेडकर चौक का विस्तार और सौंदर्यीकरण से संबंधित नगर निगम बोर्ड से स्वीकृत कुल 13.59 लाख लागत वाली एक योजना शुरू कर दी गई है। उक्त योजना का निरीक्षण करने के बाद महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना के पूरी होने के साथ ही बसवारिया के अम्बेडकर चौक पर ही संचालित में अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री शिफ्ट की जा रही है। इसके अलावे केआर प्लस टू स्कूल की भी चहारदिवारी को भी कुछ पीछे शिफ्ट करके चौक के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण करते हुए पीसीसी रोड बनाने की योजना स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही अंबेडकर की मूर्ति के चबूतरा और सीढ़ी पर टाइल्स लगाया जायेगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि जल निकासी और सौंदर्यीकरण के साथ अंबेडकर चौक के विस्तार की योजना पूरी होने से दोनों मुख्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ बसवारिया अंबेडकर चौक के अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी आना जाना सुगम हो जायेगा। मौके पर कनीय अभियंता सुजय सुमन, वार्ड पार्षद दीपक कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### पूजा पंडाल श्रमिकों को डेंगु मलेरिया से बचाव को लेकर की अपील

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला दुर्गा पूजा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित ने आगामी दुर्गा पूजा व अन्य महोत्सव को लेकर स्थानीय जिला प्रसाशन से अपील किया है कि शहर में दुर्गा पूजा का उत्सव जोर शोर से आयोजित किया जाता है, ऐसे में वर्तमान समय में डेंगु व मलेरिया का फैलाव शहर चारों ओर है. ऐसे विषम समय को नज़र अंदाज़ नहीं करते और देखते हुए स्थानीय जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि मुख्यत कई आयोजन समिति के खूंटी पूजन का कार्य सम्पन्न हुआ है एवं बाहर से पंडाल निर्मित हेतु श्रमिक पूजा पंडाल परिसर में ही निवास करते हुए दिन रात पंडाल साज सज्जा का निर्माण कार्य करते है. ऐसे मे श्रमिकों के स्वास्थ्य व बचाव हेतु रांचीनिगम क्षेत्र मे आवश्यक कार्यवाही करते हुए, केमिकल का छिड़काव, स्प्रे व ब्लीचिंग अन्य साफ सफाई मे पूर्व सहयोग मिलने से रांची के दुर्गा पूजा आयोजन समिति एवं जनहित सेवा कार्य मे अपार सहयोग मिलता. विदित हो की लाखों श्रधालु दुर्गा पूजा आयोजन मे शामिल होकर इस आयोजन को दर्शन करते हैं, साथ ही रांची में दुर्गापूजा भव्य ,कलात्मक व रचनात्मक कार्यों के लिए जाना जाता हैं. प्रत्येक वर्ष प्रशासन का भरपूर सहयोग मिलता है, अशोक पुरोहित ने अपील किया है।

## कोई काम नहीं रहेगा अधूरा, ये है मेरा वादा : मंत्री मिथिलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ रूपये की लागत से करीब 14 किमी लंबी छह प्रमुख सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र कितासोती कला में टेगारी टांड़ टोला से तेनवर खेल मैदान तक भाया कितासोती बाजार चौक पथ 3 करोड़ 72 लाख 46 हजार 300 रूपये की लागत से 3.45 किमी, रंका प्रखंड में रंका-सेवाडीह मुख्य पथ से रंका खूर्द होते हुए चिनियां मुख्य पथ तक 2 करोड़ 6 लाख 43 हजार 900 रूपये की लागत से 1.86 किमी, सेवाडीह मुख्य पथ से उरांव टोला होते हुए मझिगावां तक 4 करोड़ 68 लाख 86 हजार 300 रूपये की लागत से 4.3 किमी, ग्राम पिंडरा में दिनेश सिंह के घर से आंगनबाड़ी होते हुए मुख्य पथ तक 1 करोड़ 11 लाख 56 हजार 500 रूपये की लागत से 1.1 किमी, रमकंडा प्रखंड में रमकंडा-रक्सी मुख्य पथ विनय सिंह के घर से नन्हक साव के घर होते हुए रमकंडा-भंडरिया पीडब्लयूडी पथ तक 1 करोड़ 32 लाख 25 हजार 800 रूपये की लागत से 1.4 किमी तथा चिनियां प्रखंड में रंका-चिनियां-कदवा पीडब्लयूडी पथ बॉस मोड़ से चौधरी टोला एवं भुईयां टोला तक 1 करोड़ 60 लाख 52 हजार 600 रूपये की लागत से 1.5 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा।मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सड़कें अतिमहत्वपूर्ण हैं। इन सड़कों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

## बैरगनिया नगर परिषद के विरुद्ध फूटा गुस्सा, सड़क पर उतरे लोग

एजेंसी

**बैरगनिया (सीतामढ़ी)** : नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 बाबा लाल दास मठ रोड के लोगों ने करीब 2 दिन पूर्व नगर परिषद के सभापति को पत्र लिखकर कहा है कि बाबा लाल दास मठ रोड करीब 5 वर्षों से जर्जर स्थिति में है। यहां जल जमाव एवं कीचड़ हो जाता है। जिसके कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। अगर सड़क को चलने लायक नहीं बनाया गया तो बाध्य होकर सड़क जाम किया जाएगा। वहीं वार्ड नंबर 13 के वार्ड पार्षद गुड्डी कुमारी ने भी सभापति को पत्र लिखकर कहा है कि उक्त सड़क बिल्कुल जर्जर हो गया है। प्रतिदिन पैदल सवारी एवं बाइक सवार का कीचड़ में गिरना आम बात हो गया है। वही इस सड़क के नहीं बनने के कारण क्षेत्र के लोगों से पुणे प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। वार्ड पार्षद ने सभापति से कहा है कि जल्द से जल्द बाबा लाल दास मठ रोड का नाली एवं सड़क निर्माण विभागीय स्तर से कर दिया जाए। सोमवार को इस क्षेत्र के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़क पर उतरकर नगर परिषद, सभापति एवं वार्ड पार्षद के विरुद्ध बोलने पर उतारू हो गये।



## पलामू पहुंचे मरांडी,पार्टी नेताओं ने किया जोरदार स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं मंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम का आगमन निलाम्बर पिताम्बरपुर में स्थित पुलिस जैप 8 के ग्राउंड में हेलीकॉप्टर के द्वारा हुआ। जहां मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, चतरा सांसद सह पलामू जिला प्रभारी कालीचरण सिंह, पांकी के विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लातेहार के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रिय रंजन, लाला यादव एवं बच्चन ठाकुर ने बुके देकर स्वागत किया। विदित हो कि बाबूलाल मरांडी भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने आए हुए हैं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश वर्मा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के पलामू में आगमन से यहां के पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को एक नया जोश का अनुभव होता है।

## अंधेर नगरी चौपट राजा : अरुणा शंकर

200 यूनिट बिजली फ्री पर बिजली नदारत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार के बिजली विभाग पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि एक तरफ सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री कर रही है। दूसरी और जले ट्रांसफार्मर कई गांव में महीनो से बदले नहीं जा रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि यह तो जनता को बेवकूफ बनाने वाली बात है। जब कई गांव में बिजली नहीं मिल रहा तो बिजली फ्री का क्या फायदा जनता को मिलेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि रामगढ़, औरनार, चैनपुर के ग्रामीण इलाके एवं कई ग्रामीण क्षेत्र में लोग 2/2 महीना से ट्रांसफर जलने के कारण अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। इस संबंध में जब जीएम एवम एक्सक्यूटिव इंजीनियर से बात किया तो वह ट्रांसफार्मर देने में असमर्थता जता रहे हैं। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर यही स्थिति रहा तो सभी गांव वालों को लेकर मैं बिजली ऑफिस में धरना पर बैठूंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि पूर्व सीएम रघुवर दास के समय नई नई कई ट्रांसफार्मर पड़े रहते थे। कभी भी ट्रांसफार्मर का दिक्कत नहीं हुआ। फिर अब ऐसा क्या हो गया5 जो सरकार मूलभूत सुविधा बिजली हेतु ट्रांसफार्मर नहीं दे पा रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि इसी को कहते हैं ़ अंधेर नगरी चौपट राजा। प्रथम महापौर दो-तीन दिन पूर्व विद्युत नियामक आयोग द्वारा फिर से एक बार विद्युत दर बढ़ाने का पहल शुरू करने पर कहा कि सरकार ने उपभोक्ताओं को बिना बिजली दिए सिर्फ बिजली दर बढ़ढ़कर अपने लॉस की भरपाई करना चाहती है। सरकार को कोई मतलब नहीं है। जिले में बिजली कितने घंटे मिल रही है या बिजली की क्वालिटी क्या है ? सब कोई देख रहे हैं और जान रहे हैं।

## डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन



* फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व मेंटल मैथ्स में बच्चो ने दिखाया दम, पाया इनाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : सुदना स्थित डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल ने अपनी वार्षिक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और मेंटल मैथ्स के पुरस्कारों के वितरण के साथ एक रंगीन और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में में प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा एक तक के छोटे बच्चों ने अपने अनोखे परिधानों और रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया। यह जीवंत और रंगीन आयोजन स्कूल के प्रांगण में आयोजित हुआ। स्कूल के चेयरमैन ई. विनय कुमार मेहता एवं प्रधानाचार्या, डॉ. श्वेता कुमारी ने इस शानदार आयोजन का उद्घाटन किया और बच्चों की कल्पनाशीलता और मेहनत की तारीफ की। उन्होंने कहा,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बच्चों को अपनी रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह आयोजन हमारे छोटे बच्चों के बड़े सपनों और क्षमताओं को उजागर करने में सफल रहा है। आयोजन ने सभी दर्शकों को आनंदित किया। यह आयोजन स्कूल के प्रांगण में एक अद्वितीय रंगीन माहौल में आयोजित हुआ।

**फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हर्षित राज,श्यामा प्रिया व श्रीनिका रहे टॉपर:** प्रतियोगिता के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विशेष रूप से पहले स्थान पर हर्षित राज,श्यामा प्रिया और श्रीनिका को सर्वश्रेष्ठ फैंसी ड्रेस के पुरस्कार से नवाजा गया। जबकि दूसरे स्थान पर अद्विक शौय,यश्वी प्रिया,सृष्टि सिंह और तीसरे स्थान पर सक्षम अग्रवाल,लाडली लक्ष्मी,प्राप्ति दुबे, सौम्या सिंह और रिद्धिमा रहे।

**मेंटल मैथ्स में टॉपरों को मिला पुरस्कार:** इसके अतिरिक्त मेंटल मैथ्स की उत्कृष्टता के लिए पुरस्कारों की घोषणा भी की गई। वर्ग एक में पहले स्थान पर मुस्कान भारती, सुशांत राज सिंह, आराध्या निधि, दूसरे स्थान पर आरव कुमार विश्वकर्मा, आदित्य आनंद तथा तीसरे स्थान पर आर्या सिन्हा, करण कुमार, आयुष्मान मेहता, परी कुमारी, अंशिका कुमारी को सम्मानित किया गया। यूकेजी वर्ग में, पहले स्थान पर तेजस कुमार, वैष्णवी सोनी, ऋषिका कुमारी, और सूर्यांश वर्मा को सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर रुद्र सिन्हा और तन्मय राज को तथा तीसरे स्थान पर आयुष प्रकाश, आदर्श त्रिपाठी और अनु सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

**सबकी रही उपस्थिति:** डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल, मेदिनीनगर, सुदना, पलामू एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के रूप में जाना जाता है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह स्कूल हमेशा बच्चों को एक सहायक और प्रोत्साहक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक और शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सतर्कता जागरूकता का प्रचार-प्रसार

**रांची** : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिनांक 02 सितंबर 2024 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल कार्यालय द्वारा रांची शहर के चेशायर होम में सतर्कता जागरूकता कैंप लगाया गया । अजय कुमार सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उपस्थित लोगों को सतर्कता जागरूकता के बारे में विस्तार से बताया । कार्यक्रम के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा चेशायर होम ( गैर सरकारी संस्था ) रांची को सहयोगगर्रा वाशिंग मशीन ( 16 केजी एलजी) सप्रेम भेंट किया ।

## तारीख पर तारीख की संस्कृति बदलने की जरूरत : राष्ट्रपति



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अदालतों में तारीख पर तारीख संस्कृति को बदलने की जरूरत पर बल दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति बदलने के प्रयास करने की जरूरत है। वहीं, मेघवाल ने न्याय व्यवस्था में तारीख पर तारीख की सामान्य धारणा को तोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया ताकि न्यायपालिका के प्रति नागरिकों का विश्वास मजबूत हो सके। भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### स्थगन की संस्कृति को बदलना होगा : राष्ट्रपति

उन्होंने कहा कि इसलिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने की जरूरत है। न्याय की रक्षा देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन करने का सुझाव दिया। साथ ही महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। राष्ट्रपति ने दोहराया कि देश के हर न्यायाधीश को लोग भगवान मानते हैं, इसलिए हर न्यायाधीश व न्यायिक अधिकारी का नैतिक दायित्व है कि वे धर्म, सत्य एवं न्याय का सम्मान करें।

## पलामू में भाजपा को दिख रहा है बड़ी हार :राजेंद्र सिन्हा



*अमर बाउरी के बयान को झामुमो ने बताया राजनीति से प्रेरित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के पलामू दौरे और उनके बयान के बाद झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा, ये लोग बांटने तोड़ने की राजनीति करते हैं, अमर बाउरी का बयान सरकार को बदनाम करने के लिए दिया गया है। झारखंड का हितैषी कौन है, जनता सब जानती और समझती है। अब ये लोग किसी तरह से समाज में जहर घोलना चाहते हैं। श्री सिन्हा ने इस घटना को भाजपा पर राजनीतिक मोड़ देने का नाम देते हुए कहा कि पलामू में भाजपा को हार दिख रही है। इसी वजह ये लोग पलामू में आ कर यहां के लोगों को भड़काने में लगे हैं। पलामू के होनहार युवक की मौत ने हम सबों को झकझोर कर रख दिया है। परंतु भाजपा को किसी नौजवान की मृत्यु में भी राजनीति नजर आ रही है। परिवार और पार्टी तोड़ते तोड़ते इनकी संवेदना मर चुकी है। झामुमो झारखंड के नौजवानों, गरीबों दलितों के साथ है। इनका दुख हमारा दुख है। भाजपा 2 करोड़ नौकरी देने के नाम पर सत्ता में आई थी। आज नौजवान जानना चाहते हैं की कहां है 22 करोड़ नौकरी। मईया सम्मान योजना से डरी हुई भाजपा आज समाज को बांटने और तोड़ने में लगी है। बहाली के लिए दौड़ का नियम काफी पुराना है। पलामू के नौजवान की मृत्यु बहुत ही दुखद है। सीएम हेमंत सोरेन काफी संवेदनशील हैं और इसकी एक उच्च स्तरीय जांच हो रही है। नेता प्रतिपक्ष और भाजपा की गंदी राजनीति पलामू में नहीं चलने वाली है। इस मौके पर सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, वरिष्ठ नेता विनय सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक मौजूद थे।

## झारखंड सरकार अलापंख्यको के मुद्दे पर गंभीर नहीं : आबिद

**रांची** : झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने आगामी विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को आबादी के अनुपात में भागीदारी देने की मांग कांग्रेस झामुमो राजद व अन्य दलों से की है। श्री अली ने कहा के गत विधान सभा चुनाव में मोमिन कॉन्फ्रेंस ने महा गठबंधन को समर्थन किया था लेकिन महा गठबंधन सरकार की उपेक्षा एवं अधिकारियों की अनदेखी के कारण राज्य के अल्पसंख्यक आर्थिक,सामाजिक ,शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से काफी पिछड़ गए हैं। झारखंड राज्य में अल्पसंख्यकों की आबादी 16त्न से अधिक है लेकिन विधानसभा लोकसभा राज्यसभा में हमारी भागीदारी बहुत कम है या नगरण है। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा ,राजद में मोमिन कॉन्फ्रेंस से जुड़े अल्पसंख्यक नेताओं को संगठन एवं चुनाव में उचित भागीदारी दें।

## आजसू नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू ने लगाया आरोप



चुनावी वादे को हेमंत सरकार ने नहीं किया पूरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : हेमंत सरकार ने चुनाव पूर्व किए अपने एक भी वायदे को पूरा नहीं किया। युवाओं को नौकरी का सब्जबाग दिखाया, न नौकरी दिया न ही भत्ता। साथ ही पलामू को उप राजधानी बनाने के वायदे से भी मुकर गए। ऐसे में झारखंड के युवाओं को एक होकर आजसू पार्टी का समर्थन कर विधानसभा चुनाव में जित दिलाना होगा । आजसू पार्टी ही युवाओं के भविष्य का निर्माण कर सकती है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे सोमवार को कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देशानुसार डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में जन जागरण सह पदयात्रा कार्यक्रम की शुरुआत करने के क्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत चैनपुर से कीइसके पश्चात पदयात्रा कंकारी,चांदो, बसरिया, अवसाने व रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खूर्द व खुटार में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोग जनप्रतिनिधि बनकर जनता का विकास करना भूल जाते हैं। अब तक के जितने भी जनप्रतिनिधि हुए सभी में इच्छा शक्ति की कमी रही। मूलभूत समस्याओं का निदान तक नहीं हुआ है, समस्या जस की तस बनी हुई है। युवाओं, किसानों व मेहनतकश मजदूरों को कोई लाभ नहीं मिला है। विभागों में लाखों पद रिक्त है लेकिन युवाओं की बहाली नहीं हो रही है। पार्टी के जिला सचिव सतीश तिवारी ने राज्य सरकार के वादा खिलाफी पर जमकर बरसे। उन्होंने युवाओं से झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। जिला संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद ने हेमंत सरकार के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आडे हाथ लिया। कहा कि ये सभी जन विरोधी हैं। कार्यक्रम में सुरेश सिंह, अख्तर अली, झुनू बैठा, सुजीत तिवारी, प्रमोद प्रजापति, राजीव पांडे, सुदेश्वर मेहता, भुनेश्वर प्रजापति, ओम प्रकाश सिंह, दीपक प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, जुनैद अहमद, शिव शंकर यादव, गुलाम अख्तर, संजय साव, तथा रामगढ़ प्रखंड के अशोक पासवान, महावीर साव, संतोष दुबे आदि शामिल थे।